सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 26.6 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,410 |
| निफ्टी | 24,168 |
| सोना | 1,49,000 |
| चांदी | 2,44,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 19 जून 2026 | 5 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 171, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पूर्व पीएम के बेटे के साथ 7.8 करोड़ की साइबर ठगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के बेटे और पूर्व सांसद नरेश गुजराल के साथ करोड़ों रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने वॉट्सऐप पर उनकी पहचान का इस्तेमाल कर उनके कर्मचारी को झांसा दिया और करीब 7.8 करोड़ रुपए एक खाते में ट्रांसफर करा लिए। मामले की शिकायत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ठगी की गई रकम में से करीब 4 करोड़ रुपए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फ्रीज करा दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र सरकार बोली-टेलीग्राम बन रहा नया डार्क वेब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र सरकार ने गंभीर चिंता जताई है। परीक्षा पेपर लीक जैसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई के दौरान अदालत ने टेलीग्राम से पूछा कि अवैध सामग्री के तेजी से प्रसार को रोकने के लिए उसके पास रियल-टाइम मॉनिटरिंग की क्या व्यवस्था है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि एनटीए के इनपुट संकेत देते हैं कि प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग किसी एक घटना तक सीमित नहीं, बल्कि एक बड़े पैटर्न का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि टेलीग्राम का तकनीकी ढांचा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से अलग है, जहां बड़ी संख्या में बॉट्स के जरिए सामग्री तेजी से फैलाई जा सकती है। मेहता ने टेलीग्राम को 'नया डार्क वेब' बताते हुए कहा कि इस कारण गलत सूचनाओं और गैर-कानूनी सामग्री पर नियंत्रण चुनौतीपूर्ण हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

### ईपीएफओ पर 8.25% ब्याज दर की मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) जमा पर वित्त वर्ष 26 के लिए 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में योगदान देने वाले 7 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स को फायदा होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईपीएफओ की निर्णय लेने वाली इकाई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्ट (सीबीटी) द्वारा 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर को वित्त मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। ईपीएफ पर ब्याज दर इस महीने के आखिर में क्रेडिट हो सकती है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता वाली सीबीटी ने 2 मार्च, 2026 को वित्त वर्ष 2026 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया था। (अनंत ज्ञान)

### तटरक्षक बेड़े में शामिल हुआ पहला स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री क्षमता को मजबूती देते हुए देश का पहला स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल (एसीवी) वीरवार को बेड़े में शामिल किया गया। गोवा में आयोजित समारोह में तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों और शिपबिल्डिंग उद्योग के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि भारत में डिजाइन और निर्मित यह एसीवी 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह देश की बढ़ती समुद्री औद्योगिक क्षमता और स्वदेशी रक्षा निर्माण को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री ने कांगड़ा में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उप-प्रधानों को दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने धर्मशाला के दाड़ी मैदान में कांगड़ा जिला के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उपप्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने और नशे के खिलाफ चल रहे जन आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण और मजबूत इकाई हैं, जो गांवों में विकास की असली धुरी हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सरकार और जनता के बीच सबसे अहम कड़ी हैं, जिनकी जिम्मेदारी है कि वे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ पहुंचाएं। उन्होंने सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन' के संकल्प के साथ हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

वित्तीय अनुशासन और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के माध्यम से सरकार ने हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अधिकारों की मजबूती से पैरवी की जा रही है, जिसमें ग्रीन बोनस, राजस्व घाटा अनुदान, शानन परियोजना और अन्य महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 422 मेगावाट क्षमता वाली किशाऊ बांध परियोजना में राज्य को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से हिमाचल को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ यूनिट बिजली प्राप्त होगी, जिससे राज्य की ऊर्जा स्थिति मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने कड़छम-वांगतू जलविद्युत परियोजना और वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल मामले में प्राप्त कानूनी सफलताओं का भी उल्लेख किया, जिससे राज्य के राजस्व में वृद्धि हुई है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दूध के समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। गाय के दूध का मूल्य 32 रुपये से बढ़ाकर 61 रुपये और भैंस के दूध का मूल्य 47 रुपए से बढ़ाकर 71 रुपये प्रति लीटर किया गया है। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए कच्ची हल्दी, गेहूं, मक्का, जौ और अदरक जैसे उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। 'हिम' ब्रांड के माध्यम से इन उत्पादों की ब्रांडिंग की जा रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पुलिस विभाग में 800 पदों पर कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके साथ ही मनरेगा की दिहाड़ी में वृद्धि कर इसे 320 रुपए प्रतिदिन किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

### कहा-हिमाचल के अधिकारों की लड़ाई रहेगी जारी, अगले 5 वर्षों में प्रदेश बनेगा आत्मनिर्भर



धर्मशाला के दाड़ी मैदान में पंचायत प्रधानों-उपप्रधानों को शपथ दिलाते सीएम सुक्खू।

### कांगड़ा बनेगा पर्यटन राजधानी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि नशा, विशेषकर चिट्टा, प्रदेश के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। इसके खिलाफ 'एंटी-चिट्टा जन आंदोलन' चलाया जा रहा है, जिसमें पंचायतों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि 234 पंचायतों को चिट्टा प्रभावित श्रेणी में चिन्हित कर विशेष निगरानी रखी जा रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम शिक्षा शुरू की गई है और 150 सीबीएसई स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में 213.75 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक उपकरण और डिजिटल सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है और कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण प्रभावितों को लगभग 2,500 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया गया है। आपदा प्रभावित परिवारों के लिए राहत राशि बढ़ाकर 8 लाख रुपए कर दी गई है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री चंद्र कुमार, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, कई विधायक, सांसद और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईरान के सामने ट्रंप का 'सरेंडर'

## अमेरिका-ईरान जंग खत्म, तय तारीख से एक दिन पहले हुआ समझौता

**एजेंसी, तेल अवीव/वॉशिंगटन**

अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े एमओयू पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे।

डील पर दस्तखत करने के बाद ट्रम्प वर्साय पैलेस से बाहर आए। इस दौरान किसी रिपोर्टर ने उनसे पीस डील को लेकर पूछा, तो उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, 'डील साइन हो गई है।'

ट्रंप के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक वीरवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इस समझौते के तहत ईरान और लेबनान में मिलिट्री एक्शन खत्म किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोला जाएगा और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी खत्म की जाएगी। इस समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इस पर दस्तखत कर दिए गए। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, वीरवार को दक्षिणी लेबनान में इसराइल के हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई।

एजेंसी ने बताया कि कफर तेबनित कस्बे में एक कार को निशाना बनाकर किए गए इसराइली ड्रोन हमले में दो लोगों की जान गई। इससे पहले एक व्यक्ति के मारे जाने की खबर दी गई थी। इसके अलावा, जेबदिन कस्बे पर हुए एक अन्य इसराइली हमले में एक और व्यक्ति की मौत हो गई।

लेबनान की सरकारी एजेंसी के अनुसार, 2 मार्च से अब तक इजराइली हमलों में 3,900 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें सैकड़ों बच्चे, महिलाएं, स्वास्थ्यकर्मी और राहतकर्मी शामिल हैं। हजारों लोग घायल हुए हैं और बड़ी संख्या में लोगों को अपने घर छोड़कर दूसरे इलाकों में जाना पड़ा है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अमेरिका के साथ हुए समझौते को ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह दुनिया के लिए एक मजबूत ईरान का संदेश है।



### दोनों प्रेजिडेंट ने किए हस्ताक्षर ट्रंप चिल्लाकर बोले-डील साइन

पजशकियान ने एक्स पर लिखा कि ईरान वैश्विक शांति, अपनी गरिमा और स्वतंत्रता बनाए रखने के साथ-साथ विकास और क्षेत्रीय सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका-ईरान के अंतिम समझौते को प्रभावित करने की कोशिश में हैं।

इसराइल टाइंस के मुताबिक, वह दक्षिणपंथी मीडिया हस्तियों और इसराइल समर्थक अमेरिकी सांसदों के जरिए राष्ट्रपति ट्रंप पर दबाव बनाना चाहते हैं। इस समझौते पर हस्ताक्षर और 60 दिन की वार्ता शुरू होने के बाद नेतन्याहू ने मार्क लेविन जैसे दक्षिणपंथी मीडिया चेहरों का सहारा लिया है। लेविन ने बुधवार को कहा कि यह समझौता समझ से परे है और ईरान के लिए प्रस्तावित पुनर्निर्माण फंड को 'बेहिसाब खर्च वाला फंड' बताया। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते पर साइन होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही तेज हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# चंबा में बोलेरो खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-मसरूंड मार्ग पर छतरूंड के समीप एक बोलेरो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चुनी लाल (65) पुत्र परस राम, देवी लाल (62) पुत्र परस राम, मोती राम (50) पुत्र राम, बबली देवी (45) पत्नी मोती राम, कुंता देवी (53) पत्नी कर्म सिंह, अनीता कुमारी (20) पुत्री धर्म सिंह, सभी गांव मेहल और मनोहर लाल (34) पुत्र धरो, चालक, गांव टोपड़ा, जिला चंबा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोलेरो (एचपी-01सी-2581) में ग्राम महल पंचायत के सपरोठ गांव के छह लोग, जिनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल थे और वाहन का चालक सवार था। ये सभी लोग काकड़ोथा गांव में आयोजित एक मुंडन संस्कार में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान छतरूंड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। गहरी खाई से सभी सात शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन ने इस भीषण हादसे की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे ने सपरोठ पंचायत में मातम का माहौल बना दिया है।

वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### मुंडन संस्कार से लौट रहे थे गाड़ी में


लोगों के शवों को बाहर निकालते लोग। अनंत ज्ञान

# पेरिस में बोले मोदी-हमारी पार्टनरशिप दोनों देशों की तरक्की के लिए जरूरी

**एजेंसी, पेरिस**

फ्रांस के एवियन में जी-समिट में सफल बैठकों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीरवार सुबह पेरिस पहुंचे। वहां भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें भारत और फ्रांस को एक-दूसरे के करीब लाने में भारतीय समुदाय के प्रयासों पर गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-फ्रांस की साझेदारी हमारी दुनिया की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है।

पीएम मोदी ने पेरिस पहुंचने के बाद अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वे भारतीय नागरिकों से मुलाकात करते हुए दिखाई दिए। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'कुछ ही देर पहले पेरिस पहुंचा, जहां भारतीय समुदाय ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत और फ्रांस को करीब लाने की उनकी कोशिशों पर मुझे गर्व है। भारत-फ्रांस की साझेदारी हमारी दुनिया की तरक्की के लिए बहुत जरुरी है।'

इससे पहले, जी-7 समिट को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'एवियन में जी-7 समिट के दौरान कई अहम बैठकें और बातचीत हुई। मुझे शासन और नीति-निर्माण के प्रमुख क्षेत्रों पर भारत के विचारों और प्रयासों को रखने का अवसर मिला। साथ ही वैश्विक समृद्धि के संदर्भ में ग्लोबल साउथ के साथ मिलकर काम करने की जरुरत पर भी बात रखने का अवसर मिला।' उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, 'अब मैं अपनी फ्रांस यात्रा के आखिरी चरण के लिए पेरिस जाऊंगा। पेरिस में होने वाले कार्यक्रमों में वीवा टेक 2026' में संबोधन और एक कम्युनिटी प्रोग्राम में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत शामिल है।' (अनंत ज्ञान)



### भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने में भारतीय समुदाय के लोगों पर गर्व

# यूक्रेन ने रूस पर दागे 1000 ड्रोन

**एजेंसी, मॉस्को/कीव।** यूक्रेन ने वीरवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र के एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया, यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। ड्रोन का मलबा गिरने से कुछ रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई ऊंची इमारतों को खाली कराया गया। हमले के बाद मॉस्को के हवाई अड्डों पर कुछ समय के लिए उड़ानों पर रोक लगाई गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मॉस्को पर हुए हमले को पिछले हफ्ते कीव पर रूस की कार्रवाई का जवाब बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना ने उन ठिकानों को निशाना बनाया, जो रूस के युद्ध अभियान को सहारा दे रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अब समय आ गया है कि रूस युद्ध खत्म करने के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाए। (अनंत ज्ञान)

### ऑयल डिपो तबाह, एक की मौत



# डेपुटेशन पर अब वेतन बिल के साथ देना होगा कार्यस्थल प्रमाणपत्र : हाईकोर्ट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों की डेपुटेशन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने सभी ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर्स को आदेश दिया है कि वे वेतन बिल के साथ संबंधित कर्मचारी के वास्तविक कार्यस्थल का प्रमाणपत्र संलग्न करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बिना प्रमाणपत्र के वेतन बिल पारित नहीं किया जाएगा और नियमों की अवहेलना होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने जनहित याचिका का निपटारा करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए कि डेपुटेशन पर तैनात कर्मचारियों का पूरा विवरण उनकी सर्विस बुक में दर्ज किया जाए। न्यायालय ने कहा कि डेपुटेशन अवधि को मूल तैनाती अवधि से अलग और स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में तबादलों, पदस्थापनाओं और सेवा लाभों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार का भ्रम या विवाद उत्पन्न न हो।

**डेपुटेशन के खेल पर कोर्ट की कड़ी टिप्पणी:** सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में यह मामला लाया गया कि कुछ विभागों में कर्मचारी एक स्थान पर कार्यरत रहते हैं, जबकि उनका वेतन किसी अन्य कार्यालय से जारी होता है। याचिका में यह भी कहा गया कि शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों में कुछ कर्मचारियों को डेपुटेशन पर समायोजित किया जाता है, लेकिन उसका उल्लेख सर्विस रिकॉर्ड में नहीं किया जाता।

# दुनिया के 13 देशों पर गंभीर भुखमरी का संकट

## यूएन की नई रिपोर्ट ने लाखों लोगों को लेकर जताई चिंता

**एजेंसी, रोम**

रोम में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों एफएओ और डब्ल्यूएफपी ने वैश्विक खाद्य संकट को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जून से नवंबर 2026 के बीच दुनिया के 13 देशों में खाद्य असुरक्षा की स्थिति और बिगड़ सकती है।

इन देशों को 'भुखमरी हॉटस्पॉट' की श्रेणी में रखा गया है, जिनमें सूडान, दक्षिण सूडान, यमन, फिलिस्तीन और नाइजीरिया सबसे अधिक जोखिम वाले देश बताए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन क्षेत्रों में लाखों लोगों के लिए भोजन की भारी कमी, कुपोषण और भुखमरी का खतरा बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में सोमालिया, अफगानिस्तान, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और हैती को भी गंभीर श्रेणी में रखा गया है। वहीं म्यांमार, माली और मेडागास्कर जैसे देशों में भी स्थिति तेजी से खराब होने की आशंका जताई गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन संकटों के पीछे मुख्य कारण लगातार चल रहे संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन और मानवीय सहायता में भारी कमी है। वर्ष 2022 से 2025 के बीच खाद्य सहायता और आपातकालीन पोषण कार्यक्रमों के लिए फंडिंग में लगभग 59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल अंतरराष्ट्रीय मदद नहीं बढ़ाई गई तो लाखों लोग भुखमरी, गंभीर कुपोषण और जीवन संकट का सामना कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रभावित देशों में मौजूदा हालात मानव जीवन के लिए बेहद चिंताजनक हैं और वैश्विक स्तर पर तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)



**लापरवाही** टूटी रेलिंग, बंद ड्रेन और पुल पर डेरा जमाए गोवंश, स्थानीय लोगों ने उठाई मरम्मत की मांग

# बीबीएमबी की अनदेखी से खतरे में हजारों जानें

## धनोटू पुल दे रहा हादसों को न्यौता

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** करोड़ों रुपए का राजस्व अर्जित करने वाले बीबीएमबी प्रशासन की नजर अब तक धनोटू पुल की जर्जर हो चुकी रेलिंग पर नहीं पड़ी है। पुल की रेलिंग कई स्थानों से टूट चुकी है, जिससे यहां किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार समस्या उठाने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यह पुल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से दिन-रात हजारों वाहन गुजरते हैं। पुल पर दिनभर बेसहारा गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है। मक्खियों और गर्मी से बचने के लिए पशु पुल पर बैठे रहते हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

वहीं, स्थानीय निवासी कुलदीप चंदेल ने बताया कि वह बचपन से इस पुल को देखते आ रहे हैं, लेकिन इसकी कभी भी समुचित मरम्मत नहीं की गई। उन्होंने कहा कि टूटी हुई रेलिंग लंबे समय से खतरे का कारण बनी हुई है, लेकिन बीबीएमबी प्रशासन ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई।


धनोटू पुल की टूटी रेलिंग।

### बारिश में पुल पर भर जाता है पानी, निकासी व्यवस्था भी ठप

**स्थानीय** दुकानदारों और बाजार के लोगों ने मांग की है कि पुल की शीघ्र मरम्मत करवाई जाए तथा सुरक्षा के लिए ऊंची लोहे की बाड़ लगाई जाए। उनका कहना है कि नहर किनारे की तरह यहां भी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत है। लोगों ने यह भी बताया कि बारिश होने पर पुल पर पानी जमा हो जाता है। पुल की ड्रेन मिट्टी और मलबे से बंद पड़ी है, जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर पुल की मरम्मत, रेलिंग की मजबूती और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ नागरिकों को बताए उनके अधिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला द्वारा जागृति योजना-2025 के तहत वृद्धाश्रम चौपाल एवं बसंतपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007, विभिन्न पेंशन योजनाओं, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें साइबर अपराध, एटीएम धोखाधड़ी, फर्जी कॉल और डिजिटल बैंकिंग से जुड़े जोखिमों से बचाव के उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं उप सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला उमेश वर्मा ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकरण निरंतर कार्य कर रहा है तथा पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा रही है।

### रेयांश नेगी ने बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर पब्लिक स्कूल नोगली के विद्यार्थियों ने डीसीए राज्य स्तरीय स्तरीय सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10 के छात्र रेयांश नेगी ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है, जो पंजाब में आयोजित होगी। वहीं विद्यालय के छात्र कार्तिक जिप्टा ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज विद्यालय में पदक विजेताओं तथा अन्य प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री कृष्ण ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, साहस, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बिना सफलता संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बी. आर. सक्सेना ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्त्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### दिव्यांगजनों के हितों की सुरक्षा को मिली मजबूती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के तहत गठित स्थानीय स्तरीय समिति (एलएलसी) की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक दिव्यांगता एवं बहु-विकलांगता से ग्रस्त सात दिव्यांगजनों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त करने के नए आवेदनों को मंजूरी प्रदान की गई। उपायुक्त ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, हितों एवं गरिमा की रक्षा करना है तथा उनकी देखभाल, सुरक्षा और संपत्ति प्रबंधन के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है। बैठक में बताया गया कि जिला शिमला में अब तक 108 दिव्यांगजनों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने कहा कि संरक्षक का दायित्व दिव्यांग व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, पुनर्वास, आवास और संपत्ति से जुड़े मामलों की देखभाल करना है तथा सभी निर्णय उसके सर्वोत्तम हित में होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानूनी संरक्षक की नियुक्ति से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी न हो और पात्र दिव्यांगजनों को समयबद्ध लाभ सुनिश्चित किया जाए।

### दो लाख के चेक बाउंस मामले में महिला काबू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र में पुलिस ने दो लाख रुपये के चेक बाउंस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ जिला मंडी के करसोग स्थित अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था, जिसके बाद रामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार यह मामला चेक अनादरण (चेक बाउंस) से जुड़ा है। शिकायतकर्ता जिया लाल की ओर से दायर मामले में न्यायालय एल.डी. जेएमएफसी करसोग ने धारा 138, नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत आरोपी महिला के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। वारंट की तामील के लिए पुलिस थाना रामपुर की टीम ने कार्रवाई करते हुए 17 जून 2026 को आरोपी नीता देवी, पत्नी सीता राम, निवासी गांव डंसा, तहसील रामपुर, जिला शिमला को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# मनीषा हत्याकांड: क्राइम सीन रीक्रिएट

## मास्टरमाइंड तक पहुंचने के लिए पुलिस ने की शूटरों से गहन पूछताछ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** संजौली स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल की संचालिका मनीषा मित्तल हत्याकांड में जांच अब निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों शूटरों को कड़ी सुरक्षा के बीच घटनास्थल पर ले जाकर क्राइम सीन रीक्रिएट किया। इस दौरान वारदात को अंजाम देने की पूरी प्रक्रिया, आरोपियों के आने-जाने के रास्तों और घटनाक्रम के प्रत्येक पहलू की विस्तार से जांच की गई। साथ ही इस कार्रवाई से मामले के पीछे छिपे वास्तविक साजिशकर्ताओं तक पहुंचने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

जानकारी के अनुसार जांच एजेंसियां सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ से मिले इनपुट को आपस में जोड़कर हत्या की साजिश का पूरा नेटवर्क खंगाल रही हैं। हरियाणा के झज्जर निवासी आशीष अहलावत और रोहतक निवासी दीपक से लगातार पूछताछ की जा रही है। मजेदार बात यह है कि दोनों आरोपी कई महत्वपूर्ण सवालों पर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके चलते उनके बयानों का क्रॉस-वैरिफिकेशन किया जा रहा है। पुलिस की जांच फिलहाल कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, व्यक्तिगत रंजिश और आर्थिक विवाद सहित कई संभावित पहलुओं पर केंद्रित है।




अदालत द्वारा दोनों आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे जाने के बाद जांच टीम को कई अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि मामले में जल्द ही बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं और हत्या की साजिश रचने वाले सभी आरोपियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। उधर, स्कूल संचालिका की हत्या के बाद बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित अभिभावकों ने पुलिस अधीक्षक शिमला गौरव सिंह से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग रखी। अभिभावकों को आश्वस्त किया गया कि स्कूल समय के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पुलिस के इस आश्वासन के बाद अभिभावकों में कुछ हद तक विश्वास लौटा है और स्कूल प्रबंधन ने भी शैक्षणिक गतिविधियों को सामान्य करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

**मास्टरमाइंड के बेनकाब होने का इंतजार**

13 जून को दिनदहाड़े स्कूल परिसर के बाहर हुई इस हत्या ने कानून-व्यवस्था और निजी शिक्षण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। अब प्रदेशभर की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं और हर कोई इस बहुचर्चित हत्याकांड के मास्टरमाइंड के बेनकाब होने का इंतजार कर रहा है।

# धरेच-खगना-कांवती सड़क की बदहाली पर उठे सवाल

◆ ठेकेदार पर धनराशि के दुरुपयोग के आरोप, जांच की उठी मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की धरेच-खगना-कांवती पुल सड़क की खस्ताहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। करीब 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़ चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में सड़क की हालत और अधिक दयनीय हो जाती है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क के रखरखाव के लिए लाखों रुपये स्वीकृत होने के बावजूद पिछले कई वर्षों से मरम्मत कार्य नहीं किया गया। पंचायत प्रधान नीरज ठाकुर, उपप्रधान लक्ष्मी सिंह, पूर्व उपप्रधान दिवेश कुमार, हरिचंद शर्मा, ओम प्रकाश, राकेश कुमार, राजेश कुमार, कृष्णा शर्मा और कलावती सहित अन्य ग्रामीणों ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर लगे सूचना पट्ट में वर्ष 2022 से 2027 तक रखरखाव के लिए कुल 41.69 लाख रुपये स्वीकृत दर्शाए गए हैं, जिनमें गड्ढे भरना, नालियों का रखरखाव, झाड़ियों की कटाई, पुलियों की मरम्मत तथा अन्य कार्य शामिल हैं।

इसके बावजूद सड़क की हालत लगातार खराब बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि रखरखाव के नाम पर सरकारी धनराशि का दुरुपयोग हुआ है। वहीं लोक निर्माण विभाग मशोबरा के सहायक अभियंता पंकज शर्मा ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व ठेकेदार द्वारा कुछ मरम्मत कार्य किया गया था, जिसकी भुगतान राशि जारी की गई थी, लेकिन उसके बाद कोई कार्य नहीं हुआ। विभाग की ओर से इस संबंध में ठेकेदार को पत्र भी भेजा गया है।

# कैशियर हत्याकांड: चंडीगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी दो शूटर घायल

## जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तारी के बाद चंडीगढ़ ला रही थी पुलिस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू की दलगांव पंचायत की महिला प्रधान के पति और सेक्टर-11 चंडीगढ़ स्थित मेडिकल स्टोर के कैशियर जानकी दास हत्याकांड में गुरुवार सुबह बड़ा घटनाक्रम सामने आया। जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को चंडीगढ़ लाया जा रहा था, तभी सेक्टर-25 क्षेत्र में पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए, जबकि पुलिस वाहन चालक को भी गर्दन में चोट आई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पुलिस वाहन सेक्टर-25 के जंगल क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आरोप है कि मौके का फायदा उठाकर दोनों आरोपियों ने एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीन ली और भागने का प्रयास किया। आरोपियों की ओर से पुलिस पर फायरिंग किए जाने के बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में दोनों आरोपी घायल हो गए और फरार होने की कोशिश नाकाम हो गई। गौरतलब है कि गत सोमवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित एक मेडिकल स्टोर में घुसकर हमलावरों ने कैशियर जानकी दास की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को नामजद किया है। दो आरोपियों को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।



**परिवार बोला- तीसरे आरोपी की भी जल्द हो गिरफ्तारी**

मुठभेड़ के बाद मृतक जानकी दास के भाई दर्शन दास ने कहा कि परिवार को इस बात का दुख है कि आरोपी जीवित बच गए। उन्होंने पुलिस से मांग की कि हत्या की साजिश और वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाए। परिवार ने कहा कि जानकी दास की हत्या ने पूरे परिवार को गहरा आघात पहुंचाया है और वे मामले में शीघ्र न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

### 19 से 45 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलेगा रोजगार का अवसर

# उपरोजगार कार्यालय मशोबरा में फ्रंट ऑफिस व हाउसकीपिंग के पदों के लिए इंटरव्यू आज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला के सौजन्य से 19 जून को उपरोजगार कार्यालय मशोबरा में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह साक्षात्कार मैरीगोल्ड सरोवर पोर्टिको शिमला में फ्रंट ऑफिस एसोसिएट तथा हाउसकीपिंग एसोसिएट के दो पदों को भरने के लिए आयोजित किया जा रहा है। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी प्रवीन नगराईक ने बताया कि 19 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी इस भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। साक्षात्कार प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, स्नातक अथवा होटल मैनेजमेंट निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं हुआ है, वे ऑथराइज्ड पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 92185-18610 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डॉ. रेड्डीज कंपनी में भरे जाएंगे एसएमटी ट्रेनी के 70 पद, 23 को होगा इंटरव्यू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** डॉ. रेड्डी लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, बद्दी द्वारा एसएमटी ट्रेनी के 70 पदों के लिए आयोजित किया जाने वाला कैंपस साक्षात्कार अब 23 जून को उप रोजगार कार्यालय रामपुर बुशहर में आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी प्रवीण नगराईक ने बताया कि 15 जून को प्रस्तावित यह साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया था। अब पात्र अभ्यर्थियों को 23 जून को प्रातः 10:30 बजे उप रोजगार कार्यालय रामपुर में उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में जारी सभी पात्रता शर्तें एवं चयन मानदंड यथावत रहेंगे। अभ्यर्थियों को अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का एक सेट, दो पासपोर्ट आकार के फोटो, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र, अद्यतन बायोडाटा, क्लिपबोर्ड तथा बॉल पेन साथ लाना अनिवार्य होगा। रोजगार विभाग ने सभी पात्र युवाओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी 88943-38771 एवं 82194-15673 पर संपर्क कर सकते हैं।



◆ अब रामपुर में होगा इंटरव्यू पात्र अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने की अपील

# एससी/एसटी अत्याचार मामलों के त्वरित निपटारे पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बचत भवन शिमला में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक में अधिनियम के तहत दर्ज मामलों, पीड़ितों को दी जा रही राहत एवं पुनर्वास सहायता, लंबित मामलों तथा जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा अत्याचार से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए अधिनियम के सभी प्रावधानों का प्रभावी ढंग से पालन किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 से मई 2026 तक ऐसे 48 मामले लंबित हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि पात्र पीड़ितों को राहत एवं सहायता समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जाए तथा समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

# अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष फोकस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिला शिमला में अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण एवं विकास से जुड़ी योजनाओं की व्यापक समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त सचिन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा हुई। समीक्षा में सामने आया कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेवाओं, पोषण कार्यक्रमों और महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में पात्र परिवारों तक पहुंच रहा है। प्रशासन द्वारा बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में शिक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, उर्दू शिक्षा, मदरसा आधुनिकीकरण तथा छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा संस्थानों और आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं की बढ़ती भागीदारी को सकारात्मक संकेत माना गया। अधिकारियों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी जिला शिमला लगातार आगे बढ़ रहा है। मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम की ऋण योजनाओं के माध्यम से अनेक परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

## चिड़गांव में अफीम के 3591 पौधे बरामद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के तहत चिड़गांव क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के दो मामलों का भंडाफोड़ करते हुए कुल 3,591 अफीम के पौधे बरामद किए हैं। दोनों मामले एक ही दिन सामने आए, जहां गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। मामले के अनुसार 17 जून को थाना चिड़गांव की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को चमराड़ा क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती किए जाने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस टीम ने स्थानीय स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में मौके पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान सेब के पौधों के बीच अवैध रूप से उगाए गए 1,570 अफीम के पौधे बरामद किए गए। इन पौधों पर अफीम के पॉड भी लगे हुए थे। पुलिस ने नियमानुसार कुछ पौधों को नमूने के तौर पर कब्जे में लेकर सील किया, जबकि बाकी पौधों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस मामले में थाना चिड़गांव में मामला दर्ज किया गया है।

# हाथ से मैला उठाने की प्रथा खत्म करने पर है पूरा फोकस : एडीसी

## सुरक्षा मानकों और जन-जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन, प्रतिषेध एवं उनके पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त शिमला सचिन शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिनियम के तहत जिला में किए जा रहे कार्यों, सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई से जुड़े सुरक्षा मानकों तथा हाथ से मैला उठाने की प्रथा के पूर्ण उन्मूलन के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों और स्थानीय निकायों को अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसे कर्मियों को सम्मानजनक जीवन और वैकल्पिक आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए पुनर्वास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान मशीनों एवं सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए तथा श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में बताया गया कि जिला में अब तक 22 जन-जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा सभी उपमंडल स्तर पर सतर्कता एवं प्रबोधन समितियों का गठन किया जा चुका है। अतिरिक्त उपायुक्त ने समाज में इस कुप्रथा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए जन-जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अधिनियम के तहत संचालित गतिविधियों एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

# जनजातीय क्षेत्रों में उपचार की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की जरूरत

## 3 हजार लोगों पर किए गए अध्ययन में सामने आए महत्वपूर्ण तथ्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनजातीय विकास विभाग ने यौन संचारित रोगों पर आधारित विस्तृत शोध अध्ययन की रिपोर्ट जारी की है। अतिरिक्त मुख्य सचिव जनजातीय विकास ओंकार चंद शर्मा द्वारा जारी की गई यह रिपोर्ट जनजातीय समुदायों में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों, जागरूकता की स्थिति तथा उपचार तक पहुंच की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती है। लिहाजा, यह अध्ययन भविष्य की स्वास्थ्य नीतियों व योजनाओं के लिए मार्गदर्शक साबित होगा। जानकारी के अनुसार आईजीएमसी शिमला के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के सहयोग से तैयार इस शोध अध्ययन में जिला चंबा, किन्नौर तथा लाहौल-स्पीति के लगभग 3,000 प्रतिभागियों को शामिल किया गया। अध्ययन के दौरान यौन संचारित रोगों से जुड़े लक्षणों, उनके प्रति लोगों की जागरूकता, जोखिम कारकों तथा उपचार प्राप्त करने के व्यवहार का विस्तृत विश्लेषण किया गया।

रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि जनजातीय क्षेत्रों में समय पर पहचान और उपचार की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने, जन-जागरूकता अभियानों को गति देने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन सुझावों पर प्रभावी ढंग से अमल किया जाता है तो जनजातीय समुदायों में यौन संचारित रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समय रहते उपचार उपलब्ध हो सकेगा। यह अध्ययन जनजातीय स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा ने कहा कि अध्ययन के निष्कर्ष जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं परिणामकारी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट में प्रस्तुत महत्वपूर्ण निष्कर्षों और सिफारिशों पर समयबद्ध एवं ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**समीक्षा** प्रदेश की सुक्खू सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को गांव-गांव तक ले जाने की तैयारी

# 441 पंचायतों में चलेगा चिट्टे के खिलाफ अभियान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट ड्रग्स अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन शिमला ने अब मिशन मोड में बड़ी पहल शुरू कर दी है। नशे, विशेषकर चिट्टे के बढ़ते खतरे के खिलाफ जिला की सभी 441 पंचायतों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को साथ जोड़ा जाएगा। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन की रणनीति सामाजिक स्तर पर भी मजबूत जनभागीदारी सुनिश्चित करने की है। पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह, शिक्षण संस्थान तथा विभिन्न विभाग मिलकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे। गांवों में रैलियां, खेल प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, संवाद कार्यक्रम और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि चिट्टा केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं, बल्कि पूरे समाज के सामने खड़ा गंभीर संकट है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई तभी सफल होगी जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए ताकि हर गांव और हर परिवार तक नशा विरोधी संदेश पहुंचे। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि जिला शिमला पुलिस नशा तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2026 के दौरान एनडीपीएस अधिनियम के तहत 159 मामले दर्ज किए गए हैं और 337 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बैकवर्ड लिंकेज जांच के माध्यम से 50 बड़े तस्करों और सरगनाओं तक पहुंच बनाई गई, जबकि 38 अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्कों को ध्वस्त किया गया है।




नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा करते उपायुक्त अनुपम कश्यप। अनंत ज्ञान

### नशा कारोबार से अर्जित 14.21 लाख रुपए नकद जब्त

**पुलिस** ने इस अवधि में 2.275 किलोग्राम चिट्टा, 14.633 किलोग्राम चरस, 12.432 किलोग्राम अफीम, 58.54 ग्राम क्रिस्टल मेथ, 11.570 ग्राम एलएसडी सहित विभिन्न मादक पदार्थ बरामद किए हैं। इसके साथ ही नशा कारोबार से अर्जित 14.21 लाख रुपए नकद भी जब्त किए गए हैं। गौरव सिंह ने कहा कि नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए वित्तीय जांच को भी विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। विभिन्न मामलों में अब तक 1.13 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध संपत्तियां फ्रीज की जा चुकी हैं। वहीं पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत 42 आदतन तस्करों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक हिरासत में भेजा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### निःशुल्क ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रोग्राम 1 जुलाई से

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बागवां में डॉ. एस. के. सोनी, प्राचार्य के मार्गदर्शन में फ्रैशर वर्ल्ड एजु टेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के रोजगार कौशल को विकसित करना तथा बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। नगरोटा बागवां कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर पंकज ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि 30 दिन होगी और यह 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। प्रत्येक बैच में 50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। स्नातक पास और अंतिम वर्ष के विद्यार्थी पात्र होंगे। इच्छुक विद्यार्थी 25 जून तक पंजीकरण कर सकते हैं।

### योल में लगाया गुरु का अटूट लंगर व छबील




**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व के अवसर पर योल में श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी योल द्वारा गुरु का अटूट लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय बाजार में विचित्र सिंह के नेतृत्व में छबील सेवा आयोजित की गई, जिसमें शीतल जल एवं शर्बत वितरित किया गया। वक्ताओं ने गुरु जी के बलिदान को सेवा, त्याग और मानवता की प्रेरणा बताया।

### रैत और शाहपुर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल शाहपुर के तहत आने वाले 33/11 केवी सबस्टेशन शाहपुर और 33/11 केवी सबस्टेशन दरीणी की मुरम्मत और उचित रख रखाव के चलते आज रैत, परेई, बागड़ू, बसनूर, शाहपुर, मझियार, झंगी, डोहब, कयारी, संधु, हरनेरा, बडंज, 39 मील, आईटीआई, द्रमण, छतड़ी, सिहुंआ, भनियार, रेहलू, पलवाला, दरगेला, बोरुसारना, मनोह, गोरड़ा, भनाला, दरीणी, बोह, सल्ली, डुली, मछलानी, खरीरी, तल्ह, लाहड़ी, लग, बटुनी, कुथरना, निहारकी, डुल्ली आदि क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल शाहपुर ने दी है और लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पालमपुर में युवा मोर्चा की प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को भारत के विकास की यात्रा के केंद्र में रखा है। पिछले 12 वर्षों में इसी दूरदर्शी सोच, सुरक्षित भारत व मोदी के 12 साल की विकास यात्रा को संगठनात्मक जिला पालमपुर युवा मोर्चा द्वारा प्रदर्शनी के रूप में पुराने बस स्टैंड पालमपुर में लगाया गया, जिसका शुभारंभ जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश युवा मोर्चा के सचिव पालमपुर युवा मोर्चा के जिला प्रभारी अभिषेक, युवा मोर्चा के शहरी मंडल के अध्यक्ष शुभम भंगालिया अजय कुमार, प्रदेश प्रवक्ता राकेश कुलैठी आदि मौजूद रहे।

राजयोग का जीवन में महत्वः भगवान भाई

### राजयोग से मन की शांति व तनाव से मुक्ति संभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के रामनगर स्थित ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र में 'राजयोग का जीवन में महत्व' विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजयोग के नियमित अभ्यास से मनुष्य अपनी कर्मेन्द्रियों पर संयम स्थापित कर सकता है। उन्होंने राजयोग को मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचाव का सशक्त माध्यम बताया। उनके अनुसार यह मन को शांत और एकाग्र रखने में सहायक है। उन्होंने कहा कि स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा का स्मरण ही सच्चा राजयोग है, जिससे आत्मिक शांति और संतुलन प्राप्त होता है।

### ऋषभ ने रेसलिंग स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज के द्वितीय वर्ष के छात्र ऋषभ ठाकुर ने धर्मशाला के सिंथेटिक ग्राउंड में आयोजित रेसलिंग फेडरेशन एसबीकेएफ प्रतियोगिता के 60 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित पूरे शाहपुर और लंज चंगर क्षेत्र में खुशी की लहर है। गोल्ड मेडल जीतने के बाद ऋषभ ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा से भेंट की, जिन्होंने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षकों और चंगर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने भी ऋषभ को बधाई दी और उनकी सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

### वाथू गांव में 62 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा एसडीओ डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत उड्डे खास के गांव वाथू में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में कुल 64 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 28 के लैब टेस्ट भी हुए। जांच में हड्डियों के 13, शुगर के 9 तथा उच्च रक्तचाप के 12 मरीज पाए गए। इसके अलावा स्त्री रोगियों सहित अन्य मरीजों को परामर्श व उपचार दिया गया।

### फतेहपुर, सिद्धपुर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव कार्य के कारण 11 केवी बरवाला फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों फतेहपुर, सिद्धपुर, तपोवन, बाणी, डिओल, बरवाला, आधुनिक स्कूल छैंटी तथा बरेह में 20 जून को सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

# सीएम ने किया एकीकृत आयुष अस्पताल का शिलान्यास

## बोले- कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही प्रदेश सरकार

◆ **कांग्रेस का विधायक नहीं होने पर भी नहीं छोड़ी विकास कार्यों में कोई कमी**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने कांगड़ा दौरे के दूसरे दिन धर्मशाला में एकीकृत आयुष अस्पताल का शिलान्यास किया।

एकीकृत आयुष अस्पताल के शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मशाला में कांग्रेस का विधायक नहीं होने के बावजूद प्रदेश सरकार ने यहां विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में नए सरकारी कार्यालय खोले गए हैं और कुछ कार्यालयों को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा के समग्र विकास के लिए सरकार ने कई योजनाएं तैयार की हैं, जिनमें कुछ को लागू किया जा चुका है, जबकि आने वाले समय में और भी नई योजनाएं लाई जाएंगी। धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त के खिलाफ भाजपा विधायक सुधीर शर्मा द्वारा मोर्चा खोले जाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस विवाद पर अधिक टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन आयुक्त ने अच्छा कार्य किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल का दर्जा दिया है और कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार का कार्य भी उनकी सरकार ने धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर गगल एयरपोर्ट विस्तार को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताते थे, लेकिन इसे आगे बढ़ाने का काम वर्तमान सरकार ने किया है। उन्होंने बताया कि पालमपुर और धर्मशाला को हेलीपोर्ट सेवाओं से जोड़ने की दिशा में काम किया गया है तथा पालमपुर हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा बनखंडी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का चिड़ियाघर बनाया जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश की आय में वृद्धि होगी।



आयुष अस्पताल का शिलान्यास करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट मैचों के दौरान पुलिस ड्यूटी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा, जबकि अन्य राज्यों में इसके लिए शुल्क लिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या से आम लोगों, व्यापारियों और होटल उद्योग को सीधा लाभ मिल रहा है।

### धर्मशाला में शॉपिंग कांप्लेक्स और मनोरंजन केंद्र का लोकार्पण किया

**सीएम** सुक्खू ने धर्मशाला के चरान में स्मार्ट सिटी लिमिटेड (डीएससीएल) द्वारा 7.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं मनोरंजन केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से स्थानीय लोगों को ख़रीदारी, मनोरंजन तथा दैनिक उपयोग से जुड़ी अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों के समय और धन दोनों की बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र के आरम्भ होने से क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे आसपास के दुकानदारों एवं लघु उद्यमियों के लिए व्यापार एवं आय के नए अवसर सृजित होंगे और उन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक किशोरी लाल, मलेंद्र राजन तथा कमलेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### ई-चार्जिंग स्टेशन और सिटी बस डिपो का किया उद्घाटन

**मुख्यमंत्री** ने बुधवार को धर्मशाला में सिटी बस डिपो एवं ई-चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने तीन इंटर-सिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं इलेक्ट्रिक बस में यात्रा कर हरित परिवहन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश को हरित राज्य बनाने के लिए ई-वाहनों और ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने पहले बजट में ही ई-चार्जिंग स्टेशनों का प्रावधान किया था। पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा पर पलटवार किया और इसे पूर्व सरकार के समय का घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में सभी भर्तियां कंप्यूटर आधारित और पारदर्शी तरीके से हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने ओल्ड पेंशन स्कीम को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई और केंद्र पर 1600 करोड़ रुपये रोकने का आरोप भी लगाया।

### वाह! सीएम साहब, सड़कों की हालत सुधरती नहीं और चले हैं कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर जोरदार प्रहार किया है। धर्मशाला से जारी प्रेस विज्ञप्ति में चक्षु ने मुख्यमंत्री सुक्खू के कांगड़ा दौरे को फ्लाप करार देते हुए कहा कि सीएम स्मार्ट सीटी योजना के तहत केंद्र सरकार के विकास कार्यों का उद्घाटन कर अपनी उपलब्धियां गिनाकर तो गए ही। साथ ही जिले की जनता को भी गच्चा दे गए। लगभग चार साल बीत जाने के बाद भी सीएम सुक्खू धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय भवन निर्माण को लेकर चुप्पी साधे रहे। जनता को आस थी कि वह सीयू के 30 करोड़ पर बात करते, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। उलटा पर्यटन का रोना रोकर कांगड़ा को बरगलाते रहे। सीएम हर मंच से यही कहते हैं कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाएंगे और आज धर्मशाला में भी यही बातें रिपीट कीं, लेकिन जनता जानना चाहती है कि हिचकोले खाती सड़कों पर क्या पर्यटन की गाड़ी दौड़ सकती है। चक्षु ने पूछा कि क्या सीएम साहब! कांगड़ा की जनता को नासमझ समझते हैं। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाना तो दूर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से भी पिछड़ चुका है। खराब सड़कों की हालत ने प्रदेश को बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है।



## टैक्सी हायरिंग पर चालक महासंघ का विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय एवं अर्ध राजकीय चालक-परिचालक महासंघ ने मुख्यमंत्री के धर्मशाला प्रवास के दौरान अपनी लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए लोक निर्माण विभाग में बोलेरो कैंपर टैक्सियों को ठेके पर लगाने की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। महासंघ का कहना है कि इससे सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और विभागीय चालक प्रभावित हो रहे हैं।



प्रदेश सरकार से की विभागीय वाहन खरीदने की मांग। अनंत ज्ञान

महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सर्किट हाउस धर्मशाला में ज्ञापन सौंपकर कहा कि पूर्व में विभागों के पास उपलब्ध सरकारी वाहन स्क्रैप नीति के तहत बाहर हो चुके हैं। इसके चलते कई स्थानों पर विभागीय चालक बिना वाहन के सेवाएं देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। महासंघ ने सरकार के समक्ष सुझाव रखा कि बाहरी टैक्सियां हायर करने के बजाय विभागीय जरूरत के अनुसार सरकारी वाहन खरीदे जाएं। उनका तर्क है कि इससे एक ओर सरकारी खर्च पर नियंत्रण रहेगा, वहीं दूसरी ओर विभागीय चालकों का समायोजन भी सुनिश्चित हो सकेगा। ज्ञापन में कर्मचारियों से जुड़े वित्तीय और सेवा संबंधी मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। महासंघ ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय की तर्ज पर सभी विभागीय चालकों को वर्दी भत्ता दिए जाने की मांग की। इसके साथ ही सभी विभागीय चालकों को 1400 रुपये विशेष वेतन (स्पेशल पे) और उस पर महंगाई भत्ता (डीए) लागू करने की भी मांग उठाई गई। इसके अतिरिक्त महासंघ ने 25 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने वाले चालकों को विशेष वेतन वृद्धि देने की मांग करते हुए कहा कि इससे लंबे समय तक सेवा देने वाले कर्मचारियों को सम्मान और आर्थिक राहत मिल सकेगी। महासंघ ने उम्मीद जताई कि सरकार कर्मचारियों और विभागीय हितों को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

### नगर निगम कार्यालय के बाहर भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षदों ने किया हंगामा

◆ **शपथ न करवाने पर गुस्साए नवनिर्वाचित पार्षद, सरकार के खिलाफ नारेबाजी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांगड़ा के दो दिवसीय दौरे पर थे और दाड़ी मैदान में सभी नवनिर्वाचित प्रधान ओर उपप्रधानों को मुख्यमंत्री ने शत दिलाई मुख्यमंत्री ने इस सभी को चिट्टे के खिलाफ भी शपथ दिलाई। वहीं मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल से निकले ही थे कि धर्मशाला के नगर निगम कार्यालय के बाहर भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षदों ने हंगामा कर दिया और कमिश्नर व प्रदेश सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी। वहीं सरकार ओर नगर निगम धर्मशाला के आयुक्त जफर इकवाल का पुतला भी फूंका हालांकि, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जलते हुए पुतले को हटाने और आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं पार्षदों ने सरकार को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पार्षदों का कहना है कि अभी तक उनकी शपथ क्यों नहीं करवाई है । पार्षदों का आरोप है कि यह सब सरकार के इशारे पर किया जा रहा है ओर कमिश्नर जान बूझ कर शपथ नहीं करवा रहे हैं। वहीं पार्षद परवीन ने कहा कि मुख्यमंत्री आज केंद्र सरकार की स्कीमों के उदघाटन ओर शिलान्यास कर रहे हैं जबकि यहां के स्थानीय विधायक को इसकी कोई सूचना भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मशाला में विधायक सुधीर शर्मा के कार्यों पर मुख्यमंत्री अपना नाम चिपका रहे हैं।

## 202 युवाओं को मर्चेंट नेवी में मिला रोजगार

### संजय पराशर ने अंबेडकर भवन कोटला में दिए युवाओं को नियुक्ति पत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर क्षेत्र के कस्बा कोटला स्थित अंबेडकर भवन में वीरवार को आयोजित रोजगार सृजन एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कई परिवारों के लिए यादगार बन गया। इस अवसर पर कैप्टन संजय पराशर ने 202 युवाओं को मर्चेंट नेवी में रोजगार के नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं और उनके परिजनों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।



कैप्टन संजय के साथ नियुक्ति पत्र लिए युवा व अन्य। अनंत ज्ञान

संजय पराशर ने कहा कि एक समय था जब मर्चेंट नेवी में रोजगार प्राप्त करना केवल बड़े शहरों के युवाओं का सपना माना जाता था, लेकिन आज ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर इस क्षेत्र में सफल हो रहे हैं। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की बेटियां भी मर्चेंट नेवी में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन रही हैं और परिवारों के लिए आर्थिक संबल सिद्ध हो रही हैं। पराशर ने कहा कि रोजगार युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने राजनीतिक विरोधियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों को युवाओं की सफलता और रोजगार से आ रहा परिवर्तन पसंद नहीं आ रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार संबंधी प्रयासों को लेकर बेवजह सवाल उठाए जा रहे हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य युवाओं को अवसर उपलब्ध कराना होना चाहिए, न कि उनके भविष्य को लेकर भ्रम फैलाना। कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं और उनके परिजनों ने भी खुशी व्यक्त की। अभिभावकों राम पल (कोटला), मनोहर लाल (चौमुखा), सुरेश कुमार (टैरेस), रवींद्र कुमार (सुही), संजीव (अलोह), सतविंदर सिंह (जोल), सुभाष (कुठेहड़ा), कमलजीत सिंह (नंगल बस्सी), राज कुमार (घाटी), मलकीत सिंह (जंडौर) और पवन सिंह ने कहा कि रोजगार मिलने से उनके बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिली है। समारोह में उपस्थित लोगों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए रोजगार और कौशल विकास से जुड़े प्रयासों को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### त्रिलोकपुर शिव मंदिर में चोरी, चांदी के नाग और दानपात्र की नकदी ले उड़े चोर

**अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस चौकी कोटला के अंतर्गत त्रिलोकपुर स्थित ऐतिहासिक प्राकृतिक शिव मंदिर में देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी। चोर मंदिर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और शिव प्रतिमा के पास स्थापित चांदी की पतरी, चांदी के नाग, चांदी के छत्र तथा दानपात्र से नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का पता सुबह उस समय चला जब पुजारी राजेन्द्र गोस्वामी के पुत्र चेतन पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में रोष फैल गया और उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद पुलिस चौकी कोटला की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि चोर देर रात मंदिर परिसर में घुसे और मुख्य द्वार का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

### रक्कड़ में ट्रक से 6 किलो 802 ग्राम चूरापोस्त बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार चूरापोस्त तस्कर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** रक्कड़ पुलिस की टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अपने विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। गश्त और यातायात जांच के दौरान पुलिस ने कोलापुर के समीप पंजाब नंबर के एक ट्रक (पीबी 11डीएफ-7976) को संदेह के आधार पर रुकने का इशारा किया।

तलाशी के दौरान ट्रक से 6 किलो 802 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें अमृतसर (पंजाब) के गांव अटारी निवासी 31 वर्षीय सुखदेव सिंह और रूपनगर (पंजाब) के गांव ध्यानपुरा निवासी 36 वर्षीय हरप्रीत सिंह शामिल हैं। पुलिस थाना रक्कड़ में मादक द्रव्य एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया है। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की पूछताछ जारी है।

### 24 घंटे में सुलझी शिव मंदिर चोरी की गुत्थी

## पुलिस ने मुख्य आरोपी और कबाड़ी को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** थाना डमटाल पुलिस ने मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए भदरोया स्थित शिव मंदिर में हुई चोरी की वारदात को मात्र 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया।

पुलिस ने चोरी के मुख्य आरोपी के साथ-साथ चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया है तथा चोरी किया गया समस्त सामान बरामद कर लिया है। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि गांव भदरोया निवासी नरेंद्र पठानिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके गांव के शिव मंदिर से पीतल का त्रिशूल, तांबे का नाग, डमरू, जोत तथा तांबे की गड़वियां चोरी हो गई हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना डमटाल में मुकदमा नंबर 106/2026 के तहत धारा 305 बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान आरोपी की पहचान गांव भदरोया निवासी मनिंदर सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने जाल बिछाकर उसे भदरोया टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी का सामान पठानकोट में बेचने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पठानकोट के सैली रोड स्थित एक कबाड़ की दुकान पर छापेमारी की और दुकान मालिक रवि कुमार निवासी रामपुरा, पठानकोट को गिरफ्तार कर लिया। दुकान से मंदिर का चोरी हुआ पूरा सामान बरामद कर लिया गया। चोरी की संपत्ति खरीदने के आरोप में मामले में धारा 317 बीएनएस भी जोड़ी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।

### लिव-इन रिलेशनशिप पर कानून बनाकर प्रतिबंध लगाए सरकार : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने लिव-इन रिलेशनशिप की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से इस पर कानून बनाकर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे संबंधों में रहने वाले युवाओं को विवाह करना चाहिए या अपने परिवारों के साथ रहना चाहिए। जारी बयान में उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एक हालिया फैसले का स्वागत किया, जिसमें अदालत ने लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। शांता कुमार ने बताया कि अदालत ने सुरक्षा की मांग करने वाले युवक-युवती के मामले में कहा कि उनका व्यवहार परिवारों के संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक सम्मान को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन जीने का अधिकार है, लेकिन साथ ही परिवारों के सम्मान का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। शांता कुमार ने दावा किया कि पश्चिमी प्रभाव के कारण ऐसे मामलों में वृद्धि हो रही है, जिससे सामाजिक और नैतिक मूल्यों पर असर पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि भारतीय संस्कृति और पारिवारिक व्यवस्था की रक्षा के लिए इस विषय पर स्पष्ट कानून बनाया जाए और इस व्यवस्था पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जाए।

### परागपुर क्षेत्र में गीदड़ों का आतंक, पशुपालक दहशत में

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर क्षेत्र में इन दिनों गीदड़ों का आतंक चरम पर है, जिससे स्थानीय निवासियों और पशुपालक दहशत में हैं। यह संकट तब गहरा गया जब क्षेत्र में रेबीज से ग्रसित एक मृत जानवर को लापरवाही से कम गहराई में जमीन के नीचे दबाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि इसी मृत जीव का मांस खाने के बाद इलाके के कई गीदड़ रेबीज की चपेट में आ गए हैं, जो अब राहगीरों व पालतू जानवरों पर लगातार हमले कर रहे हैं। परागपुर के निवासियों के अनुसार, रेबीज का संक्रमण अब पालतू पशुओं में भी फैलने लगा है।क्षेत्र के एक किसान की भैंस में भी रेबीज के स्पष्ट लक्षण दिखाई दिए हैं। इस संदर्भ में पशु चिकित्सकों का कहना है कि भैंस की स्थिति अत्यंत गंभीर है और उसका जीवित बचना नामुमकिन है। चिकित्सक के अनुसार, संक्रमण के प्रसार को देखते हुए उक्त पशु की मृत्यु चार से पांच दिनों के भीतर होना निश्चित है। इस गंभीर स्थिति को लेकर स्थानीय निवासी दीपक, संजीव, अजय, सुनील, अखिलेश, नरेश, गौरव, मदन, राहुल, नीरज, दिनेश और कमल आदि ने गहरा रोष प्रकट किया है। ग्रामीणों का कहना है कि नैहरनपुखर से लेकर परागपुर तक गीदड़ों के खौफ के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग के आलाधिकारियों से पुरजोर आग्रह किया है कि वे इस मामले में त्वरित संज्ञान लें। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग की विशेष टीम तत्काल प्रभाव से क्षेत्र में रेबीज संक्रमित गीदड़ों को चिन्हित कर उन्हें पकड़ने का अभियान चलाए ताकि क्षेत्रवासियों को इस जानलेवा भय से निजात मिल सके।

# टीजीटी टीईटी: नॉन-मेडिकल और हिंदी की परीक्षा 21 को

## प्रदेशभर में 87 परीक्षा केंद्रों में होगी परीक्षा, बोर्ड ने जारी किए एडमिट कार्ड

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी शिक्षक बनने का सपना देख रहे हजारों युवाओं के लिए एक अहम खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा टीजीटी (नॉन-मेडिकल) और टीजीटी (हिंदी) विषयों के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) आगामी 21 जून 2026 को आयोजित की जा रही है। बोर्ड ने परीक्षा को पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

**दो सत्रों में आयोजित होगी परीक्षाः** स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को यह महत्वपूर्ण परीक्षा दो अलग-अलग सत्रों में आयोजित की जाएगी।

**टीजीटी ( नॉन-मेडिकल ):** सुबह के सत्र में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक इस विषय की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 49 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुल 5,517 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

**टीजीटी ( हिंदी ):** दोपहर के सत्र में 02:00 बजे से 04:30 बजे तक हिंदी विषय की टीईटी परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2,231 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि दोनों ही परीक्षाओं की अवधि 2 घंटे 30 मिनट निर्धारित की गई है।

### वेबसाइट से करें एडमिट कार्ड डाउनलोड

**उम्मीदवार** अपने प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर प्रदर्शित टेट लिंक पर जाना होगा और वहां अपना एप्लीकेशन नंबर तथा जन्म तिथि दर्ज करनी होगी। इसके तुरंत बाद एडमिट कार्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगा, जिसका प्रिंट आउट लिया जा सकता है। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से काफी पहले अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएं ताकि अंतिम समय की भागदौड़ से बचा जा सके। परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड के साथ-साथ एक वैध पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। इसके बिना प्रवेश वर्जित रहेगा। यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई तकनीकी परेशानी आती है या परीक्षा से जुड़ी कोई अन्य जानकारी चाहिए, तो वे बोर्ड कार्यालय के आधिकारिक दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पहचान स्पेशल स्कूल में विशेष बच्चों को बांटे बैग



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पहचान स्पेशल स्कूल हमीरपुर में वीरवार को सुरेश हांडा (कश्मीरी ज्वेलर) की ओर से विशेष बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। बैग प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला तथा उन्होंने आभार व्यक्त किया। सुरेश हांडा ने कहा कि विशेष बच्चों की शिक्षा एवं विकास में समाज की भागीदारी महत्वपूर्ण है। संस्थापक चेतना शर्मा ने इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे बच्चों का उत्साह बढ़ता है और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

### भोरंज में 200 पदों के लिए साक्षात्कार 20 जून को

अनंत ज्ञान, भोरंज। बद्दी की कंपनी माइक्रो सीमलैस में अप्रेंटिस और ट्रेनी के 200 पदों को भरने के लिए 20 जून को उप रोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई तथा इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक 18 से 34 वर्ष तक के उम्मीदवार पात्र हैं। सीएनसी और वीएमसी मशीन चलाने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार से 18 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### धनेटा स्कूल में रेडनेस मेले का आयोजन



अनंत ज्ञान, धनेटा। राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला धनेटा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेडनेस मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान शारीरिक, मानसिक और भाषाई विकास से जुड़ी ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारी नवीन शर्मा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा के प्राचार्य राज कुमार मुख्य अतिथि रहे। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्रथम संस्था से रीता कुमारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मेले में बौद्धिक, भाषा, गणित और संवेगात्मक विकास से जुड़े स्टॉल लगाए गए, जहां बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिला।

### कंजयाण पंचायत में बताए नशे के दुष्प्रभाव

अनंत ज्ञान, भोरंज। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वीरवार को कंजयाण पंचायत में नशा निवारण विषय पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय भोरंज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया तथा इस गंभीर समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सक्रिय योगदान देने की अपील की।

पंचायत प्रधान रजनी देवी और उपप्रधान सुरेंद्र कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन खड़ा करने की आवश्यकता है। तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय से सुनील कुमार ने भी लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि जिला हमीरपुर में भी 17 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत अभियान: विकसित भारत की पहचान' विषय पर जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शिविर में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया।

# राकेश बोले- 19 करोड़ से 18 माह में बनेगा नगर निगम का दफ्तर

## ड्रोन प्रॉपर्टी मैपिंग में कुछ दिक्कतें; जल्दी पूरी होगी प्रक्रिया, इसी के बाद हाउस टैक्स सिस्टम होगा ऑनलाइन

अनंत ज्ञान





**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर नगर निगम का अपना दफ्तर 18 महीनों में बनकर तैयार होगा। इसका काम शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की इस सौगात पर तकरीबन 19 करोड़ रुपए खर्चे जा रहे हैं। टाउन हॉल हमीरपुर की पार्किंग पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। पार्किंग की व्यवस्था पहले की तरह ही यहां पर उपलब्ध होगी। ना ही तो टाउन हॉल के भवन के लिए किसी तरह का कोई फेरबदल किया जाएगा। इसका स्वरूप जैसा है, वैसा ही रहेगा। अलबत्ता इसके इस भवन में भी कई और काम इसे बेहतर बनाने के लिए होंगे। नगर निगम के कमिश्नर राकेश शर्मा ने वीरवार को 'अनंत ज्ञान' से खास बातचीत में बताया कि उम्मीद यही है कि 18 महीनों से पहले ही इस भवन को बनाकर तैयार कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि हमीरपुर की मुकम्मल प्रॉपर्टी को जांचने के लिए ड्रोन मैपिंग के सर्वे में कुछ दिक्कतें आई हैं, इसीलिए अभी यहां मुकम्मल नहीं हो पाया है। इसमें वक्त जरूर लग गया है। लेकिन उम्मीद यही है कि ड्रोन मैपिंग की यह प्रक्रिया जल्दी पूरी होगी। उसके बाद ही हमीरपुर नगर निगम का यह सारा सिस्टम निगम के सर्वे में आएगा, जिसमें हाउस टैक्स का ब्यौरा है, वह ऑनलाइन हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी मैपिंग के लिए कुछ दिक्कतें आई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों ने नक्शे के मुताबिक अपने भवनों का निर्माण नहीं करवाया है और अतिरिक्त मंजिलें तैयार की हैं।



नगर निगम भवन का कार्य शुरू। अनंत ज्ञान

उनका ब्योरा भी इसमें आएगा। ऐसे लोगों को अपने भवनों के लिए नगर निगम को अप्लाई करना पड़ेगा, इसका हल निकलेगा। राकेश शर्मा का कहना था कि यहां के लोग जो भी निर्माण करवा रहे हैं, नक्शे निश्चित रूप में पास करवाने के बाद ही इस प्रक्रिया को अपनाएं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नक्शे पास करने वाली जो वेबसाइट है, उसमें कुछ दिक्कतें आ रही हैं। क्योंकि जो लोग मैप अपलोड कर रहे हैं, उसमें कई दिन लग रहे हैं यह शिकायतें आई थीं और इस बाबत उच्च अधिकारियों को एक पत्र भी लिखा गया है। उम्मीद यही है कि इस व्यवस्था में जल्दी सुधार होगा और जो दिक्कतें लोग फेस कर रहे हैं, उनका जल्दी निपटारा हो जाएगा।

### रिकवरी में 60 लोग डिफॉल्टर

**कमिश्नर** का कहना था कि वैसे तो 1.28 करोड़ की रिकवरी हुई है, लेकिन इसके बावजूद भी थोड़ी पेंडेंसी अभी है। यह राशि तकरीबन 50 लाख के आसपास है। इसमें 60 लोग डिफॉल्टर हैं और यह क्रॉनिक किरायेदार हैं, जिसकी वजह से रिकवरी में दिक्कत आई है। रेहड़ी फड़ी से भी उतना ही पैसा लिया जाता है, जिससे शहर की साफ सफाई का प्रोसेस बेहतर हो सके। इसमें नगर निगम को आउटसोर्स रिकवरी सिस्टम जो किया गया है, उसका फायदा हुआ है।

### नगर निगम में मर्ज एरिया पर टैक्स नहीं

**राकेश** शर्मा ने बताया कि जो इलाके पहली मर्तबा नगर परिषद के बाद अब नगर निगम में मर्ज किए गए हैं उन पर किसी भी तरह का नियमों के तहत कोई भी टैक्स नहीं वसूला जाएगा। इसमें नियम बनाए गए हैं और जब यह प्रक्रिया शुरू होगी, तब देखा जाएगा। लेकिन फिलहाल अगले कुछ सालों तक इन मर्ज एरिया में नगर निगम की सुविधाएं पहुंचाना चुनौती भरा काम है, इस पर काम हो रहा है।

### अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा

**ड्रेनेज** सिस्टम पर दुकानदारों ने जिस तरीके से लोहे के छज्जे बनाकर अतिक्रमण किया हुआ है, उसे हटाने के लिए उनसे गुजारिश की गई है। इसके लिए उन्हें तीन-चार दिन का समय भी दिया था। अब यह सारा प्रोसेस व्यापार मंडल को विश्वास में लेकर हुआ है। यदि उसके बावजूद भी दुकानदार नहीं माने, तो फिर जो भी इसे हटाने का खर्चा होगा, वह संबंधित से ही लिया जाएगा। इसलिए उनकी अभी भी गुजारिश है कि सिस्टम को सभी लोग समझने की कोशिश करें। व्यवस्था तभी बेहतर बनेगी। इससे किसी एक का भला नहीं, शहरवासियों का मुकम्मल भला होगा। बरसात शुरू होने से पहले सारे ड्रेनेज सिस्टम को साफ सफाई के जरिए सुधारा जाएगा। इसका रखरखाव बेहतर कर दिया जाएगा। ताकि बरसात में कोई दिक्कत सामने ना आए।

# हिम अकादमी स्कूल की छात्रा प्रियांशी ने राज्यस्तरीय ट्रायथलॉन में जीता रजत पदक

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर की कक्षा आठवीं की प्रतिभाशाली छात्रा प्रियांशी वशिष्ठ ने बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल किया।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर उनका चयन नॉर्थ जोन राष्ट्रीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो देहरादून में आयोजित की जाएगी। विद्यालय चेयरपर्सन प्रो. आरसी लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा तथा उप-प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार ने प्रियांशी को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रियांशी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। इस सफलता में विद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री पीयूष का विशेष योगदान रहा। उनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और प्रेरणा ने प्रियांशी को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रियांशी की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और गर्व का वातावरण है। समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हें नॉर्थ जोन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



विद्यालय चेयरपर्सन प्रो. आरसी लखनपाल ने दी बधाई। अनंत ज्ञान

# हिम अकादमी स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने आईएमयू-सीईटी में पाई सफलता

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, परिश्रम एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का परिचय देते हुए इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (आईएमयू-सीईटी) 2026 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर समुद्री क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

विद्यालय के छात्र आदित्य एवं अभिनव ने आईएमयू- सीईटी 2026 परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि अनिरुद्ध ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय रैंक 368 प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के चेयरपर्सन प्रो. आर. सी. लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा तथा उप-प्रधानाचार्य श्री अश्विनी कुमार ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर परिश्रम तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षकों राहुल शर्मा, मनोज कुमार, नितेश कुमार, संजीव कुमार, क्षितिज तथा विकास कुमार के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने विद्यार्थियों को इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# जयराम ठाकुर राहुल फोबिया से ग्रस्त: शगुन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया पैनलिस्ट शगुन दत्त शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर राहुल गांधी द्वारा नीट पेपर लीक मुद्दे पर चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर गैर जरूरी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का विफल प्रयास है। शगुन दत्त शर्मा ने आरोप लगाया कि जयराम ठाकुर के कार्यकाल में चयन आयोग को घोटालों का अड्डा बना दिया गया था, जिससे लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय प्रदेश की वित्तीय स्थिति खराब हुई और हर वर्ग को निराशा हाथ लगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मुहिम को देशभर में समर्थन मिल रहा है, जिससे भाजपा नेता बौखलाए हुए हैं। उनके अनुसार, भाजपा नेता 'राहुल फोबिया' से ग्रस्त होकर मुद्दों पर जवाब देने के बजाय केवल आलोचना कर रहे हैं। शगुन ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाएं छात्रों और उनके परिवारों पर गहरा आर्थिक और मानसिक असर डालती हैं।

# समाजसेवा की मिसाल बने सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर बलवंत

अनंत ज्ञान



बचे खाने को एकत्रित कर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे बलवंत सिंह। अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज की बढ़ेर पंचायत के निवासी एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर बलवंत सिंह समाज सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद से वे अब पूरी तरह समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। बलवंत सिंह सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों में बचने वाले भोजन को एकत्रित कर उसे गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

ये वे लोग हैं जो प्रदेश के बाहर से आकर मजदूरी और रोजी-रोटी के लिए यहां रह रहे हैं। उनका उद्देश्य भोजन की बर्बादी को रोकना और भूखे लोगों तक समय पर भोजन पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि शादी-विवाह और अन्य आयोजनों में अक्सर बड़ी मात्रा में भोजन बच जाता है, जो बाद में नष्ट हो जाता है। यदि इसे सही समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए तो कई लोगों का पेट भर सकता है और अन्न का सम्मान भी बना रहता है। उनका मानना है कि भोजन परमात्मा का प्रसाद है और इसकी बर्बादी नहीं होनी चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने इस कार्य को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया है। वे स्वयं भोजन एकत्रित कर जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। उनके इस कार्य की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है और उन्होंने अन्य लोगों से भी इस मुहिम में जुड़ने की अपील की है।

# अमेरिकी हमले में जान गंवाने वाले आदित्य को पिता ने सेहरा बांधकर दी अंतिम विदाई

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** ओमान तट के पास भारतीय तेल टैंकर पर हुए अमेरिकी मिसाइल अटैक में जान गंवाने वाले हमीरपुर के 23 वर्षीय मर्चेंट नेवी कैडेट आदित्य शर्मा को वीरवार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। पूरे सम्मान के साथ पैतृक गांव में आदित्य का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे और पूरा गांव शोक में डूबा नजर आया। सबसे भावुक पल उस समय आया जब पिता राजेश शर्मा ने अपने इकलौते बेटे को अंतिम विदाई देने से पहले उसके सिर पर सेहरा बांधा। परिवार ने जिस बेटे को दूल्हे के रूप में देखने का सपना देखा था, उसी बेटे को पिता ने सेहरा पहनाकर अंतिम विदाई दी। यह भावुक दृश्य देखकर मौके पर मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। आदित्य के पिता राजेश शर्मा के लिए यह पल बेहद कठिन था। बेटे की अंतिम यात्रा के दौरान परिवार और ग्रामीणों में गम का माहौल रहा। आदित्य शर्मा का पार्थिव शरीर वीरवार सुबह हमीरपुर पहुंचा, यहां मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद शव को उनके पैतृक गांव लाया गया। जैसे ही पार्थिव शरीर घर पहुंचा, परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीण भी अपने गांव के युवा बेटे को खोने के दुख में शामिल हुए। अंतिम संस्कार में जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त गंधर्व राठौर भी मौजूद रहे। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।





**आदित्य के पार्थिव शरीर को देखकर रो पड़ा पूरा परिवार :** अपने बेटे को अंतिम विदाई देने के बाद पिता राजेश शर्मा ने कहा कि आदित्य अब वापस नहीं आ सकता, लेकिन वह चाहते हैं कि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसा दुख न झेलना पड़े। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर किन परिस्थितियों में यह घटना हुई। उन्होंने मांग की कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### ओमान की घटना पर आदित्य के चाचा अशोक बोले-ऐसी घटनाओं पर केंद्र बनाए कानून

# शहीद जैसी सुविधाएं और राजकीय सम्मान मिलना चाहिए ऐसी मौतों पर

अनंत ज्ञान



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के हरेटा पंचायत के भालू गांव के आदित्य शर्मा की देह वीरवार को उसके घर पहुंची। उसका अंतिम संस्कार हुआ। इससे पहले उसका हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में प्रशासन ने पोस्टमार्टम करवाया।

इसके बाद मृतक का शरीर परिजनों को सौंपा गया। पोस्टमार्टम के मौके पर पहुंचे आदित्य के चाचा अशोक शर्मा का कहना था इंटरनेशनल स्तर पर ओमान तट के पास जिस तरह से भारतीयों की तीन मौतें हुई हैं, ऐसी दर्दनाक घटनाओं पर केंद्र सरकार को कानून बनाने की जरूरत है और इन्हें एक शहीद का दर्जा देने के लिए काम करना चाहिए। इस बाबत हमीरपुर के दोनों सांसदों से भी उन्होंने गुजारिश की है कि मामले को वे लोकसभा और राज्यसभा दोनों में उठाएं। क्योंकि जिस लाडले को परिजनों ने खोया है, वह घर की गुजर बसर का यही एकमात्र साधन था। 5 महीने पहले ही उन्होंने इसे संभाला था, उनका कहना है कि ऐसे मामलों में घर के बुजुर्गों बच्चों और परिजनों के लिए आश्रय की जरूरत होती है। ऐसे में सरकार को सोचना चाहिए, क्योंकि बूढ़े मां-बाप अब क्या करेंगे। मौत साधारण नहीं है, इसीलिए उनकी गुजारिश है इस पर केंद्र सरकार काम करे। उनका कहना था कि इस मामले को लेकर उन्होंने राज्यसभा सांसद से भी गुजारिश की है उन्होंने मृतक का शरीर जल्दी घर पहुंचने के लिए हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अलावा विदेश मंत्री जयशंकर का भी आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि वे 10 दिनों से आदित्य की देह का इंतजार कर रहे थे। आज जब उनका शव यहां पहुंचा, तो देखा कि उनके शरीर पर सिवाय माथे पर एक चोट के और कोई निशान नहीं थे। मृतक आदित्य के अलावा उनके परिजनों से संजीव लखनपाल जी जो मुंबई तक गए थे और शव को चंडीगढ़ से हमीरपुर लाए। उनका कहना था कि यदि कोई वीआईपी होता तो शायद मृतक की देह बहुत जल्दी हिंदुस्तान पहुंच जाती। नादौन के एसडीएम निशांत शर्मा का कहना था कि आदित्य के शरीर को घर पहुंचने के लिए प्रदेश सरकार प्रशासन और केंद्र सरकार ने पिछले 8 दिनों से खूब मेहनत की।

# स्कूल शिक्षकों को कॉलेज प्रोफेसरों के पद पर पदोन्नत करने का विरोध

अनंत ज्ञान

### एचजीसीटीए इकाई बैठक में नई कार्यकारिणी का किया गठन

**सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में प्रदेश गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचजीसीटीए) इकाई की बैठक महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल की सेवानिवृत्ति के बाद संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें डॉ. सुमन शर्मा को अध्यक्ष तथा प्रो. प्रमोज कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में स्कूल शिक्षकों को सीधे महाविद्यालय सहायक प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया।

सदस्यों ने कहा कि विद्यालय और उच्च शिक्षा की प्रकृति, दायित्व एवं शैक्षणिक योग्यताएं भिन्न हैं, इसलिए इस प्रकार की व्यवस्था उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने आग्रह किया कि नियुक्तियां केवल यूजीसी और उच्च शिक्षा विभाग के निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जाएं। संगठन ने केंद्रीय कार्यकारी समिति के गठन में हो रही देरी पर भी चिंता व्यक्त की और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत शीघ्र आम सभा बुलाने की मांग की। इसके साथ ही करियर एडवांसमेंट स्कीम को जल्द लागू करने की भी अपील की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, संगठनात्मक लोकतंत्र और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर इकाई के सचिव प्रोफेसर राजीव ठाकुर, सहसचिव डॉक्टर अरविंद कुमार कोषाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार तथा डॉक्टर सपना राणा, डॉ. दिव्या, प्रो. वंदना, डॉ. राजीव भंडारी, डॉ. अरविंद पुरी, प्रो. शशि शर्मा, प्रो निर्मला ठाकुर, प्रो. सुरेश शर्मा उपस्थित रहे।

# नादौन में लावारिस पशुओं के सींगों पर लगाई रिफ्लेक्टिव टेप

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस थाना नादौन द्वारा एक विशेष जनहित अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग तथा थाना क्षेत्र की विभिन्न सड़कों पर घूम रहे लावारिस पशुओं के सींगों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई, ताकि रात्रि के समय वाहन चालकों को इन पशुओं की उपस्थिति दूर से दिखाई दे सके और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी नादौन निर्मल सिंह ने किया। अभियान में एसआई नरेश कुमार, एचसी अरविंद कुमार सहित पुलिस थाना नादौन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्थानीय नागरिकों ने भी इस जनहित कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। निर्मल सिंह ने बताया कि रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने से वाहन चालकों को दूर से ही पशुओं की पहचान करने में सहायता मिलेगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।

# 35वीं राज्यस्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 35वीं राज्यस्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अमलेहड़ क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रविंद्र सिंह ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को 12 जिलों से आए हुए प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी दी गई। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

आईटीआई रैल के प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर ने मुख्यातिथि का इस 35वीं राज्य स्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके साथ ही इस खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर बलजीत सिंह संधु (आईएमसी गेम्बर व वरिष्ठ सलाहकार जायका प्रोजेक्ट), सूरज परमार, अनिल पटयाल, रजनीश सिंह, सुभाष चन्द शर्मा (आईटीआई हमीरपुर), राजेश कुमार (आईटीआई लम्बलू) भी मंच पर उपस्थित रहे। मार्च पास्ट में जिला शिमला ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा जिला हमीरपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि ने आईटीआई रैल को 14,100 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी तथा 12 जिलों से आए हुए सभी प्रतिभागियों को फलों के लिए 5,000 रुपए की राशि दी। आईटीआई रैल के प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर ने बताया कि इस पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल की प्रतियोगिता, कबड्डी की प्रतियोगिता, खो-खो की प्रतियोगिता, बास्केटबॉल की प्रतियोगिता, ऊंचीकूद, लंबी कूद की प्रतियोगिता, जैवलिन थ्रो तथा एथलेटिक्स की सभी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस प्रतियोगिता के पहले दिन बैडमिंटन के 3 मैच हुए। जिसमें मंडी ने बिलासपुर को हराया, चंबा ने सिरमौर को हराया तथा शिमला ने किन्नौर को हराया।





जिप सदस्य रविंद्र सिंह ने की मुख्यातिथि शिरकत। अनंत ज्ञान

# अनुराग ठाकुर ने दिल्ली की सीएम रेखा से की विधायी सुधारों पर चर्चा

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 की समीक्षा कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष तौर में भाग लिया। दिल्ली में आयोजित इस दौरे के दौरान समिति की परामर्श बैठकों में उन्होंने अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर प्रस्तावित विधायी सुधारों पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान लोकतांत्रिक जवाबदेही, संवैधानिक शासन व्यवस्था और संस्थागत पारदर्शिता को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। समिति ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार, गृह मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय तथा नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। अनुराग ने कहा कि प्रस्तावित प्रावधानों के अनुसार यदि कोई मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री किसी गंभीर अपराध में 30 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहता है तो उसे पद छोड़ना होगा। उन्होंने इसे सुशासन और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही उन्होंने पारदर्शी प्रशासन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

## न्यूज ब्रीफ

### 15.5 ग्राम चिट्टे संग चार आरोपी अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 15.540 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने रोपड़ी क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान टैक्सी नंबर एचपी-01एम-7721 की तलाशी ली। जांच के दौरान वाहन में सवार सचिन पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी खदरी श्यामपुर, जिला देहरादून उत्तराखंड और शशांक पुत्र अश्वनी कुमार निवासी टारना रोड मंडी के कब्जे से 9.620 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21 और 29 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी की टीम ने ज्वाला-सुसन सड़क मार्ग पर एक ग्रे रंग की कार सीएच-01सीई-1543 में ग्राहकों को कथित रूप से चिट्टा बेचने की सूचना पर कार्रवाई की। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें सवार सुनील रावत उर्फ चेरी निवासी गांव व डाकघर जरगांव, तहसील हैदरगढ़, जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश तथा अंकुश चौधरी पुत्र प्रीतम चंद निवासी न्यू बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर के कब्जे से 5.920 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21, 25 एवं 29 एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### आज तांदी, पतरोन में लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत उपमंडल नंबर-2 मंडी के अनुभाग रंधाड़ा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र तांदी, पतरोन, सीरम, बनायट, भुशाल तथा कोठीगैरी और आसपास के क्षेत्रों में 19 जून को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान विभाग द्वारा उच्च वोल्टेज विद्युत लाइनों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। सहायक अभियंता ई. सुनील शर्मा ने बताया कि यदि मौसम खराब रहता है तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### भाषण में अक्षरा और पेंटिंग में हर्षिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी बल्द्वारा डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से हिम ज्योति पब्लिक स्कूल नबाही में किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य एवं ग्राम पंचायत नबाही के प्रधान सत्यप्रकाश ने की। प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचल कुमारी ने कहा कि किशोरावस्था शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास की महत्वपूर्ण अवस्था है। किशोर स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी उपलब्ध करवाना है। उन्होंने संतुलित पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण और पानी की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में अक्षरा प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय तथा रितिका और मानवी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कला प्रतियोगिता में हर्षिता प्रथम, वरुण द्वितीय और कृतांशी तृतीय रही।

### फटी पाइप से रोजाना बह रहा हजारों लीटर पानी

**अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर।** जल शक्ति विभाग पेयजल संरक्षण को लेकर कितनी गंभीरता से कार्य कर रहा है, इसका ताजा उदाहरण नौलखा फोरलेन के फ्लाईओवर के समीप देखी जा सकती फटी हुई पानी की पाइप है। 13 जून को इस समस्या को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि विभाग शीघ्र स्थायी समाधान करेगा, लेकिन विभाग की कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार विभाग ने फटी पाइप के ऊपर की ओर उछल रही पानी की धार को रोकने के लिए उसके ऊपर ईंट रख दी, जिससे फव्वारे जैसा दृश्य तो समाप्त हो गया, लेकिन पानी का रिसाव अब भी लगातार जारी है। इससे प्रतिदिन हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है। लोगों का कहना है कि जल संकट के दौर में इस प्रकार पानी की बर्बादी गंभीर चिंता का विषय है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुंदरनगर और गोहर क्षेत्रों में हाल ही में फैले पीलिया के मामलों से भी विभाग ने कोई सबक नहीं लिया है। उनका कहना है कि जब विभाग पानी की सप्लाई बंद करता है तो खाली पाइपों में कीड़े-मकोड़ों और गंदगी के प्रवेश की आशंका बढ़ जाती है। बाद में सप्लाई बहाल होने पर यही दूषित पानी लोगों के घरों तक पहुंच सकता है, जिससे विभिन्न जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। चौक पंचायत के नौलखा क्षेत्र से जुड़े एक बुद्धिजीवी ने आरोप लगाया कि विभागीय कर्मचारी मनमानी से कार्य करते हैं और जनता की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते।

# सराज की पंचायत समितियों पर भाजपा का कब्जा

## पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बोले- पंचायतीराज चुनावों से साफ, जनता जमीनी पूरी तरह भाजपा के साथ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिले के जंजैहली में आयोजित पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने एक सभा को संबोधित करते हुए इसे सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि सराज विधानसभा क्षेत्र की तीनों पंचायत समितियों में सर्वसम्मति से भाजपा समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने गए हैं, जो कि राजनीतिक इतिहास में पहली बार इतनी शानदार और प्रचंड जीत के रूप में दर्ज हुआ है। तीनों जगह कांग्रेस पार्टी की ऐसी दुर्गति हुई कि उन्हें ढूँढे भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी तक नहीं मिले।

जयराम ठाकुर ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक अंदाज में कहा कि वे खुद प्रदेश के पंचायती राज मंत्री रहे और पांच वर्षों तक मुख्यमंत्री के गरिमामयी पद पर भी आसीन रहे, लेकिन उनके उस कार्यकाल के दौरान भी जमीनी स्तर पर पार्टी के इतने अधिक प्रत्याशी जीतकर कभी नहीं आए थे, जो इस बार की इस शानदार सफलता को बेहद खास और ऐतिहासिक बनाता है। उन्होंने भौगोलिक और राजनीतिक परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि जंजैहली ब्लॉक पूरी तरह से हमारे सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ही आता है, जबकि बालीचौकी ब्लॉक हमारे पड़ोस के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के साथ और गोहर ब्लॉक हमारे नाचन विधानसभा क्षेत्र के साथ सांझा रूप से अपनी सीमाएं साझा करता है। उन्होंने इन तीनों महत्वपूर्ण ब्लॉकों में पार्टी के नेतृत्व के फैसलों का सम्मान करते हुए एकजुटता के साथ आगे बढ़ने के लिए सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया और साथ ही पार्टी के समर्पित, ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से एक विशेष आग्रह किया कि वे इन सभी जन प्रतिनिधियों का धरातल पर पूरा सहयोग और मार्गदर्शन करें ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। पूर्व मुख्यमंत्री ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि आने वाले समय में जीते हुए ऊर्जावान सदस्यों को भाजपा संगठन में बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएंगी, जिससे पार्टी की जमीनी पकड़ और अधिक मजबूत होगी। अतीत के चुनावों की कड़वी यादों और राजनीतिक उठापटक का जिक्र करते हुए जयराम ठाकुर ने चुटकी ली और कहा कि पूर्व में हुए इन स्थानीय निकाय चुनावों में जीत हासिल करने के बाद अक्सर सदस्यों को विरोधी दलों की खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए छुपाने, बाड़ेबंदी करने और अज्ञात अज्ञात जगहों पर ठहराकर रखने की नौबत तक



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष व अन्य लोग।

आ जाती थी, लेकिन अबकी बार कार्यकर्ताओं की अटूट निष्ठा और जनता के अपार विश्वास के कारण ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ, और यह सब क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के निस्वार्थ सहयोग के बिना कतई संभव नहीं था। उन्होंने पंचायती राज और स्थानीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को यह प्रचंड और एकतरफा बहुमत देने के लिए सभी क्षेत्रवासियों का कोटि-कोटि धन्यवाद किया और कहा कि यह ऐतिहासिक जीत असल में उनके कर्मठ कार्यकर्ताओं के दिन-रात के कड़े परिश्रम, पसीने और अटूट मेहनत की जीत है। जयराम ठाकुर ने गहरा विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि पंचायत समिति के सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष हमेशा जनहित के कार्यों में सदैव तत्पर रहते हुए संपूर्ण क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में अपनी अग्रणी और सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इन पंचायतीराज चुनावों से प्रदेश की राजनीति में एक बेहद स्पष्ट और बड़ा संदेश गया है कि हिमाचल की जनता जमीनी स्तर से पूरी तरह भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहती है और वह वर्तमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा विफलताओं से पूरी तरह तंग आ चुकी है। मुख्यमंत्री पर सीधा हमला बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री दिल्ली दौरे से लौटते ही सार्वजनिक रूप से पूछ रहे थे कि भाजपा आखिर किस नैतिक आधार पर पंचायत चुनावों में अपनी जीत के बड़े-बड़े दावे कर रही है, तो आज मैं इस मंच से उन्हें पूरे आंकड़े सहित यह बताना चाहता हूँ कि हमने प्रदेश भर में 70 प्रतिशत से अधिक पंचायत प्रतिनिधि जीते हैं जो पूरी निष्ठा के साथ हमारे साथ मजबूती से चल रहे हैं, इसलिए मुख्यमंत्री जी अब आपकी बारी है कि आप प्रदेश की जनता को बताएं कि आपके साथ कितने लोग चले हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें इस तरह के झूठे दावे और भ्रामक आंकड़े जनता के सामने पेश करने से पूरी तरह बचना चाहिए था, क्योंकि यह जनमत सीधा-सीधा उनकी वर्तमान सरकार के खिलाफ आया है और आज समाज का हर वर्ग, चाहे वह कर्मचारी हो, युवा हो या किसान, इस सरकार के कुप्रबंधन से बेहद दु:खी है। अंत में, उन्होंने सभी विजयी जन प्रतिनिधियों को पूरी तरह आश्वस्त करते हुए विश्वास दिलाया कि आगे आने वाला वक्त पूरी तरह से भाजपा का है और आने वाले समय में भाजपा ही पूर्ण बहुमत के साथ हिमाचल प्रदेश में फिर से अपनी सरकार बनाएगी

# पवन अध्यक्ष और शिवचरण बने उपाध्यक्ष

## एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ पंचायत समिति गोपालपुर के नेतृत्व का चुनाव



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पंचायत समिति गोपालपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए बुधवार को विकास खंड कार्यालय गोपालपुर, सरकाघाट स्थित सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव में पवन कुमार को अध्यक्ष तथा शिवचरण को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया की अध्यक्षता एसडीएम एवं प्राधिकृत अधिकारी सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने की। बैठक में पंचायत समिति गोपालपुर के 27 वार्डों के नवनिर्वाचित सदस्यों में से 18 सदस्य उपस्थित रहे। निर्धारित प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद के लिए वार्ड नंबर-2 थौना से पंचायत समिति सदस्य पवन कुमार तथा उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड नंबर-19 गोपालपुर से पंचायत समिति सदस्य शिवचरण ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

दोनों पदों के लिए अन्य कोई नामांकन प्राप्त न होने के कारण प्राधिकृत अधिकारी ने पवन कुमार को पंचायत समिति गोपालपुर का अध्यक्ष तथा शिवचरण को उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उपस्थित सदस्यों एवं अधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई दी तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# देवी सिंह पंचायत समिति निहरी के अध्यक्ष, देवेंद्र चुने उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। पंचायत समिति निहरी में वीरवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हुए। एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों ने भाग लिया। चुनावी प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की जांच और निर्धारित औपचारिकताएं पूरी होने के उपरांत रिटर्निंग अधिकारी अमर नेगी ने पंचायत समिति वार्ड-6 गलयोग सिनी और प्रेसी के देवी सिंह कौशल को पंचायत समिति निहरी का अध्यक्ष तथा पंचायत समिति वार्ड-14 बलग के देवेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष



निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद उपस्थित सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई दी तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पंचायत समिति क्षेत्र के समग्र विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

# मांगें न मानने पर दी 'काम छोड़ो आंदोलन' की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** एचआरटीसी कार्यशाला बरच्छवाड़ में चालक, परिचालक एवं तकनीकी कर्मचारियों ने लंबित वित्तीय लाभों की मांग को लेकर गेट मीटिंग आयोजित कर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2016 के पे-स्केल एरियर की किस्त, 15 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) तथा पिछले छह वर्षों का ओवरटाइम और नाइट भत्ता अभी तक उन्हें नहीं मिला है। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए परिचालक इकाई अध्यक्ष जयकिशन राणा और चालक कमलेश कुमार ने कहा कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को 2016 पे-स्केल एरियर का लाभ करीब चार वर्ष पहले मिल चुका है, लेकिन एचआरटीसी कर्मचारियों को आज तक इसका भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि

### एचआरटीसी कर्मचारियों ने लगाए सरकार विरोधी नारे

कर्मचारियों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है, जिससे उनमें भारी रोष है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि निगम प्रबंधन और हिमाचल सरकार 24 जून 2026 तक कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा नहीं करती है, तो 25 जून 2026 से निगम के कर्मचारी 'काम छोड़ो आंदोलन' शुरू करेंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि आंदोलन के कारण यदि परिवहन सेवाएं प्रभावित होती हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन और राज्य सरकार की होगी। इस अवसर पर चालक यूनियन, तकनीकी संगठन और परिचालक यूनियन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की।

# महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश

## वरिष्ठ नागरिक होम मंडी में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

अनंत ज्ञान

**विजय कुमार, हटगढ़।** श्री राजपूत सभा मंडी एवं क्षत्रिय संघ जिला मंडी के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती वरिष्ठ नागरिक होम, जेल रोड मंडी में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान, त्याग और वीरता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय इतिहास का प्रेरणास्रोत बताया।

इस दौरान सभा की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई।कृष्ण चंद महादेविया ने महाराणा प्रताप के आदर्शों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी वर्गों से राष्ट्र एवं समाज हित में मिलकर कार्य करने की अपील की। वक्ताओं ने युवाओं को



मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि एवं राजपूत सभा के पदाधिकारी।

महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की जमा दो कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों गरिमा सेन, नीलम, सेजल ठाकुर, रितिका, उदय ठाकुर, मनुज, मन्नत, इशिता, तनिशा,

### सभी वर्गों से राष्ट्र एवं समाज हित में कार्य करने की अपील

शिवानी, पल्लवी, शगुन, हिमांशु, सिमरन और आराध्य को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल एमके मंडयाल ने की तथा मंच संचालन सीताराम वर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. राजेंद्र पाल, कमल सिंह पठानिया, गंगाराम ठाकुर, सूबेदार दिलीप चंदेल, भगत राम, सुषमा ठाकुर, मीना चंदेल, प्रकाश चंदेल, राम सिंह गलेरिया और जितेंद्र चौहान सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# हराबाग स्कूल के 12 युवा भारतीय सेना में चयनित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग के छात्र-छात्राएं शिक्षा, खेल और विभिन्न प्रतियोगी क्षेत्रों में लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। हाल ही में स्कूल के 12 छात्र भारतीय सेना में चयनित हुए हैं, जबकि स्कूल की पूर्व छात्रा मलन गांव की संजलि ने भारतीय वायु सेना में भर्ती होकर स्कूल और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। संजलि जोगिंदरनगर क्षेत्र की उन चुनिंदा बेटियों में शामिल हो गई हैं जिन्होंने भारतीय वायु सेना में स्थान प्राप्त कर अन्य युवतियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

वहीं हराबाग स्कूल में अध्ययन के दौरान शारीरिक शिक्षक परस राम के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले घरोन गांव के दो भाई आदित्य और आशीष सहित दीक्षांत, रोहित, सुजल, साहिल, पुष्पराज, चंद्रेश तथा अन्य विद्यार्थियों ने भारतीय सेना में भर्ती होकर अपने सपनों को साकार किया है। इन सभी सफल पूर्व छात्रों के सम्मान में विद्यालय परिसर में विशेष

### संजलि ने वायु सेना में भर्ती होकर बढ़ाया मान, स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. हरीश अवस्थी की धर्मपत्नी नीना अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि एक ही विद्यालय के 12 छात्रों का एक साथ भारतीय सेना में चयन होना अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने संजलि की उपलब्धि की भी सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। उन्होंने शारीरिक शिक्षक परस राम के प्रयासों की भी प्रशंसा की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के अनेक छात्र खेलों तथा सैन्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य सूरत राम, संजय कुमार, भूपेंद्र शर्मा, भाग मल, बंटी सूद, कविता, अंजली, भवानी, उमा, एसएमसी प्रधान मीरा देवी, मनीष तथा पंकज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**खेलकूद** | एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में अंतर सदनीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

# मुख्यातिथि दिनेश कुमार ने नवाजे विजेता

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर तताहर में आयोजित दो दिवसीय अंतर सदनीय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का समापन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। समापन समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश कुमार नरंग मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना को मजबूत बनाते हैं। विद्यालय के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार राणा ने खिलाड़ियों, अध्यापकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं



खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि दिनेश कुमार नरंग एवं विद्यालय प्रबंधन।

विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज और बैडमिंटन के मुकाबले आयोजित किए गए। चारों सदनों—एपीजे हाउस, आर्यभट्ट हाउस, कल्पना चावला हाउस और सी.वी. रमन हाउस—के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कबड्डी में जूनियर बालक वर्ग में कल्पना चावला हाउस, जूनियर बालिका वर्ग में सी.वी. रमन हाउस तथा सीनियर बालक व बालिका वर्ग में आर्यभट्ट हाउस विजेता रहा। वॉलीबॉल में जूनियर बालक वर्ग में आर्यभट्ट हाउस, सीनियर बालक वर्ग में एपीजे हाउस और सीनियर बालिका वर्ग में सी.वी. रमन हाउस ने जीत दर्ज की। बास्केटबॉल ओपन वर्ग में कल्पना चावला हाउस विजेता रहा। शतरंज में आदर्श, अनिक, समायरा और प्रतिभा ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में सी.वी. रमन हाउस और कल्पना चावला हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों और सदनों को बधाई देते हुए भविष्य में भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# आंधी से बीबीएमबी अस्पताल चौक पर शौचालय क्षतिग्रस्त

अनंत ज्ञान

**रमेश भारती, जंगमबाग।** ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बीती शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज अंधड़ के साथ हुई भारी बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन कई स्थानों पर नुकसान भी देखने को मिला। तेज हवाओं के कारण अनेक पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। वहीं कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां मकानों, दुकानों और अन्य ढांचों पर गिरने से नुकसान हुआ। धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल जंगमबाग से सटे बीबीएमबी (भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड) क्षेत्र में भी अंधड़ ने काफी तबाही मचाई। बीबीएमबी अस्पताल चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय तथा आसपास के खोखों पर सफेदे के पेड़ की बड़ी शाखाएं टूटकर गिर गईं। इस घटना में विशेष रूप से विकलांगों के लिए बनाए गए सार्वजनिक शौचालय को

### पेड़ उखड़े, टहनियां टूटकर सड़कों और भवनों पर गिरीं

नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से मानसून जैसी परिस्थितियों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है, जिससे अभी से नुकसान का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में आगामी मानसून के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से संवेदनशील क्षेत्रों में सूखे एवं जर्जर पेड़ों की पहचान कर उनकी छंटाई करवाने तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने की मांग की है।क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त मंडी से आग्रह किया है कि मानसून सीजन को देखते हुए संबंधित विभागों को अलर्ट किया जाए ताकि किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### गढ़पति नाग चवासी के प्रकाश उत्सव पर रोपे पौधे

**अनंत ज्ञान, भौर।** चवासी घाटी के आराध्य देव गढ़पति नाग चवासी के प्रकाश उत्सव के अवसर पर एसएमएस प्रोडक्शन के बैनर तले संपूर्ण घाटी में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न महिला मंडलों, युवक मंडलों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा देव नाग चवासी से समस्त घाटी की सुख-समृद्धि और सलामती की कामना की। अभियान में शामिल लोगों ने संकल्प लिया कि हरित चवासी अभियान को आने वाले वर्षों में और गति दी जाएगी तथा अगले दस वर्षों में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। अभियान के संयोजक संजय एसएमएस ठाकुर, कारदार टी.सी. ठाकुर, मंदिर कमेटी प्रधान ध्यान सिंह ठाकुर, मुख्य भंडारी हुक्म चंद, अरुण वर्मा, गुर देव विवेक ठाकुर, गुर देव खोड़ू, सुनील कुमार, गुर देव छोई व अन्य ने अभियान में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।




**ईश्वर** ने तुम्हें सिर्फ एक चेहरा दिया है और तुम उस पर कई चेहरे चढ़ा लेते हो, जो व्यक्ति सोने का बहाना कर रहा है उसे आप उठा नहीं सकते।

–नवाजो

## संपादकीय

# सेहत और नशे पर नियंत्रण

देश में नशे की बढ़ती समस्या आज एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौती बन चुकी है। खासकर युवाओं में नशे की नई प्रवृत्तियों ने सरकारों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। बीते कुछ वर्षों में यह देखने में आया है कि कई प्रकार की दवाओं का दुरुपयोग नशे के रूप में किया जाने लगा है। इनमें कफ सिरप भी प्रमुख रूप से शामिल है। यही कारण है कि सरकार ने कफ सिरप की बिक्री और वितरण को लेकर नियमों को और अधिक सख्त बनाने का फैसला किया है। यह कदम केवल नशे पर अंकुश लगाने के लिए ही नहीं, अपितु लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कफ सिरप सामान्य तौर पर खांसी और श्वसन संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए उपयोग में लाई जाने वाली दवा है। चिकित्सक मरीज की उम्र, स्वास्थ्य स्थिति और बीमारी की गंभीरता को देखते हुए इसकी खुराक निर्धारित करते हैं, लेकिन जब यही दवा बिना चिकित्सकीय सलाह और बिना निगरानी के उपलब्ध हो जाती है, तब इसके दुरुपयोग की आशंका बढ़ जाती है। कई जगहों पर युवाओं द्वारा नशे के लिए कफ सिरप का सेवन करने के मामले सामने आए हैं। इससे न केवल उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, अपितु धीरे-धीरे वे गंभीर लत का शिकार भी हो जाते हैं।

सरकार द्वारा कफ सिरप की बिक्री को केवल लाइसेंस प्राप्त दवा दुकानों तक सीमित करने का निर्णय इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे दवा वितरण व्यवस्था अधिक जिम्मेदार और पारदर्शी बनेगी। अब मरीजों को दवा लेते समय उचित सलाह मिल सकेगी। फार्मासिस्ट यह बता सकेंगे कि दवा कब, कितनी मात्रा में और कितने दिनों तक लेनी है। साथ ही दवा के संभावित दुष्प्रभावों और सावधानियों की जानकारी भी मरीजों तक पहुंचेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोग किसी भी दवा को सामान्य समझकर उसका उपयोग शुरू कर देते हैं, जिससे कई बार स्थिति और अधिक जटिल हो जाती है। नई व्यवस्था इस समस्या को काफी हद तक कम कर सकती है। स्वास्थ्य सुविधाओं के दृष्टिकोण से भी यह फैसला महत्वपूर्ण है। भारत के अनेक ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभी भी सीमित है। लोग छोटी-छोटी बीमारियों में डॉक्टर के पास जाने के बजाय स्वयं दवा खरीदकर सेवन कर लेते हैं। कई बार गलत दवा या गलत मात्रा में दवा लेने से बीमारी ठीक होने के बजाय और बढ़ जाती है। ऐसे में यदि दवाओं की उपलब्धता प्रशिक्षित फार्मासिस्टों और अधिकृत दवा दुकानों के माध्यम से होगी तो मरीजों को बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा। यह व्यवस्था प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में भी सहायक साबित हो सकती है।

हालांकि इस फैसले के साथ सरकार की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। केवल नियम सख्त कर देना पर्याप्त नहीं होगा। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि दूरदराज के गांवों में लोगों को आवश्यक दवाएं समय पर उपलब्ध हों। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाइसेंस प्राप्त दवा दुकानें बहुत कम हैं। यदि किसी गांव के लोगों को साधारण कफ सिरप लेने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़े तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मेसी नेटवर्क को मजबूत करने, मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर भी ध्यान देना चाहिए।

नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानूनी कार्रवाई से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं के बीच यह संदेश पहुंचाना जरूरी है कि दवाओं का दुरुपयोग भी उतना ही खतरनाक है जितना अन्य मादक पदार्थों का सेवन। फार्मेसियों की जवाबदेही तय करना भी बेहद आवश्यक है। यदि बिना वैध पर्चे के दवाओं की बिक्री जारी रहती है तो किसी भी नियम का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा। संबंधित विभागों को समय-समय पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का पालन हो रहा है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए ताकि गलत प्रवृत्तियों पर प्रभावी रोक लग सके।

जरूरी यह है कि स्वास्थ्य और नशा नियंत्रण को अलग-अलग विषय मानने के बजाय एक-दूसरे से जुड़ी चुनौती के रूप में देखा जाए। कफ सिरप पर नियंत्रण का उद्देश्य मरीजों को दवा से वंचित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि दवा सही व्यक्ति तक, सही कारण के लिए और सही मात्रा में पहुंचे। यदि यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू होती है तो इससे एक ओर लोगों की सेहत सुरक्षित होगी और दूसरी ओर नशे के नए स्रोतों पर भी रोक लग सकेगी। कुल मिलाकर, कफ सिरप की बिक्री संबंधी नियमों को सख्त बनाना समय की मांग थी। यह निर्णय जनस्वास्थ्य की सुरक्षा, दवा के जिम्मेदार उपयोग और नशे की रोकथाम की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### वरिष्ठ कांग्रेसी एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता

**राहुल गांधी** (जन्म 19 जून 1970) भारत के प्रमुख राजनीतिक नेता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। वर्तमान में वे लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के पुत्र तथा इंदिरा गांधी के पौत्र हैं। उनका संबंध नेहरू-गांधी परिवार से है, जो भारतीय राजनीति का एक प्रमुख परिवार माना जाता है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली के मॉडर्न स्कूल और दून स्कूल में हुई। सुरक्षा कारणों से कुछ समय तक उन्होंने घर पर भी शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त की-कैंब्रिज विश्वविद्यालय से एमफिल और अन्य संस्थानों से अध्ययन किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने कुछ समय एक परामर्श कंपनी में कार्य किया और बाद में भारत लौट आए।



राहुल गांधी
जन्म : 19 जून, 1970

राहुल गांधी ने 2004 में राजनीति में प्रवेश किया और उत्तर प्रदेश के अमेठी से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर जनता से जुड़ने पर ध्यान दिया। वे युवा कांग्रेस और एनएसयूआई जैसे छात्र एवं युवा संगठनों से भी जुड़े रहे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में कई संगठनात्मक बदलाव किए और युवाओं को नेतृत्व में अवसर देने की नीति अपनाई। 2009 के लोकसभा चुनावों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी गई, जिसमें कांग्रेस ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया। बाद में वे पार्टी महासचिव, उपाध्यक्ष और फिर कांग्रेस अध्यक्ष बने। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली में ग्रामीण भारत से जुड़ाव, सामाजिक मुद्दों पर फोकस और संगठनात्मक सुधार प्रमुख रहे हैं। वे गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता जैसे विषयों को लगातार उठाते रहे हैं। उनकी राजनीति पर समर्थन और आलोचना दोनों मिलती रही हैं, लेकिन वे भारतीय राजनीति में एक प्रमुख और प्रभावशाली चेहरा बने हुए हैं।



कविता

### सच बोलने लगा हूं

डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे

**मेरी** सच बातें अब लोगों को चुभने लगी हैं।
इसीलिए अब खुलकर सच बोलने लगा हूं।
कुछ चले थे खामोश कराने मुझे।
अब हर बात जमाने से कहने लगा हूं।
बहुत बार टूटा है भरोसा मेरा लोगों से।
अब हर चेहरे को देखकर दूर होने लगा हूं।
बहुत निभाए हैं रिश्ते अब दिल टूटने लगा है।
बदले में अब खुद को दूर होते देखने लगा हूं।
भरोसा अशोक खुदी पर रखना।
अब रिश्ते में रिश्ते नहीं कहीं है।

# देवस्थल श्रद्धा के द्वार होते हैं नशे और अपव्यय के नहीं

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है। यह नाम केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और प्रकृति के प्रति सम्मान का परिचायक है, जिसने सदियों से इस प्रदेश की पहचान बनाई है। यहां के मंदिर, देवस्थल, पर्वत, झीलें और वन मानव और प्रकृति के सहअस्तित्व की उस परंपरा के साक्षी हैं, जहां जीवन को केवल भौतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी देखा जाता है।



डॉ. अंकिता चौधरी
सह-प्राध्यापक, अभिलाषी विश्वविद्यालय, मंडी (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसी देव संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र है कमरूनाग देवता का पावन धाम। समुद्र तल से हजारों फीट की ऊंचाई पर स्थित यह स्थल केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत संगम का प्रतीक है। प्रतिवर्ष लगने वाला सरनाहुली मेला हजारों श्रद्धालुओं को कठिन यात्रा कर यहां खींचकर पहुंचते हैं। यह मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हिमाचल की लोक संस्कृति, सामुदायिक सहयोग और श्रद्धा का उत्सव होता है, किंतु इस वर्ष मेले के उपरांत जो दृश्य सामने आए, उन्होंने अनेक गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। एक ओर श्रद्धालुओं ने भंडारों के माध्यम से सेवा का भाव प्रदर्शित किया, वहीं दूसरी ओर बड़ी मात्रा में भोजन के अपव्यय, कूड़े-कचरे के ढेर और कुछ स्थानों पर नशे के सेवन की घटनाओं ने चिंतन के लिए विवश कर दिया। प्रश्न यह नहीं है कि कितने भंडारे लगे या कितने लोग मेले में शामिल हुए; प्रश्न यह है कि क्या हम अपनी आस्था के वास्तविक अर्थ को समझ पा रहे हैं? भारतीय संस्कृति में अन्न को देवतुल्य माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है-'अन्नं ब्रह्म'। अर्थात अन्न स्वयं ब्रह्म का स्वरूप है। जिस भोजन को प्रसाद और सेवा का माध्यम मानकर तैयार किया गया हो, उसका बड़ी मात्रा में व्यर्थ जाना केवल संसाधनों की बर्बादी नहीं, बल्कि उस सेवा भावना का भी अपमान है जिसके कारण भंडारों की परंपरा अस्तित्व में आई। आज जब समाज का एक बड़ा वर्ग भोजन जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए संघर्ष कर रहा है, तब धार्मिक आयोजनों में अन्न का अपव्यय हमारी सामूहिक संवेदनशीलता पर प्रश्नन्हि लगाता है। इसी प्रकार नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है।

देवस्थल मनुष्य को आत्मसंयम, मर्यादा और आत्मशुद्धि का संदेश देते हैं। यहां व्यक्ति अपने भीतर की अशांति को त्यागकर शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने आता है। ऐसे स्थानों पर यदि नशे का सेवन होने लगे, तो यह केवल सामाजिक अनुशासन का उल्लंघन नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति उदासीनता का परिचायक भी है। भक्ति और नशा दो विपरीत दिशाएं हैं।



एक मनुष्य को भीतर से ऊंचा उठाती है, तो दूसरी उसकी चेतना को कमजोर करती है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं हम धार्मिक आयोजनों की आत्मा को खोते तो नहीं जा रहे। क्या हमारी आस्था केवल भीड़, आयोजन और प्रदर्शन तक सीमित होती जा रही है? क्या हम सेवा के मूल उद्देश्य को भूलकर केवल औपचारिकताओं में उलझ रहे हैं? यह प्रश्न केवल कमरूनाग मेले का नहीं, बल्कि समूची देवभूमि और उसके भविष्य का है। हिमाचल की देव संस्कृति हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करना सिखाती है। यहां पर्वतों को देवस्वरूप माना गया, जल स्रोतों को पूजनीय समझा गया और वनों को जीवन का आधार। इसी कारण देवस्थलों के आसपास स्वच्छता, संयम और अनुशासन को विशेष महत्व दिया जाता रहा है। दुर्भाग्यवश आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रभाव में हम धीरे-धीरे इन मूल्यों से दूर होते दिखाई दे रहे हैं।

आज आवश्यकता केवल प्रशासनिक कार्रवाई की नहीं है। आवश्यकता सामाजिक जागरूकता और आत्ममंथन की है। धार्मिक आयोजनों में भोजन का वैज्ञानिक प्रबंधन हो, बचा हुआ भोजन जरूरतमंदों तक पहुंचाने की व्यवस्था बने, देवस्थलों को पूर्णतः नशामुक्त घोषित किया जाए और श्रद्धालुओं में यह भावना विकसित की जाए कि वे केवल दर्शक नहीं, बल्कि देव संस्कृति के संरक्षक हैं। युवाओं की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि नई पीढ़ी देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत को समझे और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा नशामुक्त समाज के अभियान से जुड़े, तो आने वाले समय में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। आस्था तभी सार्थक है जब वह हमारे व्यवहार में दिखाई दे। केवल माथा टेक देना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन मूल्यों को भी अपनाना आवश्यक है जिनका संदेश देवस्थल हमें देते हैं।

कमरूनाग मेले से जुड़ी घटनाएं हमें एक अवसर भी देती हैं-आत्मचिंतन का कि क्या हम अपनी देव संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक उसी पवित्रता के साथ पहुंचा पाएंगे, जैसी हमें विरासत में मिली है। यदि आज हमने सावधानी नहीं बरती, तो देवस्थलों की भव्यता तो बची रह सकती है, लेकिन उनकी आत्मा धीरे-धीरे क्षीण हो जाएगी। देवभूमि हिमाचल केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना है। देवस्थल सकारात्मक ऊर्जा, श्रद्धा और अध्यात्म के पवित्र केंद्र हैं। उनकी गरिमा बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। देवभूमि का सम्मान केवल पूजा से नहीं, बल्कि संस्कारों, स्वच्छता और जिम्मेदार आचरण से होता है। मंदिर श्रद्धा के स्थल हैं, नशे, प्रदूषण, अपव्यय और प्रदर्शन के नहीं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सुख के दिन आए तो लड़ लेना, दुःख तो साथ रोने से कटता है

सुख एक ऐसा उत्सव है जिसके लिए निमंत्रण-पत्र छपवाने नहीं पड़ते। उसके द्वार पर दीपक स्वयं जल उठते हैं और शहनाइयां बिना आदेश के बजने लगती हैं। सुख के आंगन में भीड़ स्वयमेव जुट जाती है। हंसी के काफिले में सम्मिलित होने के लिए हर यात्री अपना नाम अग्रिम पंक्ति में लिखाना चाहता है। बधाइयों की पालकी उठाने को सौ कंधे तत्पर मिल जाते हैं, और मंगल-गीत गाने के लिए सहस्रों कंठ खुल जाते हैं। उस दिन भूले-बिसरे रक्त-संबंध अचानक जाग उठते हैं। वर्षों से धूल खाती मित्रताएं अंकुरित हो उठती हैं। हिस्सेदारी के दावेदारों की एक अलिखित, अदृश्य न्याय-सभा बैठ जाती है, जहां प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकार का प्रमाणपत्र लेकर खड़ा होता है। सुख के दिन में मनुष्य कभी अकेला नहीं होता, क्योंकि सुख पर सबका जन्मसिद्ध अधिकार होता है, पर दुःख एक ऐसा एकांत है जहां मनुष्य अपनी आत्मा के साथ निर्वस्त्र, निःशस्त्र खड़ा होता है। वहां न कोई पद काम आता है, न प्रतिष्ठा, न बैंक का शेष, न ख्याति की चादर। उस घड़ी में शब्दों के सारे कोश मूक हो जाते हैं। तर्कों की सारी धार भोथरी पड़ जाती है। सांत्वना के सारे ग्रंथ निरर्थक लगते हैं। उस समय केवल एक मौन कंधा चाहिए होता है जिस पर सिर रखकर मन का सारा भार, सारा विष, सारी थकान उतारी जा सके। एक हथेली चाहिए होती है जो बिना प्रश्न किए, बिना ज्ञान बघारे, केवल आंसू पोंछ दे और कह दे, 'मैं हूँ न।' दुःख की रात्रि में सूर्य कोई और नहीं उगाता। उसे स्वयं ही अपनी पीड़ा के तेल से, अपनी सहनशक्ति की बाती से, अपना दीपक जलाना पड़ता है।



नरेंद्र भारती
सामाजिक विचारक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्रेमचंद ने जब यह कहा था-'सुख के दिन आए तो लड़ लेना, दुःख तो साथ रोने से कटता है' -तब वे किसी वृद्ध दार्शनिक का प्रलाप नहीं कर रहे थे। वे मनुष्य के चरित्र का चिट्ठा खोल रहे थे। वे उस शाश्वत सत्य को उघाड़ रहे थे जिसे हम सब अपने जीवन में प्रतिदिन जीते हैं, पर स्वीकारने से कतराते हैं। उन्होंने 'गोदान' के होरी को रचकर बता दिया था कि मरने के बाद गोदान के लिए गाय का मूल्य देने वाले तो बहुत मिलेंगे, पर जीते-जी हल की मुठिया पकड़ने वाला, खेत में पानी देने वाला कोई नहीं मिलेगा। उन्होंने 'कफन' के घीसू-माधव से कहलवा दिया था कि पत्नी की लाश के कफन के पैसों से भी पहले अपनी क्षुधा शांत करने वाले इस संसार में कम नहीं। दुःख भी उनके लिए एक अवसर है। आज देखता हूं, सौ वर्ष बाद भी मनुष्य का मूल स्वभाव वहीं खड़ा है। केवल उसके वस्त्र बदल गए हैं, उसकी भाषा बदल गई है, उसके बहाने बदल गए हैं। आत्मा वही है। सुख के समय मनुष्य के आसपास लोगों की भीड़ स्वतः जुट जाती है। सफलता, उत्सव, नई उपलब्धियों और खुशियों में रिश्तेदार, मित्र और परिचित बधाइयां देने पहुंच जाते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक, शुभकामनाएं और प्रशंसा की बाढ़ आ जाती है। उस समय हर कोई स्वयं को अपना और सहभागी बताता है, लेकिन दुःख की घड़ी में यही भीड़ गायब हो जाती है। शोक, संकट और हानि के समय वास्तविक साथ देने वाले लोग बहुत कम रह जाते हैं। आज के युग में लोग संवेदनाएं व्यक्त तो कर देते हैं, पर किसी के दुःख में शारीरिक और भावनात्मक रूप से उपस्थित होने से बचते हैं। लेखक के अनुसार आधुनिक समाज ने तकनीकी और भौतिक प्रगति तो कर ली है, लेकिन मानवीय संवेदना खोता जा रहा है।



सुख में मनुष्य का अहंकार बढ़ता है, जबकि दुःख उसके अहंकार को तोड़कर उसे सच्चे रिश्तों की पहचान कराता है। दुःख की अग्नि में ही संबंधों की परीक्षा होती है और वही लोग अपने सिद्ध होते हैं जो बिना स्वार्थ के साथ खड़े रहते हैं।

जीवन के अंत में धन, पद और प्रसिद्धि नहीं, बल्कि वे लोग याद आते हैं जिन्होंने कठिन समय में हाथ थामा था। वास्तव में दुःख बांटने से कम होता है और सच्चे रिश्तों की पहचान भी उसी से होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संयुक्त परिवार की अपेक्षा एकल परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए घातक

भारतीय संस्कृति में परिवार केवल रिश्तों का समूह नहीं, बल्कि संस्कार, प्रेम, सहयोग और सामूहिक उत्तरदायित्व की पाठशाला माना गया है। सदियों तक संयुक्त परिवार व्यवस्था भारतीय समाज की पहचान रही है, जहां दादा-दादी का स्नेह, चाचा-चाची का मार्गदर्शन और भाई-बहनों का साथ बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देता था, किंतु आधुनिकता, शहरीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण संयुक्त परिवारों का स्थान तेजी से एकल परिवारों ने ले लिया है।



सुभाष चंद काशव
गांव जौवा, डाकघर गैहरा तहसील व जिला चंबा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पहली दृष्टि में एकल परिवार अधिक सुविधाजनक और स्वतंत्र प्रतीत होते हैं, लेकिन बच्चों के सर्वांगीण विकास के संदर्भ में इनके कई दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं। बच्चों का विकास केवल अच्छी शिक्षा और भौतिक सुविधाओं से नहीं होता, बल्कि मानसिक, सामाजिक, नैतिक और भावनात्मक विकास भी उतना ही आवश्यक है। यही वह क्षेत्र है जहां संयुक्त परिवार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संयुक्त परिवार बच्चों के लिए जीवन का पहला विद्यालय होता है। यहां वे केवल बोलना और चलना ही नहीं सीखते, बल्कि अनुशासन, सहयोग, सहनशीलता और सामूहिक जीवन के मूल्य भी आत्मसात करते हैं। परिवार के विभिन्न सदस्यों के साथ रहकर बच्चे रिश्तों की अहमियत समझते हैं और सामाजिक व्यवहार के गुण विकसित करते हैं। इसके विपरीत एकल परिवारों में बच्चों का सामाजिक दायरा सीमित हो जाता है।

आज अधिकांश एकल परिवारों में माता-पिता दोनों कार्यरत होते हैं। ऐसे में बच्चों को पर्याप्त समय नहीं मिल पाता और वे मोबाइल, इंटरनेट तथा टेलीविजन पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। इससे भावनात्मक अकेलापन बढ़ता है, जो कई बार तनाव, चिड़चिड़ापन और अवसाद का कारण बनता है। संयुक्त परिवारों में दादा-दादी और अन्य सदस्य बच्चों को समय, स्नेह और मार्गदर्शन देकर इस कमी को काफी हद तक पूरा कर देते हैं। संस्कारों के निर्माण में भी संयुक्त परिवारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बुजुर्गों के अनुभव और जीवन मूल्य बच्चों को नैतिकता, ईमानदारी, धैर्य और परोपकार की शिक्षा देते हैं। दादा-दादी की कहानियां केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का माध्यम होती हैं। इसके विपरीत एकल परिवारों में बच्चों का संपर्क पारंपरिक मूल्यों और पारिवारिक अनुभवों से अपेक्षाकृत कम हो जाता है। संयुक्त परिवार बच्चों में सामूहिकता की भावना विकसित करते हैं। वे सीखते हैं कि जीवन केवल 'मैं' नहीं, बल्कि 'हम' से चलता है। साझा जिम्मेदारियां, आपसी सहयोग और दूसरों की भावनाओं का सम्मान उन्हें बेहतर नागरिक बनने में सहायता करता है। वहीं एकल परिवारों में कई बार बच्चों में आत्मकेंद्रित सोच, अधीरता और जिद जैसी प्रवृत्तियां अधिक विकसित हो जाती हैं।



डिजिटल युग में बच्चों की सुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती है। अकेलापन उन्हें सोशल मीडिया और इंटरनेट की दुनिया में अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करता है, जहां वे गलत प्रभावों का शिकार हो सकते हैं। संयुक्त परिवारों में सदैव किसी न किसी बड़े की निगरानी और मार्गदर्शन उपलब्ध रहता है, जिससे भटकाव की संभावना कम होती है।

यह भी सत्य है कि सभी संयुक्त परिवार आदर्श नहीं होते और कुछ एकल परिवार बच्चों को उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करते हैं। इसलिए केवल परिवार का आकार नहीं, बल्कि उसका वातावरण और मूल्य अधिक महत्वपूर्ण हैं। फिर भी व्यापक दृष्टि से देखा जाए तो संयुक्त परिवार बच्चों को जो भावनात्मक सुरक्षा, सामाजिक अनुभव और सांस्कृतिक जड़ें प्रदान करते हैं, उनकी भरपाई एकल परिवारों में कठिन है।

आवश्यकता इस बात की है कि आधुनिक जीवनशैली अपनाने के बावजूद परिवारों में संयुक्तता की भावना बनी रहे। यदि अलग रहना भी पड़े तो बच्चों को दादा-दादी और रिश्तेदारों से जोड़कर रखना चाहिए, क्योंकि परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली वह शक्ति है जो बच्चों को संस्कारी, संवेदनशील और संतुलित नागरिक बनाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बढ़ते बिजली बिल और बदहाल विद्युत व्यवस्था से परेशान जनता


हिमाचल प्रदेश में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वादे के साथ सत्ता में आई सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से लोगों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन समय के साथ बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। पहले से ही पर्यावरण सेस, मिल्क सेस और अन्य शुल्कों का बोझ झेल रही जनता पर अब फ्यूल चार्ज के रूप में अतिरिक्त आर्थिक भार डाला गया है। कई उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में लगभग दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है।



सुखदेव सिंह
नूरपुर, जिला कांगड़ा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्रदेश में मामूली तूफान या तेज हवा चलने पर घंटों बिजली गुल हो जाना आम बात बन गई है। ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों के लोग अक्सर पूरी रात अंधेरे में बिताने को मजबूर हो जाते हैं। बिजली आपूर्ति बहाल करने में विभाग को कई घंटे लग जाते हैं। विद्युत विभाग की वित्तीय और संसाधन संबंधी चुनौतियों के कारण आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की प्रभावी व्यवस्था फिलहाल दिखाई नहीं देती। विद्युत विभाग में कर्मचारियों की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही है। जनसंख्या और बढ़ते उपभोक्ताओं के अनुपात में पर्याप्त नियुक्तियां नहीं हुई हैं। परिणामस्वरूप शिकायतों के समाधान में देरी होती है। रात के समय बिजली बाधित होने पर उपभोक्ताओं को विभागीय कार्यालयों में बंद दरवाजे और लटके ताले ही दिखाई देते हैं। कई स्थानों पर शिकायत दर्ज करने की उचित व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं है।

बिजली लाइनों के रखरखाव को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। कई स्थानों पर तारों को पर्याप्त स्पेसर लगाए बिना खंभों पर लटका दिया जाता है। समय पर तार न कसने के कारण वे नीचे झूलने लगते हैं। तेज हवा या तूफान के दौरान तारों के आपस में टकराने से स्पार्किंग होती है और ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ जाते हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। पेड़ों की टहनियों का बिजली तारों से टकराना भी कटौती का एक प्रमुख कारण है। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मरों पर दबाव भी बढ़ जाता है। कई बार ट्रांसफार्मर जल जाते हैं और उनकी मरम्मत या बदलने में कई दिन लग जाते हैं। इस दौरान विभाग के पास वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। बिजली बाधित होने से पेयजल योजनाएं भी प्रभावित होती हैं, क्योंकि अधिकांश जलापूर्ति योजनाएं बिजली पर निर्भर हैं। बार-बार बिजली कटौती से केवल घरेलू उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि छोटे-बड़े उद्योग भी प्रभावित होते हैं। उत्पादन कार्य बाधित होता है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण घरेलू उपकरणों के खराब होने की शिकायतें भी बढ़ रही हैं।



उपभोक्ताओं का सवाल है कि ऐसे मामलों में विभाग उनकी क्षति की जिम्मेदारी कब स्वीकार करेगा। हिमाचल प्रदेश देश को बिजली उपलब्ध कराने वाले प्रमुख राज्यों में शामिल है। ऐसे प्रदेश की जनता को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलना उसका अधिकार है। सरकार को चाहिए कि विद्युत विभाग में आवश्यक कर्मचारियों की भर्ती करे, बिजली लाइनों के रखरखाव को मजबूत बनाए, आपातकालीन सेवाओं को चौबीसों घंटे सर्ा,य रखे तथा बढ़ती बिजली दरों पर पुनर्विचार करे। यदि उपभोक्ताओं को सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराई जाती है, तभी जनता को वास्तविक राहत मिल सकेगी और सरकार के वादों पर विश्वास मजबूत होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## खूबसूरत अंदाज में लॉरा वोल्वार्ड्ट

**दक्षिण अफ्रीका।** द. अफ्रीका की महिला क्रिकेट कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं।



फीफा विश्व कप

### हैरी केन ने दो गोल कर दी लाइनकर के रिकॉर्ड की बराबरी

# इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 4-2 से हराया

**एजेंसी, आर्लिंगटन (अमेरिका)**




हैरी केन ने दो गोल करके विश्व कप फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे उनकी टीम ने ग्रुप एल के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 4-2 की जीत से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। केन ने 12वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। उन्होंने इसके बाद 42वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। मार्टिन बटुरिना (36वें) और पीटर मूसा ने पहले हाफ में गोल करके क्रोएशिया को मुकाबले में बनाए रखा। मूसा ने अपना गोल पहले हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में किया, लेकिन जूड बेलिंघम (47वें) ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद ही इंग्लैंड को निर्णायक बढ़त दिला दी। मार्कस रैशफोर्ड ने 85वें मिनट में बढ़त को और मजबूत कर दिया।

इन दोनों टीम के बीच 2018 में सेमीफाइनल में मुकाबला हुआ था जिसे क्रोएशिया ने जीता था लेकिन यहां इंग्लैंड की टीम बेहतर साबित हुई। मध्यांतर तक स्कोर 2-2 से बराबर पर था, लेकिन इंग्लैंड ने इसे 3-2 से अपने पक्ष में करने में देर नहीं लगाई। बेलिंघम ने इलियट एंडरसन से एक लंबा पास लिया और एक डिफेंडर और गोलकीपर डोमिनिक लिवकोविच को छकाते हुए गोल कर दिया। केन अब विश्व कप में 10 गोल कर चुके हैं। उन्होंने 1986 और 1990 के टूर्नामेंट में खेलने वाले गैरी लाइनकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

इस 32 वर्षीय खिलाड़ी को पहला गोल पेनल्टी किक पर मिले दूसरे मौके पर आया। लिवकोविच ने उनका पहला शॉट रोक दिया था लेकिन इसे वीडियो समीक्षा से पता चला कि जब केन ने गेंद पर शॉट मारा तब गोलकीपर के दोनों पैर गोल लाइन से बाहर थे। केन ने दूसरे प्रयास में भी दाहिने पोस्ट की ओर उसी दिशा में शॉट लगाया, जबकि लिवकोविच ने दूसरी दिशा में यानि अपनी दाहिनी ओर छलांग लगाई। पेनल्टी तब दी गई जब अपने पांचवें विश्व कप में खेल रहे 40 वर्षीय मिडफील्डर लुका मोड्रिक ने नोनी माडुएके की जांघ पर लात मारी। केन ने डेक्लन राइस के कॉर्नर किक पर जोरदार हेडर लगाकर दूसरा गोल किया और इस तरह से लाइनकर के रिकॉर्ड की बराबरी की। केन के अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या 81 हो गई है। क्रोएशिया के कोच यलात्को डैलिच ने कहा, ''हमने दो गोल किए जो अच्छे प्रयासों और अनुकूल परिस्थितियों का परिणाम थे, लेकिन वे काफी नहीं थे। इंग्लैंड के खिलाफ खेलना बहुत कठिन था, हमें रक्षापंक्ति को भी मजबूत करना होगा।'' इंग्लैंड का अगला मैच मंगलवार को फॉक्सबोरो, मैसाचुसेट्स में घाना से होगा, जबकि क्रोएशिया उसी दिन टोरंटो में पनामा का सामना करेगा। (अनंत ज्ञान)

## कालेब के अंतिम क्षणों के गोल से घाना जीता

**एजेंसी, टोरंटो।** घाना ने कालेब यिरेनकी के स्टॉपेज टाइम में किए गए गोल की बदौलत विश्व कप के ग्रुप एल मुकाबले में पनामा को 1-0 से हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। जब मैच गोलरहित बराबरी की ओर बढ़ रहा था, तब दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पांचवें मिनट में यिरेनकी ने ब्रैंडन थॉमस असारे के क्रॉस पर गोल दागकर टीम को जीत दिला दी। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा रहा और गोल के मौके भी कम बने। पनामा को उम्मीद थी कि वह विश्व कप में अपना पहला अंक हासिल कर लेगा, लेकिन अंतिम क्षणों में किए गए गोल ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। घाना को 65वें मिनट में भी बढ़त का मौका मिला था, लेकिन पनामा के डिफेंडर जियोवानी रामोस ने शानदार बचाव किया। इससे पहले मैच के दूसरे मिनट में पनामा के सेसिलियो वाटरमैन का प्रयास घाना के गोलकीपर लॉरेंस एटिजिगी ने विफल कर दिया था। इस जीत के साथ घाना ग्रुप एल में इंग्लैंड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया, जिसने अपने पहले मैच में क्रोएशिया को 4-2 से हराया था। (अनंत ज्ञान)

## रोनाल्डो का नहीं चला जादू, कांगो ने पुर्तगाल को 1-1 की ड्रा पर रोका



**एजेंसी, ह्यूस्टन**

विश्व कप में खिताब की प्रबल दावेदार पुर्तगाल को अपने पहले मैच में अप्रत्याशित झटका लगा। 52 साल बाद विश्व कप खेल रही कांगो की टीम ने उसे 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। मैच के छठे मिनट में जोआओ नेवेस के गोल से पुर्तगाल ने बढ़त बनाई, लेकिन पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में योआन विस्सा ने हेडर के जरिए कांगो को बराबरी दिला दी। यह कांगो के विश्व कप इतिहास का पहला गोल भी था। मैच में सभी की निगाहें क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर टिकी थीं, लेकिन वह कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए। उन्हें दूसरे हाफ में दो अच्छे मौके मिले, मगर दोनों बार गोल करने से चूक गए। ब्रूनो फर्नांडिस भी अंतिम क्षणों में विजयी गोल नहीं कर सके। कांगो के लिए यह ऐतिहासिक नतीजा रहा, जबकि पुर्तगाल को खिताब की दौड़ में शुरुआत से ही चेतावनी मिल गई। कांगो ने अनुशासित खेल और मजबूत रक्षापंक्ति के दम पर यूरोप की मजबूत टीम को अंक बांटने पर मजबूर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

### मेस्सी के फाउल का हवाला देकर जवाने से प्रतिबंध हटवाना चाहता है दक्षिण अफ्रीका

**एजेंसी, अटलांटा।** दक्षिण अफ्रीका के कोच ह्यूगो ब्रूस अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का हवाला देकर विश्व कप में लाल कार्ड मिलने के कारण मिडफील्डर थेम्बा जवाने पर लगे तीन मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ अपील करना चाहते हैं। मैक्सिको ने पिछले वीरवार को दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के तीन खिलाड़ियों को लाल कार्ड मिले थे। इनमें जवाने भी शामिल थे। ब्रूस ने कहा कि मंगलवार को अर्जेंटीना की अल्जीरिया पर 3-0 की जीत में मेस्सी के खिलाफ कोई सजा नहीं मिली, जबकि लग रहा था कि उन्होंने फाउल किया था। मैक्सिको सिटी में खेले गए मैच में जवाने को 84वें मिनट में रॉबर्टो अल्वाराडो के चेहरे पर मुक्का मारने के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया। सामान्य तौर पर इसके लिए एक मैच का निलंबन होता है, लेकिन फीफा ने बुधवार को कहा कि उसने इस सजा को बढ़ा दिया है, क्योंकि इसे गंभीर फाउल माना गया है। इस निलंबन का मतलब है कि अगर दक्षिण अफ्रीका अंतिम 16 तक पहुंचता है तो जवाने तब तक नहीं खेल पाएंगे। ब्रूस ने कहा, 'मुझे लगता है कि लाल कार्ड बहुत सख्त सजा है। मैंने उस घटना को दोबारा देखा जब थेम्बा को लाल कार्ड मिला था। मुझे नहीं लगता कि उसे लाल कार्ड मिलना चाहिए था।'' उन्होंने कहा, ''कल मेस्सी के साथ जो हुआ, उसे देखकर मैं इस फैसले से सहमत नहीं हूं। मेस्सी के मामले में वीडियो समीक्षा भी नहीं ली गई। मैं नहीं चाहता कि मेस्सी को लाल कार्ड मिले के उन्होंने दिखाया कि वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन इसमें अंतर क्या था।'' स्लो मोशन रिप्ले में दिखाया गया कि अर्जेंटीना की जीत में मेस्सी के जूते के स्टड अल्जीरिया के कप्तान आइसा मंडी के पैर की पिंडली पर लगे थे, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेस्सी ने मैच में हैट्रिक बनाई। (अनंत ज्ञान)

### हरमनप्रीत कौर बोलीं-मंधाना और शेफाली ने रखी जीत की नींव

**एजेंसी, लीड्स।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी20 विश्व कप में नीदरलैंड्स पर 95 रन की बड़ी जीत का श्रेय सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को दिया। भारत की यह महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी जीत रही, जिससे टीम ग्रुप-ए में शीर्ष पर पहुंच गई। 'प्लेयर ऑफ द मैच' स्मृति ने 74 रन बनाए, जबकि शेफाली ने 55 रन की तेज पारी खेलने के साथ 20 रन देकर तीन विकेट भी झटके।



हरमनप्रीत ने कहा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं था, लेकिन दोनों सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत देकर टीम को मजबूत मंच प्रदान किया। कप्तान ने शेफाली की गेंदबाजी की भी सराहना करते हुए कहा कि वह जरूरत पड़ने पर हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहती हैं और लगातार विकेट दिलाती हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि शेफाली भविष्य में बेहतरीन ऑलराउंडर बनेंगी। (अनंत ज्ञान)

# अगले साल एक सप्ताह पहले शुरू होगा आईपीएल: सैकिया

### बोले-गर्मी, प्री-मानसून बारिश के कारण लिया फैसला, नहीं बढ़ेंगे मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईपीएल का अगला सीजन एक हफ्ते पहले शुरू होगा। यह कहना है बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया का। सैकिया ने वीरवार को पीटीआई से कहा कि बढ़ती गर्मी और प्री-मानसून के कारण आईपीएल जल्दी शुरू होगा। इसकी तारीखें 10 मार्च से 15 मई 2027 हो सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि व्यस्त इंटरनेशनल कैलेंडर के कारण लीग में मैचों की संख्या नहीं बढ़ेगी। पहले लीग के मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 94 करने की तैयारी थी।

सैकिया ने कहा कि आईपीएल मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होकर मई के आखिरी हफ्ते तक चलता है, लेकिन मई के दूसरे पखवाड़े में कई वेन्यू पर बहुत ज्यादा गर्मी और बारिश की आशंका रहती है। इससे खिलाड़ियों और फैंस को परेशानी होती है। सैकिया ने बताया कि बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल इस पर चर्चा कर रहे हैं। बोर्ड ने गेम्स डेवलपमेंट महाप्रबंधक एबी कुरुविला को भी संभावित विंडो तलाशने का निर्देश दिए हैं। सैकिया ने यह भी कहा कि आईपीएल को मार्च में शुरू करने के लिए घरेलू क्रिकेट कैलेंडर में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं। उनकी कोशिश होगी कि घरेलू क्रिकेट सत्र 10 मार्च तक समाप्त हो जाए, ताकि उसके तुरंत बाद आईपीएल का आयोजन शुरू किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

हॉकी प्रो-लीग

## भारत ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-1 से हराया

**एजेंसी, रॉटरडैम (नीदरलैंड)**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के रॉटरडैम चरण के अपने दूसरे मैच में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले में भारतीय टीम के लिए मनदीप सिंह (7वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (13वें मिनट) और नीलाकांत शर्मा (35वें मिनट) ने गोल किए, जबकि जर्मनी की ओर से एकमात्र गोल राफेल हार्टकोफ (45वें मिनट) ने किया।

यह मैच अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह के लिए भी एक यादगार रहा। वह भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले हॉकी खिलाड़ी बने और उन्होंने पूर्व दिग्गज दिलीप टिर्की का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मनप्रीत ने यह अपना 413वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला, जबकि टिर्की ने 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। भारत ने मैच की शुरुआत अच्छी की और बॉल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा, जिससे शुरुआत में ही दबाव बना। इसका फायदा 7वें मिनट में मिला, जब मनदीप ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर के खत्म होने से ठीक पहले 13वें मिनट में लाकड़ा ने शानदार शॉट लगाकर जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टेडलर को छकाया और स्कोर 2-0 कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस मजबूत बना रहा। जर्मनी को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर 24वें मिनट में मिला, लेकिन अमित रोहिदास ने उसे रोक दिया। लगातार अटैक करने के बाद जर्मनी को 27वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन गोलकीपर मोहित ने आसानी से बचाव किया और हाफटाइम तक भारत की 2-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम गोल करने की कोशिश करती रही। उनकी मेहनत 35वें मिनट में रंग लाई, जब नीलाकांत ने शानदार गोल करके भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर जवाबी हमले किए और गोल करने के बराबर मौके बनाए। आखिरकार, तीसरे क्वार्टर के खत्म होने में कुछ सेकंड बाकी रहते हुए जर्मनी को सफलता मिली, जब राफेल हार्टकोफ ने 45वें मिनट में गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया। आखिरी क्वार्टर में भारतीय डिफेंस मजबूती से डटा रहा और जर्मनी को गोल करने से रोकते हुए 3-1 से शानदार जीत पक्की की। (अनंत ज्ञान)

महिला हॉकी नेशंस कप

# भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**एजेंसी, ऑकलैंड**



भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए वीरवार को आखिरी पूल मैच में उरुग्वे को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ भारत ने पूल-ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया, जिसमें अमेरिका, जापान और उरुग्वे पर लगातार तीन जीत शामिल हैं। अमेरिका पूल-ए में दूसरे स्थान पर रहा और भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया।

न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में भारत के लिए दीपिका (24वें मिनट, 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए चियारा एपेनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलार (55वें मिनट) ने गोल दागे। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए एक खास मौका था, जिन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। मुकाबले के पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद उरुग्वे ने 13वें मिनट में चियारा के गोल से बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, भारत ने जोरदार वापसी करते हुए हाफ टाइम से पहले अपनी शानदार फॉर्म में चल रही खिलाड़ी दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर को 24वें मिनट में सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। पहले हॉफ के बाद भारत ने अपनी खेल की तीव्रता बढ़ाते हुए लगातार दबाव बनाए रखा। 43वें मिनट में दीपिका सोरेंग के शानदार गोल की बदौलत भारत ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। उरुग्वे ने वापसी करते हुए कप्तान मनुएला के गोल से बराबरी कर ली। हालांकि, भारत ने तुरंत जवाब दिया। महज एक मिनट बाद दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर से अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 3-2 की बढ़त दिला दी, जिससे भारत की जीत सुनिश्चित हो गई। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अमित शाह से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने वीरवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तथा दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और सुदृढ़ करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ विशेष रूप से आतंकवाद-रोधी और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को और मजबूत बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों का लाभ भारत और अमेरिका के नागरिकों को मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 3,988 रुपए गिरी और सोना 816 रुपए हुआ कम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 18 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 3,988 रुपए गिरकर 2.44 लाख रुपए पर आ गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.48 रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 816 रुपए गिरकर 1.49 लाख रुपए पर आ गया है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 27 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी। (अनंत ज्ञान)

## जी-7 में पीएम मोदी की जेलेंस्की से मुलाकात, शांति और सहयोग पर जोर

**एजेंसी, एवियन ( फ्रांस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि दोनों देशों के बीच हाल के समय में सहयोग और आपसी संपर्क में निरंतर वृद्धि हुई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के रूप में दिखाई दे रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बैठक के दौरान भारत और यूक्रेन के बीच द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि व्यापारिक संबंधों को युद्ध-पूर्व स्तर तक बहाल किए जाने की आवश्यकता है, ताकि आर्थिक सहयोग को फिर से मजबूती मिल सके। उन्होंने अपने संदेश में यह भी स्पष्ट किया कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहेगा और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए अपनी भूमिका निभाता रहेगा। बैठक को दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जी-7 सम्मेलन के दौरान हुई यह मुलाकात वैश्विक स्तर पर चल रहे संघर्षों के बीच संवाद और कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

कार्यक्रम

### बैतूल में जनजातीय महासम्मेलन में शामिल हुई राष्ट्रपति

# विकास और संस्कृति का संतुलन ही एक सशक्त व समृद्ध समाज का आधार: मुर्मू

**एजेंसी, बैतूल**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि विकास और संस्कृति, दोनों का संतुलन ही एक सशक्त एवं समृद्ध समाज का आधार है। सार्थक विकास वह है, जो हमारी जड़ों और जीवन मूल्यों से पोषण भी ग्रहण करे तथा उन जड़ों को मजबूत भी बनाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु वीरवार को मध्य प्रदेश के बैतूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण' महासम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि उपभोग की संस्कृति पर आधारित आज की तेज भागती दुनिया में समाज के हर वर्ग की आध्यात्मिक शुचिता बहुत महत्वपूर्ण हो गयी है। इसी के बल पर दीर्घकालिक रूप से समता परक आचरण पद्धति और प्राकृतिक संपदाओं के प्रति संवेदनशील जीवन शैली विकसित की जा सकती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि समाज का वास्तविक सशक्तीकरण तब होता है जब व्यक्ति आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और जागरूकता के साथ पर सामाजिक दायित्वबोध के साथ अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय होता है। जब अध्यात्म और सेवा का संगम होता है, तब समाज में स्थायी परिवर्तन आता है।

बैतूल में कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर राष्ट्रपति ने सबसे पहले पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ की गई। इसके बाद राष्ट्रपति ने दीप प्रज्वलित कर महासम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया। मंच पर उन्हें स्मृति भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसके बाद महासम्मेलन की औपचारिक शुरुआत हुई। इस महासम्मेलन की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की। (अनंत ज्ञान)

## ई-पासपोर्ट घोटाले में नेपाल की पूर्व विदेश मंत्री देउवा जांच के घेरे में

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के एंटी करप्शन ब्यूरो ने ई-पासपोर्ट खरीद प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर पूर्व विदेश मंत्री आरजू देउवा को जांच के दायरे में लिया है। ब्यूरो की टीम ने उनके निवास पर पहुंचकर बयान के लिए उपस्थित होने का नोटिस चस्पा किया।

जांच एजेंसी को संदेह है कि आरजू देउवा के हस्तक्षेप से योग्यता पूरी न करने और अधिक कीमत का प्रस्ताव देने वाली कंपनी को ठेका मिला। इसी आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार नोटिस के बावजूद उपस्थित नहीं होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, ठेका प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करने और संबंधित पक्षों के बीच समन्वय में उनके बेटे जयवीर देउवा की भूमिका को लेकर भी शिकायतें मिली हैं। जांच के दौरान कुछ उपकरण और फोन संपर्कों के विश्लेषण के आधार पर उनसे भी पूछताछ की जरूरत महसूस की गई है। (अनंत ज्ञान)


अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

मैं, सेपती देवी पत्नी श्री प्रेम चन्द, निवासी वार्ड नं. 1, गांव सोहड़, डाकघर खोखन, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू हि.प्र., शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड (संख्या 553802441807) में मेरा नाम 'सेवती देवी' दर्ज है जोकि गलत है, मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम 'सेवती देवी' के स्थान पर 'सेपती देवी' करवाना चाहती हूं, सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

मैं, शिवानी सिंह गुप्ता पत्नी राहुल गोयल, निवासी सच्चिदानंद एन्क्लेव, बीरता, कांगड़ा (हि.प्र.), ने अपना नाम बदलकर शिवानी गुप्ता रख लिया है। अतः अब से सभी प्रयोजनों के लिए मैं शिवानी गुप्ता के नाम से जानी जाऊंगी।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।**

मुकदमा- इन्द्राज जन्म तिथि ।

पेशी- 12.07.2026

सुखी सरकार पत्नि श्री विशाल चौधरी निवासी वार्ड नं0 5, गांव मुन्दला डाकखाना लदवाडा तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

बनाम- 1. आम जनता 2. सचिव ग्राम पंचायत मुन्दला 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

**विषय- बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने बारे।**

उपरोक्त मुकदमा बारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उनकी बेटी का जन्म दिनांक 16.07.2019 गांव मुन्दला में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत मुन्दला तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्रार्थीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer 'के' Recommendation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D) /2026-151 date 15.06.2026 द्वारा भी इस बारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने बारे प्रेषित किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत मुन्दला विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 12.07.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में किसी भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 18.06.26 को मेरे मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0

**खंड विकास अधिकारी बमसन स्थित टौणी देवी, जिला हमीरपुर**

**निविदा सूचना**

विकास खंड बमसन के कार्यालय में एक फोटोस्टेट मशीन का क्रय किया जाना है। जिसके लिए इच्छुक फर्मों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| क्र.स. | विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 01 | फोटोस्टेट मशीन | |

अतः इच्छुक फर्मों से सीलबंद निविदाएँ दिनांक 08-07-2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 10-07-2026 को कार्यालय विकास खंड बमसन में सुबह 11 बजे कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी।

खंड विकास अधिकारी

विकास खंड बमसन स्थित टौणी देवी, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश।

# मनाली और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे

## पर्यटकों की उमड़ रही भारी भीड़, प्रतिदिन चार हजार वाहन पहुंच रहे मनाली

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** ऊंचे दर्रों सहित मनाली और लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर वीरवार दोपहर बाद बर्फ के हल्के फाहे गिरे, जबकि मनाली सहित अटल टनल के दोनों छोरों पर बूंदाबांदी हुई। मौसम की करवट के बाद एक बार फिर घाटी में पारा 2 से 3 डिग्री नीचे चला गया।

पर्यटकों की पहली पसंद रोहतांग दर्रे में अब बर्फ धीरे-धीरे पिघलने लगी है, जिसके चलते अब पर्यटक शिंकुला और मनाली से लगभग 150 किमी दूर बारालाचा दर्रे पर बर्फ के दीदार को हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं। इसके अलावा अधिकांश पर्यटक शिंकुला का भी रुख कर रहें हैं। बारालाचा दर्रे पर बर्फ के दीदार



बारालाचा दर्रे पर बर्फ के दीदार को पहुंच रहे पर्यटक। अनंत ज्ञान

के बाद कई पर्यटक लेह का रुख भी करने लगे हैं, जबकि लेह होते हुए भी पर्यटक अब मनाली पहुंचने लगे हैं। पर्यटकों की बात की जाए तो मनाली ग्रीन टैक्स बैरियर पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन साढ़े तीन हजार से चार हजार वाहन प्रतिदिन मनाली आ रहे हैं। औसतन 100 के करीब गाड़ियां लेह से बारालाचा होते हुए पर्यटकों को लेकर मनाली पहुंच रही हैं। पर्यटन नगरी मनाली में भी इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है । मेदानी इलाकों की तपिश के बाद जो पर्यटक यहां पहुंचते हैं उन्हें जन्नत जैसा महसूस होता है। एसडीएम मनाली गुंजित सिंह चीमा ने पर्यटकों से आग्रह किया है कि वह अपनी यात्रा को सुगम बनाएं और सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि शिंकुला या बारलाचा जाने से पहले आवश्यक दवाइयां जरूर अपने साथ रखें, ताकि यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो।

# नग्गर में 5 दिवसीय कला और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आगाज

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, नग्गर ( कुल्लू )।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में वीरवार से एक भव्य कला और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन शुरू हो गया है। चंडीगढ़ के 'वीए ग्रुप ऑफ कन्टेंपरेरी इंडियन आर्टिस्ट' के सौजन्य से आयोजित इस प्रदर्शनी में देश के पांच प्रतिष्ठित और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी में चंडीगढ़ से साधना संगर व भारती शर्मा, रोहतक से बलजीत सिंह, मोहाली से सतवंत सिंह और लुधियाना से संध्या राय के अद्भुत चित्र पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना द्वारा किया गया, जबकि इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने कलाकारों की प्रतिभा और उनके काम की



रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने किया प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन। अनंत ज्ञान

### हिमालय के सौंदर्य और क्राफ्ट का संगम

प्रदर्शनी में लगभग 35 शानदार चित्रों और विभिन्न क्राफ्ट सामग्रियों को प्रदर्शित किया गया है। सभी कलाकारों ने अपने चित्रों में प्रकृति के सुंदर दृश्यों को बेहद जीवंतता के साथ उकेरा है। विशेषकर कलाकार साधना संगर के चित्रों में प्रकृति के खूबसूरत नजारे देखने को मिल रहे हैं। कलाकारों का कहना है कि वे हिमाचल और हिमालय के शांत वातावरण व यहां के मनमोहक दृश्यों से बेहद प्रभावित हैं और यही वजह है कि वे लगातार इन्हें अपने कैनवास पर उतारते रहते हैं। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए देश-विदेश से भारी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में रखी गई क्राफ्ट की अनूठी सामग्री पर्यटकों को इतनी पसंद आ रही है कि वे इसे भारी मात्रा में खरीद रहे हैं। उद्घाटन के इस खास मौके पर रशियन और भारतीय पर्यटकों सहित सभी चित्रकार और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कला प्रेमियों और पर्यटकों के लिए यह प्रदर्शनी 20 जून 2026 तक खुली रहेगी।

# हिडिंबा मंदिर में कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा शुरू

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिडिंबा माता मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा और महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। विधि अनुसार घाटी की 108 कन्याओं का पूजन किया गया। कलश यात्रा में सभी 108 कन्याओं ने भाग लिया।

श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चलते माता हिडिंबा के परिसर को सजाया गया है। इस परिसर में पहुंचते ही लोगों को स्वर्ग सा अहसास हो रहा है। बुधवार को दर्जनों देवी देवताओं की मौजूदगी में माहौल भक्तिमय हो गया। वीरवार से कथा वाचक शशांक कृष्ण कौशल के प्रवचनों से परिसर गूंजेगा। घुड़दौड़ से भगवान गणेश, माता हिडिंबा, मनु ऋषि, घटोत्कच्छ, शंख नारायन, सियाली महादेव, कार्तिक स्वामी, कंचन नाग का आगमन मंगलवार को ही हो



देवी-देवताओं की मौजूदगी में भक्तिमय हुआ माहौल। अनंत ज्ञान

गया था, जबकि पराशर ऋषि, शीर्घन नाग, फाईया नाग, माता संध्या गायत्री, श्रृष्टि नारायण, शांडिल्य ऋषि, गोहरी देवता व विष्णु भगवान अपने देवलुओं व कारकूनों संग महायज्ञ में भाग लेने के लिए हिडिंबा मंदिर पहुंचें। कारदार रमन शर्मा व रघुवीर नेगी ने बताया कि इतिहास में पहली बार हो रहे इस विशाल धार्मिक आयोजन में डेढ़ दर्जन देवी देवता शामिल हुए है। उन्होंने बताया कि देवी-देवताओं के महा समागम के साथ कलश यात्रा से श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा और महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि 26 जून तक हर रोज दोपहर दो से पांच बजे तक भगवत कथा होगी। 27 जून को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। उन्होंने बताया कि वीरवार से माता का परिसर कथा वाचक श्री शशांक कृष्ण कौशल जी प्रवचनों से गूंजेगा।

# 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की तैयारियों पर चर्चा

## संस्था के कार्यालय में अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की विशेष बैठक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की एक विशेष कार्यकारिणी बैठक संस्था के कार्यालय सूत्रधार भवन में अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 21 जून से 23 जून तक ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र तथा अटल सदन कुल्लू में आयोजित होने वाले भव्य 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की तैयारियों एवं आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में उत्सव को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि 21 जून का दिन सूत्रधार कला संगम कुल्लू के लिए अत्यंत गौरव एवं हर्ष का अवसर है, क्योंकि संस्था अपने सांस्कृतिक सफर के गौरवशाली 49 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती वर्ष में



21 से 23 जून तक 49वां वर्षगांठ उत्सव होगा आयोजित।

प्रवेश करने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1977 से निरंतर कला, संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत सूत्रधार कला संगम ने हिमाचल प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। सूत्रधार कला संगम का उद्देश्य केवल मंचीय प्रस्तुतियां देना नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, लोक परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ते हुए उन्हें जागरूक, सृजनात्मक एवं संस्कारित नागरिक बनाना है। वर्षगांठ उत्सव के दौरान संस्था के 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' अभियान को विशेष रूप से जन-जागरुकता से जोड़ा जाएगा तथा इन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एवं मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने व कला, संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया जाएगा। बैठक में आगे जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार प्रभारी सुंदर श्याम महंत ने बताया कि 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय मूल्यांकन के लिए अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के दस बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न निर्णायकों का बुलाया जा रहा है। संस्था ने स्पष्ट किया कि प्रतियोगिताओं में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस त्रिदिवसीय आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। इस बार इन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ दलों को आकर्षक ट्रॉफियों तथा विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा तथा साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सर्वश्रेष्ठ दलों के अतिरिक्त सभी विभिन्न श्रेणियों में भी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित संरक्षक मंडल सदस्य राजेंद्र सूद व युवराज बौध, उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिंदर ठाकुर, सचिव मोनिका सागर, मंजुलता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कटराईं में आयोजित होगा उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** आयुष विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कटराईं में उपमंडल स्तर पर मनाया जाएगा। कार्यकारी उप मंडलीय आयुष अधिकारी डॉक्टर जसविंदर कपूर ने बताया कि इस बार 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम कटराईं में आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत रविवार को प्रात: 7 बजे से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं के प्रांगण में योग सत्र संचालित होगा और आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे तथा सरकारी विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, महिला मंडल, युवक मंडल तथा स्थानीय पाठशाला के विद्यार्थी योग सत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। उन्होंने ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग सत्र में भाग लेने की अपील की है

## काजा में स्पीति मंडल की संगठनात्मक बैठक आयोजित, जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान

# संगठन, सशक्तिकरण और विकास मुद्दों पर मंथन

अनंत ज्ञान

**मनाली।** काजा में आयोजित स्पीति मंडल की संगठनात्मक बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारक एवं संगठन महामंत्री सुरेश शर्मा तथा पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बैठक में जिला महामंत्री संजय कटोच, सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता हरीश नलवा, मंडल अध्यक्ष डेम्दुल गटुक, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध, जिला महामंत्री राकेश कुमार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष टशी ज्ञाल्सन, जिला परिषद सदस्य ठिल्ले देचेन, मंडल उपाध्यक्ष लामो बूटीत, मंडल महामंत्री कलजंग नमज्ञाल, सहित मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए रवि ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाहौल-स्पीति में किए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कें,



बैठक में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अनंत ज्ञान

सीवरेज जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं तथा अनेक आधारभूत विकास कार्य केंद्र सरकार के आर्थिक सहयोग से संचालित हो रहे हैं। इसके बावजूद प्रदेश सरकार इन योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास कर जनता को भ्रमित कर रही है।

रवि ठाकुर ने कहा कि स्पीति क्षेत्र में गैस एवं पेट्रोल-डीजल जैसी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता में आ रही समस्याएं प्रदेश सरकार एवं प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। उन्होंने कहा कि जब देश के अधिकांश क्षेत्रों में ऐसी स्थिति नहीं है, तो स्पीति के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है, जिसका समाधान प्रदेश सरकार को प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए।

### संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर

**सुरेश** शर्मा ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में श्री रवि ठाकुर जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनहित, विकास एवं राष्ट्रहित के मुद्दों को लेकर निरंतर जनता के बीच कार्य करती रहेगी तथा लाहौल-स्पीति के अधिकारों और समग्र विकास के लिए मजबूती से आवाज उठाती रहेगी।

# डोभी दुआड़ा में बढ़ा आवारा कुत्तों का आतंक

◆ बच्चों को घर से भेजना भी हो रहा मुश्किल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, पतलीकूहल।** अप्पर बैली के कई स्थानों पर आवारा कुत्तों की संख्या में बेहिसाब वृद्धि होने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। डोभी के पुराने बाजार में दिनभर कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं और राहगीरों पर भौंकते हुए उन्हें परेशान करते हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये कुत्ते खासकर चाइनीज खाने की दुकानों तथा मीट-मुर्गे की दुकानों के आसपास अधिक दिखाई देते हैं और मौका मिलते ही राह चलते लोगों, विशेषकर छोटे बच्चों पर हमला करने से भी नहीं चूकते। इससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है।

सुबह की सैर पर जाने वाले स्थानीय निवासी विकास, तरुण, कुलदीप, कृष्ण, जितेंद्र, दिलीप, राजेंद्र और रोशन आदि ने बताया कि आवारा कुत्तों के डर के कारण उन्होंने मॉर्निंग वॉक तक छोड़ दी है। उनका कहना है कि सुबह के समय भी अब सुरक्षित रूप से बाहर निकलना मुश्किल हो गया



सड़क पर घूमते आवारा कुत्तों से लोग हो रहे परेशान। अनंत ज्ञान

है। वहीं स्थानीय महिलाओं नेहा, कृष्णा, शकुंतला, शिवानी और बिमला ने चिंता जताते हुए कहा कि गर्मियों के मौसम में कुत्तों के पागल होने का खतरा और बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों और स्वयं को घर से बाहर भेजना भी जोखिम भरा महसूस होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है और कोई विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। इस कारण लोगों ने सरकार से मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देश देकर आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र में सामान्य जीवन बहाल हो सके।

# महिला पॉलिटेक्निक रेहन की 15 छात्राओं का चयन



**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक रेहन की 15 छात्राओं की मेहनत और लगन रंग लाई है। संस्थान की 10 कंप्यूटर इंजीनियरिंग और 5 सिविल इंजीनियरिंग छात्राओं का इंडो-स्फिंक्स प्रिसिजन लिमिटेड, परवाणू में रोजगार के लिए चयन हुआ है। डिप्लोमा पूरा होने से पहले ही नौकरी मिलने पर छात्राओं और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. कुलवर्धन सिंह ने बताया कि 20 मई 2026 को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 20 छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया गया था, जिनमें से 15 को नियुक्ति पत्र दिए गए। प्राचार्य डॉ. सतीश कटवाल ने इसे संस्थान और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया।

# गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर वीरवार को बैजनाथ में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मीठे पानी की छबील लगाई गई। श्रद्धालुओं ने गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। छबील के दौरान राहगीरों और स्थानीय लोगों को मीठा पानी वितरित किया गया।

# कुल्लू नगर परिषद पर आशा-शालिनी की जोड़ी का कब्जा

## थर्ड फ्रंट सत्ता से बाहर, आशा ठाकुर अध्यक्ष और शालिनी रॉय निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी

◆ सुंदर सिंह ठाकुर खेमे ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू में पिछले कई दिनों से चल रहे सियासी घमासान का वीरवार को अंत हो गया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की अगुवाई वाले गुट ने जीत दर्ज करते हुए नगर परिषद की सत्ता पर कब्जा जमा लिया। अध्यक्ष पद पर आशा ठाकुर निर्वाचित हुईं, जबकि शालिनी रॉय निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गईं।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में आशा ठाकुर ने थर्ड फ्रंट की उम्मीदवार पुष्पा देवी को करारी शिकस्त दी। आशा ठाकुर को 8 मत मिले, जबकि पुष्पा देवी के पक्ष में केवल 3 वोट पड़े। इसके साथ ही आशा ठाकुर को अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए शालिनी रॉय



चुनाव के बाद सामूहिक चित्र में अनंत ज्ञान

और राहुल कौशल ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन राहुल कौशल ने बाद में अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके चलते शालिनी रॉय निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गईं।

नगर परिषद के 11 सदस्यीय सदन में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बने गुट को सात पार्षदों का समर्थन प्राप्त था, जबकि विधायक का मत मिलाकर यह संख्या आठ तक पहुंच गई। दूसरी ओर थर्ड फ्रंट अंतत: तीन पार्षदों तक सिमट गया और सत्ता की दौड़ से बाहर हो गया। इस चुनाव में निर्दलीय, कांग्रेस, भाजपा और कम्युनिस्ट पार्षदों की एकजुटता निर्णायक साबित हुई। साझा रणनीति के दम पर इस गठजोड़ ने थर्ड फ्रंट को सत्ता से बाहर रखते हुए नगर परिषद कुल्लू की कमान अपने हाथों में ले ली।

### कुल्लू को सुंदर, स्वच्छ और आदर्श शहर बनाने के लिए करेंगे काम: आशा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू की नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा ठाकुर ने पदभार संभालने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता कुल्लू शहर को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना होगी। उन्होंने इस अवसर पर जनता और सभी पार्षदों का आभार व्यक्त किया। आशा ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद में पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वच्छ राजनीति को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के विकास से जुड़े सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था सुधारने, शहर की सुंदरता बढ़ाने और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही कहा कि जनता की भागीदारी से ही विकास संभव है, इसलिए सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से कुल्लू नगर परिषद विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगी।

# धनबल, भ्रष्टाचार और बाहुबल की राजनीति पर लगा विराम: सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ नवनिर्वाचित नगर परिषद को विधायक ने दी बधाई

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न होने के बाद विधायक सुंदर ठाकुर ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि नगर परिषद में धनबल, बाहुबल और भ्रष्टाचार को समाप्त करने की जो सोच थी, वह आज पूरी हुई है।

उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और जनप्रतिनिधियों की स्वतंत्र सोच की जीत है। सुंदर ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद चुनाव के दौरान और अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव में धनबल और बाहुबल का जमकर प्रयोग किया गया, लेकिन जागरूक और बुद्धिजीवी पार्षदों ने इन सभी प्रयासों को नकारते हुए लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि पार्षदों ने यह साबित कर दिया है कि जनता के हित और लोकतांत्रिक मूल्यों से बड़ा कोई दबाव नहीं होता। उन्होंने कहा कि नगर परिषद कुल्लू में लंबे समय से भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठते रहे हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि नई कार्यकारिणी इस पर प्रभावी अंकुश लगाएगी। अब नगर परिषद में पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और जनता से जुड़े मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। विधायक ने कहा कि नई परिषद शहर के विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा ठाकुर, उपाध्यक्ष शालिनी रॉय भारद्वाज तथा सभी पार्षदों को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सुंदर ठाकुर ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ नई टीम को जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। नई कार्यकारिणी नगर परिषद कुल्लू में सुशासन, पारदर्शिता और विकास का नया अध्याय लिखेगी।

# सोलन जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों पर खर्च होंगे 24 करोड़ रुपए

## पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी आधारभूत सुविधाओं का होगा व्यापक सुदृढ़ीकरण और विकास कार्य किए जाएंगे तेज

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला सोलन के खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास और वहां रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने 24 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इस धनराशि का उपयोग पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर किया जाएगा। जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के माध्यम से प्राप्त निधि को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर प्राथमिकता के आधार पर खर्च किया जाएगा।

खनन गतिविधियों के कारण प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से पेयजल योजनाओं के विस्तार, नई जल योजनाओं की स्थापना तथा मौजूदा जलापूर्ति व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए पर्याप्त धनराशि निर्धारित की गई है, ताकि पेयजल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों को राहत मिल सके।

आधारभूत ढांचे को मिलेगा मजबूती:जिला खनन अधिकारी के अनुसार, जारी की गई राशि से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण, नालियों के निर्माण, सामुदायिक भवनों के विकास, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित अधोसंरचना को सुदृढ़ करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

पारदर्शिता के साथ होगा धन का उपयोग दिनेश कुमार ने बताया कि जिला खनिज फाउंडेशन के तहत उपलब्ध कराई गई निधि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों और स्थानीय आवश्यकताओं का आकलन करने के बाद प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है। इसका उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। समयबद्ध तरीके से पूरे होंगे विकास कार्य जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत विकास परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि लोगों को इन योजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके। प्रशासन का मानना है कि 24 करोड़ रुपये की इस राशि से खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।




जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी, ताकि किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही न हो। सोलन के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को मजबूत करने के लिए नई तकनीकों और योजनाओं को अपनाने पर भी विचार किया जा रहा है।

जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि डीएमएफ फंड के अंतर्गत चयनित परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इसमें प्राथमिकता उन क्षेत्रों को दी जाएगी जहां पेयजल संकट और सड़क सुविधा की स्थिति अधिक खराब है। इसके अलावा स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं, स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण और दवाइयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि स्थायी विकास मॉडल तैयार करना है, जिससे आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों को बार-बार समस्याओं का सामना न करना पड़े।

इसके अलावा प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी परियोजनाओं में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि विकास कार्य जमीनी जरूरतों के अनुसार हों। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और समय-समय पर निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। इससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा और लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र का संतुलित विकास होगा।

# बॉक्सिंग रिंग से लेकर प्रश्नोत्तरी मंच तक चमके लक्ष्य स्कूल के विद्यार्थी




अनंत ज्ञान

**अर्की।** लक्ष्य स्कूल अर्की के खिलाड़ियों ने अंडर-15 राज्य स्तरीय सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता रामपुर बुशहर में 14 से 17 जून तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र हर्षित ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया, जबकि मोहित ने 58 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने दोनों खिलाड़ियों को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि डगशाई में आयोजित आर.के. मेमोरियल हेरिटेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी लक्ष्य स्कूल अर्की के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र तन्य अंगिरस, गौरी अंगिरस तथा धृति शर्मा ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### नहाते समय गिरने से गई संगड़ाह के भाजयुमो नेता की जान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के नाहन क्षेत्र में भाजपा युवा मोर्चा नेता जय प्रकाश उर्फ जेपी ठाकुर का बुधवार सुबह नहाते समय गिरने से निधन हो गया। परिजनों ने उन्हें संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक की आशंका जताई गई है। जेपी 40 वर्ष के थे और परिवार के अकेले कमाऊ सदस्य थे। उनके निधन से तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। क्षेत्र में शोक की लहर है।

### शराब तस्करी के 3 मामलों में 29 बोतलों के साथ धरे आरोपी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में कुल 29 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने कालाअंब, पच्छाद और सदर नाहन थाना क्षेत्रों में गश्त के दौरान गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की। तीनों मामलों में आरोपियों को मौके पर पकड़ा गया और उनके खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच जारी है।

### गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर मीठे जल की छबील लगाई

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** के प्रवेश द्वार पर स्थित गुरुद्वारा श्री अखंड चौकड़ा साहिब में श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर 53वें मीठे जल की छबील एवं लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मीठे पानी की छबील और प्रसाद ग्रहण कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। लंगर सेवा में पंजाब से समाजसेवी बेअंत सिंह भंगू अपने साथियों सहित विशेष रूप से शामिल हुए और संगत की सेवा में योगदान दिया। गुरुद्वारा



प्रबंधक बलबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गुरु पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से मीठे पानी की छबील और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी सिखों के पांचवें गुरु थे, जिन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके आदर्श आज भी मानवता, सेवा और त्याग की प्रेरणा देते हैं। बलबीर सिंह ने बताया कि उनका परिवार पिछले लगभग 70 वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी गुरुद्वारे की सेवा और लंगर की परंपरा को निभाता आ रहा है। भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद वह अपने परिवार सहित पूरी निष्ठा से गुरुघर की सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने लंगर में पहुंची संगत का आभार व्यक्त करते हुए सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की सह-प्रबंधक रविंदर कौर, सेवादार जसकीरत सिंह, मेहर कौर, जसवंत सिंह, क्यारा शर्मा, विवेक कुमार बाबू, दिलीप, रिंकू सहित अन्य श्रद्धालु एवं सेवादार उपस्थित रहे।

### पंचायत दाड़लाघाट के नवनिर्वाचित प्रधान उप प्रधान ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान श्याम सिंह चौधरी और उप प्रधान हेम राज गौतम ने पूजा-अर्चना के बाद कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने पंचायत के समग्र विकास, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देने की बात कही। क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही पंचायत में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# 'ग्रीन सलोगड़ा, क्लीन सलोगड़ा' के तहत चला स्वच्छता अभियान



अनंत ज्ञान

**सोलन।** ग्रीन सलोगड़ा, क्लीन सलोगड़ा अभियान के तहत रविवार को सलोगड़ा पंचायत घर के समीप से बस्ती रोड तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया और नशा मुक्त हो हमारी पंचायतें जिसमें की भांग को भी उखाड़कर नष्ट किया गया।

इस अवसर पर सलोगड़ा एवं मनसार के बीडीसी सदस्य मनीष कुमार ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक माह के किसी एक रविवार को आयोजित किया जाएगा तथा आगामी पांच वर्षों तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दोनों पंचायतों के सभी वार्ड प्रतिनिधियों को शामिल कर एक स्वच्छता समिति का गठन किया जा रहा है, जिसके सुझावों का स्वागत किया जाएगा। पंचायत और सोलन प्रशासन के स्तर पर इस समिति को सम्मानित भी किया जाएगा।

अभियान के दौरान पंचायत प्रधान मनोज शर्मा द्वारा निजी खाते से सड़क पर पड़े गड्ढों को भी कंक्रीट से भरकर मरम्मत की गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को सुविधा मिल सके। इस कार्य में स्थानीय निवासी आई.डी. गुप्ता परिवार का विशेष सहयोग रहा, जिसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने उनका आभार व्यक्त किया।

# कंडाघाट बीडीसी में भाजपा-कांग्रेस का रहा 'फ्रेंडली मैच'

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** ब्लॉक विकास समिति (बीडीसी) के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में दिलचस्प राजनीतिक समीकरण देखने को मिले। कांग्रेस समर्थित इंदिरा देवी अध्यक्ष चुनी गईं, जबकि भाजपा समर्थित ज्ञान ठाकुर ने उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। परिणामों ने स्थानीय राजनीति में कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने और स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक मजबूती के दावों के बावजूद पार्टी बीडीसी के दोनों प्रमुख पदों पर कब्जा जमाने में सफल नहीं हो पाई। अध्यक्ष पद कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के खाते में गया, लेकिन उपाध्यक्ष पद भाजपा समर्थित ज्ञान ठाकुर के जीतने से कांग्रेस की रणनीति पर चर्चा शुरू हो गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है।

# अजय यादव ने कहा-युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए समाज का एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक



नशामुक्त जागरूकता की शपथ दिलाते एमडी अजय यादव। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध आज यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के प्रबंध निदेशक अजय यादव ने की।

अजय यादव ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक चुनौती बना हुआ है। युवाओं को नशे से दूर रखने और उनके भविष्य को अंधकार में जाने से रोकने के लिए समाज का एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार और नागरिकों के समन्वय से ही नशा की बढ़ती प्रवृत्ति को रोका जा सकता है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 17 जून से 26 जून, 2026 तक आयोजित किए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नशा मुक्त भारत अभियान का विषय 'नशा मुक्त भारत अभियान: विकसित भारत की पहचान' रखा गया है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत धरातल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम और गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा। उन्होंने आमजन से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और जागरूक करने में सहयोग करने की अपील की है।

अजय यादव ने इस अवसर पर सभी उपस्थित छात्रों व अन्यों को नशा मुक्त भारत विषय पर शपथ भी दिलाई।

उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

# मुकेश अग्निहोत्री बोले 225 करोड़ की योजनाओं से कसौली में जल व्यवस्था होगी मजबूत

अनंत ज्ञान

**अश्वनी शर्मा, कसौली।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 225 करोड़ रुपए की सिंचाई व पेयजल योजनाओं का कार्य अंतिम चरण में प्रगति पर है। मुकेश अग्निहोत्री आज कसौली विधानसभा क्षेत्र के कुमारहट्टी में एक 'आभार सभा' समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी उपस्थित थे। मुकेश अग्निहोत्री ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का गांव के समग्र विकास में अहम योगदान होता है। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में सहयोग देंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र के लिए



कार्यक्रम को संबोधित करते उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

135 करोड़ रुपए से गिरी पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य लोगों के सहयोग से शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पेयजल योजना के बनने से 17 ग्राम पंचायतों के लगभग 180 गांव के 55 हजार लोगों को लाभ मिलेगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पट्टा बरावरी सिंचाई योजना का कार्य भी प्रगति पर है। यह योजना लगभग 4.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही है। इस योजना के पूर्ण होने से 10 गांव की लगभग 116 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई होगी, जिससे किसान लाभान्वित होंगे।

उन्होंने कहा कि लगभग 1.15 करोड़ रुपए की लागत से हरिपुर सिंचाई योजना का कार्य भी प्रगति पर है। इस योजना के निर्माण से 54 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी जिससे 08 गांव के निवासियों को लाभ मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र में एशियन विकास बैंक के सहयोग से 38 करोड़ रुपए की पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य भी प्रगति पर है।

# राहगीर से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार कोर्ट ने दिया तीन दिन का पुलिस रिमांड

अनंत ज्ञान

**अर्की।** प्रेम लाल ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 15 जून को दिन के समय वह अपने साथी महेश गुप्ता के साथ सरयांज की ओर जा रहे थे। जब वे चौरंडु नामक स्थान पर पहुँचे, तब वहाँ एक मोटरसाइकिल सवार अपनी मोटरसाइकिल को चौरंडु की ओर जाने वाली सड़क पर पीछे कर रहा था। उसी दौरान महेश गुप्ता ने उसे कहा कि थोड़ा साइड हो जाए, अन्यथा मोटरसाइकिल उसके पैरों पर चढ़ सकती है।

इस बात से आक्रोशित होकर मोटरसाइकिल सवार ने महेश गुप्ता का गला पकड़ लिया तथा उसके साथ मुक्कों से मारपीट की। इसके उपरांत उसने अपने हाथ में पकड़े हेलमेट से महेश गुप्ता पर प्रहार कर जानलेवा हमला किया तथा उसे जान से मारने का प्रयास किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार



आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। अनंत ज्ञान

हो गया। मारपीट के कारण महेश गुप्ता अचेत हो गया, जिस पर यह उसे तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु निजी अस्पताल सरयांज ले गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे आगामी उपचार के लिए सिविल अस्पताल अर्की रेफर कर दिया। इस संबंध में उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना अर्की में पंजीकृत किया गया।

अभियोग के पंजीकरण के उपरांत पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान मामले में संलिप्त आरोपी कमलदेव पुत्र हीरा सिंह, निवासी गाँव भटीयुर, डाकघर कुनिहार, तहसील अर्की, जिला सोलन आयु 32 वर्ष को पुलिस हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई तथा पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए घटनास्थल का निरीक्षण एस.एफ.एस.एल. जुंगा की विशेषज्ञ टीम से भी करवाया गया तथा मौके से प्राप्त भौतिक साक्ष्यों को विधिवत कब्जा पुलिस में लिया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया। जांच में नए तथ्य सामने आए।

# सोलन के रबौण में गहराया पेयजल संकट, 8-9 दिन बाद पहुंच रहा पानी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड-16 रबौण क्षेत्र में इन दिनों पेयजल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र के लोगों को आठ से नौ दिन के लंबे अंतराल के बाद पानी की आपूर्ति मिल रही है, जिससे दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी चुनौती बन गया है। पानी की अनियमित आपूर्ति के कारण लोगों को पानी का संग्रह कर बड़ी सावधानी से उपयोग करना पड़ रहा है।

मंगलवार को एससीईआरटी के ऊपर स्थित अपर रबौण क्षेत्र में पानी की सप्लाई दी गई, लेकिन स्टोरेज टैंकों में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण जलापूर्ति जल्द ही खाली हो गया। इसके चलते कई घरों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को अपर रबौण के साथ-साथ मिडिल रबौण क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जाएगी। हालांकि, सीमित जल भंडारण और कम उपलब्धता के कारण लोगों में चिंता बनी हुई है।

वार्ड-16 की पार्षद सीमा अत्री ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी नागरिक पानी का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही करें और अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी से बचें। उन्होंने कहा कि यदि सभी लोग संयम और जिम्मेदारी के साथ पानी का उपयोग करेंगे तो उपलब्ध जल संसाधनों का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाया जा सकेगा। पेयजल संकट के बीच स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार करने और नियमित अंतराल पर पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है, ताकि लोगों को बार-बार होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने स्थायी समाधान और पाइपलाइन सुधार की मांग करते हुए विभाग से त्वरित कार्रवाई करने की अपील की है।

# वन अधिकार अधिनियम से बदली 28 परिवारों की जिंदगी

## प्रदेश सरकार ने भूमिहीन परिवारों को दिया सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का आधार

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** वन क्षेत्रों में रहने वाले पात्र परिवारों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दिशा में जिला सिरमौर में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जहां अब तक 28 पात्र व्यक्तियों को वन अधिकार अधिनियम के तहत भूमि एवं अन्य अधिकारों का लाभ प्रदान किया जा चुका है।

वन अधिकार अधिनियम का उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य परंपरागत वनवासियों को उनके पारंपरिक वन अधिकारों की कानूनी मान्यता प्रदान करना है। इसके अंतर्गत पात्र परिवारों को वन भूमि पर उनके अधिकार सुनिश्चित किए जाते हैं, जिससे उन्हें



जिला सिरमौर में 28 पात्र व्यक्तियों को मिले अधिकार। अनंत ज्ञान

आजीविका, आवास और सामाजिक सुरक्षा का स्थायी आधार प्राप्त हो सके।

शिलाई के ग्राम कलोग निवासी गुलाब सिंह ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनका परिवार लगभग चार पीढ़ियों से इस स्थान पर रह रहा था लेकिन अब तक उन्हें इस जमीन का कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं था जिससे उन्हें इस जमीन से निकाले जाने का डर हमेशा रहता था। यह डर भी लगा रहता था कि उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। सरकार द्वारा उन किसानों को जोकि वर्ष 2005 से पहले से जिस जमीन पर खेती-बाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे, ऐसे परिवारों को उस जमीन के पट्टे प्रदान करने के लिए तथा उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए वह हिमाचल सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। चार बीघा भूमि ने दिया आत्मनिर्भरता का नया आधार सिरमौर जिला के शिलाई क्षेत्र की निवासी बिनता देवी बताती हैं कि उनके परिवार के पास अपनी कोई जमीन नहीं थी। ऐसे में परिवार का भविष्य हमेशा अनिश्चितता से घिरा रहता था। वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें चार बीघा भूमि का अधिकार प्राप्त हुआ है बिनता कहती हैं, 'भूमि मिलने से हमारे परिवार को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का नया आधार मिला है। अब हम अपनी जमीन पर खेती-बाड़ी कर सकेंगे और अपने बच्चों का भविष्य बेहतर बना सकेंगे। इसके लिए मैं प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी का हृदय से धन्यवाद करती हूँ।

बेटी के भविष्य की चिंता हुई दूर शिलाई विकासखंड की ग्राम पंचायत नैनी धार के गांव कलोग की निवासी मस्तो वर्मा के लिए यह अधिकार केवल भूमि का पट्टा नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का भरोसा है। वह बताती हैं कि वर्षों तक अपने परिवार और बेटी के भविष्य को लेकर चिंता बनी रहती थी।

# राजगढ़ में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सड़कें बनीं नदियां

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** शहर में हल्की सी बारिश भी लोगों के लिए भारी मुसीबत बनती जा रही है। बरसात शुरू होते ही शहर की प्रमुख सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और कई स्थानों पर पानी तेज बहाव के साथ नदी का रूप धारण



कर लेता है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों का सुरक्षित आवागमन तक मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार बारिश का पानी सीधे उनकी दुकानों में घुस जाता है, जिससे उन्हें हर वर्ष हजारों रुपये का नुकसान झेलना पड़ता है। कई दुकानदारों को बारिश के दौरान अपना सामान ऊंचे स्थानों पर रखना पड़ता है, जबकि कुछ दुकानों में पानी भर जाने से कारोबार पूरी तरह ठप हो जाता है। जलभराव के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित होती है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। शहरवासियों का आरोप है कि राजगढ़ में वर्षों से उचित जल निकासी व्यवस्था का अभाव बना हुआ है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा आज तक ऐसी प्रभावी नालियों का निर्माण नहीं किया गया, जो बरसात के पानी की निकासी सुनिश्चित कर सकें। जहां नालियां मौजूद हैं, वहां उनकी चौड़ाई और क्षमता पर्याप्त नहीं है, जबकि कई स्थानों पर नियमित सफाई न होने के कारण वे बंद पड़ी रहती हैं। परिणामस्वरूप बारिश का सारा पानी सड़कों पर बहने लगता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मलाहत में श्रद्धालुओं के लिए लगाई छबील



अनंत ज्ञान, ऊना। नगर निगम ऊना के मलाहत क्षेत्र में बाबा ज्ञान दास जी महाराज एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इस धार्मिक सेवा कार्य में समस्त मलाहत वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पीरनिगाह और बाबा बालक नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित अन्य राहगीरों को प्रेमपूर्वक भोजन और ठंडा मीठा पानी वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रवि जैलदार, अंकुश, तरुण ठाकुर, आशुतोष, पंकज, सचिन, संजीव कुमार, सन्नी सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे और सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।

### गोंदपुर बनेहड़ा में स्वस्थ जीवन का संदेश

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में घनारी तहसील के गोंदपुर बनेहड़ा में आयोजित निशुल्क योग शिविर में बड़ी संख्या में लोग योग का लाभ उठा रहे हैं। शिविर का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में योग गुरु बाबा रामदेव के सानिध्य में प्रशिक्षित योग शिक्षक राजिंदर कुमार प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम और विभिन्न आसनों का अभ्यास करा रहे हैं। शिविर में अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूक्ष्म व्यायाम, जॉगिंग तथा अन्य योगासन सिखाए जा रहे हैं। योग शिक्षक राजिंदर कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में नियमित योगाभ्यास बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और इसके प्रचार-प्रसार में भी योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नियमित योग कक्षाओं का आयोजन आगे भी जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोग योग अपनाकर निरोग जीवन जी सकें।

### डॉ. सुमित 'शान-ए-भारत सम्मान' से सम्मानित



अनंत ज्ञान, बंगाणा। हमीरपुर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. सुमित पुन्याल को समाज सेवा, जनस्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान प्रोत्साहन तथा मानव कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वर्णिम भारत समाज कल्याण फाउंडेशन (भारत) द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय समारोह में 'शान-ए-भारत सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा के पिंजौर स्थित के.के. फॉर्म में आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान डॉ. शबाब आलम अध्यक्ष, फर्स्ट एड काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से समाजसेवी, चिकित्सक, शिक्षाविद, कलाकार एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का सम्मान है जिन्होंने समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सहयोग और विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य, जागरूकता और सेवा की भावना पहुंचाना उनका उद्देश्य रहा है तथा भविष्य में भी वे जनहित के कार्यों के लिए समर्पित रहेंगे।

# विधायक बबलू ने किया आधुनिक वाहन वर्कशॉप 'राइड एंड शाइन' का शुभारंभ

## अंब-मुबारिकपुर मुख्य मार्ग पर वार्ड-5 हीरानगर में मिली सुविधा

अनंत ज्ञान



विधायक बबलू आधुनिक वाहन वर्कशॉप 'राइड एंड शाइन' का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

मुबारिकपुर। अंब-मुबारिकपुर मुख्य मार्ग पर हीरानगर वार्ड-5 में वीरवार को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वाहन वर्कशॉप 'राइड एंड शाइन' का शुभारंभ किया गया। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विधिवत उद्घाटन कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। वर्कशॉप के संचालक अक्षय कुमार, पुत्र सेवानिवृत्त प्राध्यापक केवल कुमार, निवासी अंब ने बताया कि मुबारिकपुर और अंब के मध्य स्थित स्टेशन हीरानगर में स्थापित इस वर्कशॉप में ग्राहकों को वाहन संबंधी सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि यहां वाहनों के जरूरी उपकरण एवं स्पेयर पार्ट्स के साथ आधुनिक वाशिंग स्टेशन, व्हील एलाइनमेंट रूम तथा अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अक्षय कुमार एवं उनके परिवार को नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं का स्वरोजगार की ओर बढ़ना और साथ ही अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह वर्कशॉप क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार को भी बढ़ावा देगी। इस मौके पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष डॉ. रविंदर शर्मा, रिशु शर्मा, केवल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सचिन पराशर, साक्षी शर्मा, पवन पाल शर्मा, नीलम शर्मा, मुनील शर्मा, अभिलेख शर्मा, सुनीता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# संतोषगढ़ में स्ट्रीट वेंडरों को दी योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान

ऊना। नगर परिषद संतोषगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत विशेष लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। शिविर में नगर परिषद संतोषगढ़ के कार्यकारी अधिकारी हर्ष गुप्ता, वार्ड नंबर-3 की पार्षद चरणजीत कौर, वार्ड नंबर-6 की पार्षद कुसुम लता, वार्ड नंबर-9 की पार्षद अंजना चब्बा, आशुतोष शर्मा, सीएमएमयू विशेषज्ञ सुशील कुमार, अभिषेक पठानिया, सीओ किरण बैंस, शामली ठाकुर, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडरों ने भाग लिया।

इस शिविर में अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पात्र स्ट्रीट वेंडरों को बिना किसी गारंटी के तीन चरणों में 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी का लाभ मिलता है, जबकि डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिमाह 100 रुपये तक कैशबैक भी प्रदान किया जाता है। शिविर में 'स्वनिधि से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना सहित अन्य केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यकारी अधिकारी हर्ष गुप्ता ने स्ट्रीट वेंडरों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य छोटे कारोबारियों को आत्मनिर्भर बनाना है। स्ट्रीट वेंडरों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिलने के साथ-साथ आर्थिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी आसान होती है।

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर अंबोटा गुरुद्वारे में कराया सुखमनी साहिब पाठ

अनंत ज्ञान, घनारी। पांचवें सिख गुरु गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर गांव अम्बोटा स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सुखमनी साहिब जी के पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारे में पहुंचकर गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान संगत ने गुरु वाणी का श्रवण किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और मानव कल्याण के लिए अरदास की। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए ठंडे मीठे जल की छबील भी लगाई गई, जहां सेवा भाव से लोगों को जल वितरित किया गया। इसके उपरांत गुरुद्वारा परिसर में गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें संगत ने बढ़-चढ़कर सेवा निभाई और प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अमृतपाल सिंह ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस हमें सत्य, त्याग, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाली समस्त संगत का आभार भी व्यक्त किया।

# समर रेडीनेस मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## आंगनबाड़ी केंद्र चोकी खास-1 में नौनिहालों को स्कूली शिक्षा के लिए किया तैयार

अनंत ज्ञान

बड़ूही (ऊना)। उपमंडल जोल के अंतर्गत गांव चोकीमन्यार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र चोकी खास-1 में गुरुवार को बाल विकास परियोजना के तहत 'समर रेडीनेस मेला-1' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यवेक्षक मधु सुमन ने की। मेले का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना तथा अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास और सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, बच्चों के अभिभावकों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। मेले के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सात विषय आधारित स्टॉल लगाए गए। इनमें पंजीकरण, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणितीय पूर्व तैयारी तथा सामाजिक एवं भावनात्मक विकास से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं कार्यक्रम की एंकर अनीता कुमारी ने बच्चों को विभिन्न रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में शामिल किया। साथ ही अभिभावकों से मेले के संबंध में फीडबैक भी लिया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र लोअर बसाल में भी लगा मेला

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, ऊना। बाल विकास परियोजना ऊना के पर्यवेक्षक वृत्त बसाल के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र लोअर बसाल में बुधवार को पर्यवेक्षक कुलवीर कौर की अध्यक्षता में समर कैंप रेडीनेस मेला-1 का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य कम समय में अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच बनाना, उन्हें विद्यालय जाने के लिए तैयार करना तथा माताओं को बच्चों की स्कूल तैयारी से जोड़ना रहा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान प्रमोद कुमार, उपप्रधान शाम लाल, वीडीसी सदस्य महिंद्र कुमार तथा सभी वार्ड पंच और ग्राम पंचायत सचिव महेश कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास, स्कूल रेडीनेस तथा घर पर बच्चों के सीखने के अनुकूल वातावरण तैयार करने के संबंध में जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक कुलवीर कौर ने कहा कि समर रेडीनेस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूली शिक्षा के लिए मानसिक, सामाजिक और व्यवहारिक रूप से तैयार करना है।

## संतोषगढ़ की दो बेटियां शिवानी और दीपिका बनीं मैथ्स टीचर्स





अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा सीबीएसई से संबद्ध सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में गणित विषय के 308 शिक्षकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए जाने के बाद नगर परिषद संतोषगढ़ के लिए गर्व का अवसर आया है। संतोषगढ़ की दो होनहार बेटियों शिवानी और दीपिका का गणित शिक्षक के पद पर चयन हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नंबर-8 की निवासी शिवानी, पुत्री सुभाष चंद, जिनकी शैक्षणिक योग्यता एमए. (गणित) एवं बीएड है, की नियुक्ति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय, हरोली (जिला ऊना) में गणित शिक्षिका के रूप में हुई है। वहीं वार्ड नंबर-9 की निवासी दीपिका, पुत्री रविंद्र कुमार, जिन्होंने एम.एससी. (गणित) और बी.एड. की शिक्षा प्राप्त की है, को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रैली जजरी (जिला हमीरपुर) में गणित शिक्षिका नियुक्त किया गया है। दोनों की नियुक्ति 'प्रोफेशनल इंग्लिश एंड मैथमैटिक्स टीचर्स सब-स्कीम' के तहत पांच वर्ष के अनुबंध आधार पर हुई है। दोनों शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विद्यालयों में कार्यभार भी संभाल लिया है।

# विकास कार्यों पर जनता का पहला हक : विवेक कुमार

अनंत ज्ञान



विवेक कुमार का स्वागत करते ग्रामीण।

बरठी। झंडूत्ता विकास खंड की ग्राम पंचायत बड़गांव में आभार एवं धन्यवाद समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया तथा शॉल व हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने बताया कि गट्टी स्थित धार्मिक स्थल पर शेड न होने से लंबे समय से परेशानी थी, जिसे अब 2 लाख रुपए की स्वीकृति से पूरा किया गया है। विवेक ने कहा कि विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं पर जनता का पहला अधिकार है। उन्होंने सड़क टारिंग, हैंडपंप और अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

## दयोली में युवाओं को नशे से दूर रहने के दिए टिप्स

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। मानव सेवा ट्रस्ट ने अपना घर वृद्धाश्रम, दयोली में नशा मुक्त भारत अभियान-2026 के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि ग्राम पंचायत देवली की नवनिर्वाचित प्रधान रचना कुमारी एवं विशेष अतिथि उपप्रधान अमरजीत रहे। ट्रस्ट के संस्थापक प्रकाश चंद बंसल ने दोनों को सम्मानित किया। शिविर में नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधान एवं उपप्रधान ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। ट्रस्ट अध्यक्ष ने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडल, वृद्धाश्रम निवासियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया तथा नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

## झंडूता को सड़कों के लिए 90 लाख, पुल को 2 करोड़ मंजूर



अनंत ज्ञान, झंडूता। विधायक जीतराम कटवाल के प्रयासों से झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विकास को गति मिली है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आधा दर्जन सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए कुल 90 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। इनमें बरठीं चैक से कृषि विज्ञान केंद्र (सिविल अस्पताल मार्ग) के लिए 32 लाख, बागड़ा, बैहरन, बलघाड़ और दोकड़ू मार्गों के लिए 12-12 लाख, तथा श्री नयनादेवी व बाबा बालक नाथ मंदिर मार्गों के लिए 5-5 लाख रुपए शामिल हैं। इसके अलावा, राज्य कोष से दसलेहड़ा-खमेहड़ाकलां पुल एवं अप्रोच रोड के लिए लगभग 2 करोड़ रुपए भी मुहैया करवाए गए हैं। कटवाल ने कहा कि हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सड़कें आवागमन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी, और विकास कार्य इसी गति से आगे भी जारी रहेंगे।

# हिमाचल के जनजातीय इतिहास एवं संस्कृति पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

अनंत ज्ञान



सेमिनार में उपस्थित विद्वानजन। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, हिमाचल प्रदेश प्रांत समिति द्वारा लाहौल-स्पीति मुख्यालय केलांग में 'हिमाचल प्रदेश का जनजातीय इतिहास एवं संस्कृति' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान क्रांतिकारी रास बिहारी बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. बालमुकुंद पांडे (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), डॉ. प्रशांत गौरव (उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री) तथा कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्र सिंह डोगरा उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र में प्रांत अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समिति की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों के इतिहास, लोक संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली से समाज को परिचित करवाना है। मुख्य वक्ता डॉ. बालमुकंद पांडे ने अपने संबोधन में भारतीय इतिहास के तथ्यपरक लेखन पर बल देते हुए कहा कि औपनिवेशिक इतिहासकारों ने भारतीय इतिहास को विकृत रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने क्षेत्रीय इतिहास के शोध एवं भारत के गौरवशाली इतिहास को समाज तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। सेमिनार में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए विद्वानों और शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र में हिमाचल में इतिहास संकलन योजना के विस्तार पर चर्चा की गई। डॉ. प्रशांत गौरव ने लाहौल-स्पीति जिला इकाई के गठन की घोषणा की। समापन अवसर पर डॉ. सुरेश सोनी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## कोटलू ग्रामीणों का पीडब्ल्यूडी झंडूता में प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, झंडूता। उपमंडल झंडूता के कोटलू गांव के ग्रामीणों ने वीरवार को लोकनिर्माण विभाग झंडूता कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर भंदेड़ी संपर्क मार्ग से जुड़ी समस्या के समाधान की मांग उठाई। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ सहायक कुलदीप कुमार के माध्यम से अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य सड़क से बरसात का पानी बहकर संपर्क मार्ग को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे आवासीय क्षेत्रों और कृषि भूमि में भी पानी भर जाता है और फसलों को क्षति होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

## रौड़ा स्कूल की प्रियांशिका का एनआईटी हमीरपुर में चयन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रौड़ा, बिलासपुर की नॉन मेडिकल छात्रा प्रियांशिका भारद्वाज का चयन एनआईटी हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में हुआ है। विद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर छात्रा को सम्मानित किया। प्रधानाचार्या प्रिया पोसवाल ने बताया कि प्रियांशिका ने यह सफलता पहले ही प्रयास में हासिल की है, जो उनकी मेहनत और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। प्रियांशिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उनके पिता देशराज अधीक्षक और माता सीमा देवी गृहिणी हैं। विद्यालय स्टाफ ने भी छात्रा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बिलासपुर में योग दिवस कार्यक्रम 21 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक लुहणू इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार करेंगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुखविंद्र कौर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाएंगे। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन, महिला मंडल और बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। अधिकारी ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

## बिलासपुर में सोशल ऑडिट जनसुनवाई 23 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर के 20 प्रतिशत विद्यालयों के सोशल ऑडिट की जिला स्तरीय जनसुनवाई 23 जून को भाषा एवं संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। इसमें उपायुक्त राहुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग लेंगे। समग्र शिक्षा के तहत यह प्रक्रिया केवल वित्तीय जांच नहीं, बल्कि विद्यालयों के शैक्षणिक प्रदर्शन, बुनियादी ढांचे, छात्र सुरक्षा और समावेशी शिक्षा का मूल्यांकन भी करेगी। जनसुनवाई में विद्यालयों की रिपोर्ट, समुदाय से प्राप्त फीडबैक और यू-डाइस प्लस के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष सार्वजनिक किए जाएंगे। इसमें विद्यालय प्रबंधन समितियां, अभिभावक और पंचायती प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जिला परियोजना अधिकारी निशा गुप्ता ने कहा कि यह पहल शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


## दांवी घाटी मेला भाईचारे का प्रतीक : सुरभि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। ऐतिहासिक दांवी घाटी झंडा मेले का शुभारंभ जिला पार्षद अधिवक्ता सुरभि ठाकुर ने विधिवत पूजा-अर्चना और झंडा रस्म अदा कर किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। सुरभि ने कहा कि दांवी घाटी का यह ऐतिहासिक मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन की कामना भी की। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कुश्ती और अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें क्षेत्र के पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## डाइट में डिजिटल होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), बिलासपुर, जुखाला में पीएम श्री विद्यालयों के लिए डिजिटल होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विषय पर दो दिवसीय ऑनलाइन हैंड्स-ऑन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाचार्य, नोडल अध्यापक और अन्य हितधारक भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) निशा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डाइट बिलासपुर के प्रधानाचार्य राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत दक्षता आधारित शिक्षण और मूल्यांकन प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। साथ ही कहा गया कि डिजिटल होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विद्यार्थियों के समग्र विकास के आकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# राजेश धर्माणी ने कुठेड़ा-मरहाणा पंचायत कार्यालय का किया शुभारंभ



मंच पर उपस्थित मंत्री राजेश धर्माणी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, घुमारवीं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की नवगठित कुठेड़ा-मरहाणा ग्राम पंचायत कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें गांव में सरकार की सबसे नजदीकी इकाई हैं और इनके माध्यम से लोगों को घर-द्वार पर सेवाएं व न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है।

धर्माणी ने बताया कि सरकार ने घुमारवीं क्षेत्र में कुठेड़ा-मरहाणा, हरितल्यांगर, देहरा-हटवाड़ तथा छंदोह सहित चार बड़ी पंचायतों का पुनर्गठन किया है, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, नशा उन्मूलन और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की अपील की। मंत्री ने हिम परिवार योजना के तहत पात्र परिवारों को 1,500 रुपए मासिक सहायता और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं तथा बताया कि क्षेत्र में कई विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

इस अवसर पर उन्होंने संपर्क मार्गों के लिए 10-10 लाख रुपए तथा दो शेडों के निर्माण हेतु 5-5 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही पंचायत के लिए 10 कुर्सियां और दो पंखे भी स्वीकृत किए। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान नीलम शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## झंडूता में अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त, माफिया में हड़कंप

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। झंडूता उपमंडल में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने आज भोर में एक सफल कार्रवाई को अंजाम दिया। गुप्त सूचना के आधार पर गश्त कर रही पुलिस टीम ने सेर क्षेत्र के पास अवैध रूप से खनन सामग्री (बजरी/रेत) से लदे दो ट्रैक्टरों को रोका। वाहनों की तलाशी लेने पर पाया गया कि इनमें बिना किसी वैध परमिट या पास के अवैध रूप से खनन किया गया निर्माण सामग्री लादी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को तुरंत अपने कब्जे में ले लिया।

थाना प्रभारी झंडूता, राजेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। हमें सूचना मिली थी कि कुछ लोग रात-सुबह के समय अवैध खनन कर सामग्री का परिवहन कर रहे हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए हमारी टीम ने सेर क्षेत्र में दोनों ट्रैक्टरों को घेराबंदी कर पकड़ा। जांच पूरी होने के बाद दोनों ट्रैक्टरों को पुलिस थाना झंडूता लाया गया, जहां इन्हें खनन अधिनियम की उचित धाराओं के तहत सीज कर दिया गया। दोनों मामलों में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और जब्त किए गए वाहनों के संबंध में आगामी न्यायिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए अधीनस्थों को अवैध खनन के खिलाफ और अधिक सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि इससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान और सरकारी राजस्व की हानि को देखते हुए कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं अवैध खनन की गतिविधियां दिखें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय पर सख्त कदम उठाए जा सकें। इस कार्रवाई से झंडूता क्षेत्र में अवैध खनन करने वाले तस्करों एवं माफियाओं में भारी हड़कंप मच गया है।

# ग्लोरी पब्लिक स्कूल में 'फन विद वॉटर' में बच्चों ने लिया मजा



पानी में अठखेलियां करते नौनिहाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। तपती गर्मी के बीच ग्लोरी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में 'फन विद वॉटर' गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। स्प्रिंकलर, छोटे पूल, पानी की बंदूकें और गुब्बारों के साथ बच्चों ने खूब मस्ती की।

पानी की बूंदों के बीच बच्चों की किलकारियों से पूरा स्कूल परिसर गूंज उठा। इस दौरान प्रधानाचार्या अशोक लता वर्मा ने बच्चों के साथ समय बिताकर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को गर्मी से राहत देने के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करती हैं। सभी शिक्षिकाएं भी बच्चों के साथ मौजूद रहीं और उनकी सुरक्षा व भागीदारी का ध्यान रखा गया। अंत में बच्चों को सूखे कपड़े पहनाकर उन्हें तरोताजा किया गया। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

# मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को लेकर सलूणी स्कूल में भूख हड़ताल शुरू

## एसएमसी और समाजसेवी आमरण अनशन पर बैठे, बोले- नियुक्ति तक जारी रहेगा संघर्ष

अनंत ज्ञान




आमरण अनशन पर बैठे एसएमसी व समाजसेवी। अनंत ज्ञान

**सुनील पहाड़ी, सलूणी ( चंबा )।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलूणी में लंबे समय से मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर दिया गया 10 दिन का अल्टीमेटम समाप्त होने के बाद वीरवार से स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) और स्थानीय समाजसेवियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक स्कूल में मेडिकल स्टाफ की स्थायी नियुक्ति नहीं होती, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहीं समाजसेविका अंजू धीमान और एसएमसी अध्यक्ष देस राज ठाकुर ने कहा कि सरकार और संबंधित विभाग को समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त समय दिया गया था, लेकिन निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि मेडिकल स्टाफ की अनुपस्थिति का सीधा असर विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और शैक्षणिक माहौल पर पड़ रहा है। भूख हड़ताल में एसएमसी सदस्य दिनेश कुमार राणा, मनोज ठाकुर, मुकेश कुमार, रीतू सूर्यवंशी और अरविंद कुमार भी शामिल हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि बच्चों के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर अब और समझौता नहीं किया जाएगा और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से सवाल किया कि जब मामला विद्यार्थियों के भविष्य और स्वास्थ्य सुरक्षा का है, तो अब तक आवश्यक कदम क्यों नहीं उठाए गए। उनका कहना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ स्कूलों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अनशन शुरू होने के बाद पूरे सलूणी क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का मानना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह आंदोलन व्यापक जनसमर्थन के साथ बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है। अब सभी की निगाहें सरकार और संबंधित विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# एमए राजनीति शास्त्र की सीटें बढ़ाने की मांग तेज, एनएसयूआई ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



एनएसयूआई इकाई चंबा ने आर्यन भारद्वाज की अध्यक्षता में सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को लेकर वीरवार को एनएसयूआई इकाई चंबा ने आर्यन भारद्वाज की अध्यक्षता में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के प्राचार्य को एमए राजनीति शास्त्र विषय में सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेताया कि वर्तमान सीटें सीमित होने के कारण बड़ी संख्या में पात्र छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित हो सकते हैं, जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एमए राजनीति शास्त्र में सीटों में तत्काल वृद्धि की जाए, ताकि किसी भी छात्र को केवल सीटों की कमी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न रहना पड़े।

इस दौरान प्राचार्य ने छात्रों की मांग को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस विषय को उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा तथा सकारात्मक समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

पूर्व अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने कहा कि छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर एनएसयूआई हमेशा मुखर रही है और भविष्य में भी विद्यार्थियों के अधिकारों, बेहतर शैक्षणिक अवसरों और सुविधाओं के लिए संगठन पूरी मजबूती से संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले किसी भी छात्र का भविष्य सीटों की कमी के कारण प्रभावित नहीं होना चाहिए।

# चुराह हत्याकांड: तीनों आरोपी 1 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

◆ नाबालिग को बाल सुधार गृह ऊना भेजा गया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चुराह उपमंडल के कल्हेल में हुए बहुचर्चित हत्याकांड की जांच के बीच पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने मामले के तीनों आरोपियों को 1 जुलाई 2026 तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए हैं। इसके बाद उन्हें जिला कारागार चंबा भेज दिया गया। डीएसपी सलूणी ने बताया कि मामले में शामिल एक नाबालिग बाल किशोर को भी प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, चंबा के समक्ष पेश किया गया। बोर्ड ने नाबालिग को 30 जून 2026 तक बाल सुधार गृह, ऊना भेजने के निर्देश जारी किए हैं। बहुचर्चित हत्याकांड को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई नियमानुसार जारी है। जांच एजेंसियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है ताकि निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस घटना ने क्षेत्र में व्यापक चर्चा और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है, जबकि स्थानीय लोग मामले में शीघ्र और न्यायसंगत कार्रवाई की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## जिलेभर में 26 जून को मनाया जाएगा एंटी चिट्टा दिवस

# जागरुकता गतिविधियों से चिट्टा मुक्त समाज का दिया जाएगा संदेश: अमित

अनंत ज्ञान




एडीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

**चंबा।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आगामी 26 जून को जिलेभर में 'एंटी चिट्टा दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला, उपमंडल तथा पंचायत स्तर पर नशामुक्त एवं चिट्टा मुक्त समाज के निर्माण के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा ने एंटी चिट्टा अभियान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए समाज की भागीदारी आवश्यक है। 26 जून को सभी विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में तथा सरकारी कार्यालयों में सुबह 11 बजे एंटी चिट्टा शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर भी जागरुकता सभाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि, युवा मंडल और महिला मंडल सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि नशे के खिलाफ मजबूत जनजागरूकता पैदा हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा उपमंडलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# राहुल के जन्मदिन पर होगा पौधरोपण लगेंगे रक्तादन शिविर: सुरजीत भरमौरी

◆ जिले के सभी ब्लॉकों में होंगे कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 19 जून को मनाए जाने वाले जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी चंबा जिले में सेवा और जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक स्तर पर पौधरोपण, रक्तदान शिविर, अनाथ आश्रमों एवं अस्पतालों में फल वितरण जैसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम चंबा में पौधरोपण अभियान के साथ सरोल स्थित कुष्ठ रोगी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर मनाया जाएगा। इसके अलावा राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' तथा किसानों, मजदूरों, आदिवासियों, दलितों, युवाओं, छात्रों और महिलाओं के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष पर परिचर्चा एवं विचार-विमर्श भी आयोजित किए जाएंगे।

एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों से अपील की है कि कार्यक्रमों का आयोजन पूरी भव्यता और सक्रिय जनभागीदारी के साथ किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट, फोटो एवं वीडियो सहित जिला कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजी जाए, ताकि उसे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय और एआईसीसी वार रूम तक प्रेषित किया जा सके। कांग्रेस का कहना है कि इन आयोजनों का उद्देश्य केवल जन्मदिन मनाना नहीं, बल्कि सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनहित के मुद्दों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत करना भी है।

# भड़ुआ मंदिर में भव्य शिव मूर्ति बनकर तैयार

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** भगवान शिव को समर्पित त्रिलोचन महादेव मंदिर जिसका इतिहास स्वयं भगवान शिव से जुड़ा हुआ है हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां पहुंच कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गत वर्ष रावी नदी का जलस्तर बढ़ने से भगवान शिव की मूर्ति खंडित हो चुकी थी, जिससे भोले बाबा के भक्तों में बेहद निराशा थी लंबे समय बाद ही सही लेकिन रावी नदी के किनारे एक भव्य शिव मूर्ति का निर्माण होने से शिव भक्तों में खुशी देखने को मिल रही है।

पवित्र मणिमहेश यात्रा जो भाद्रपद महीने में आयोजित होती है आधिकारिक मणिमहेश यात्रा जो जन्माष्टमी से लेकर राधा अष्टमी तक चलती है जम्मू कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों से आने वाले हजारों श्रद्धालु त्रिलोचन महादेव मंदिर में हाजिरी लगाने के बाद ही आगे बढ़ते हैं। वहीं-राधा अष्टमी पर होने वाले पवित्र स्थान जिसे बडा नहोण भी कहा जाता है वाले दिन यहां एक भव्य जागरण का आयोजन किया जाता है।

# नेक्सस एलांते में 'एंड ऑफ सैडनेस सेल' शुरू, 50 प्रतिशत तक छूट

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** इस सीजन में नेक्सस एलांते अपनी 'एंड ऑफ सैडनेस सेल' के साथ रोजमर्रा की छोटी-छोटी खुशियों का जश्न मना रहा है और चंडीगढ़वासियों को इसका हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित कर रहा है। यह सिर्फ एक सेल नहीं है, बल्कि इस सोच पर आधारित एक खास अभियान है कि लोग मॉल में केवल खरीदारी करने नहीं आते। वे यहां अपनी खुशियां मनाने, दोस्तों से मिलने, परिवार के साथ समय बिताने, नई यादें बनाने, नए अनुभव हासिल करने और कई बार खुद को बेहतर महसूस करने के लिए भी आते हैं।




हम सभी ने कभी न कभी ऐसे दिन देखे हैं-ऑफिस में खराब दिन, कोई योजना रद्द हो जाना, निराशाजनक परिणाम, कोई मौका हाथ से निकल जाना या फिर ऐसा दिन जब कुछ भी आपके मुताबिक न हो, लेकिन जहां जिंदगी हमें उदास होने के कई कारण देती है, वहीं नेक्सस एलांते आपको फिर से खुश होने के भी कई मौके देता है। चाहे दोस्तों के साथ स्वादिष्ट भोजन हो, फिल्म देखना हो, परिवार के साथ समय बिताना हो, कुछ नया खोजने का अनुभव हो या फिर अपनी पसंद की कोई चीज खरीदकर खुद को खुश करना हो।

फैशन, ब्यूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड, एंटरटेनमेंट और लाइफस्टाइल ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफर्स के साथ 'एंड ऑफ सैडनेस सेल' लोगों को जिंदगी की छोटी-छोटी निराशाओं को पीछे छोड़कर उन अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है, जो उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं। 18 जून से ग्राहक 50 प्रतिशत तक की छूट और शानदार ऑफर्स का लाभ उठा रहे हैं। यह ऑफर्स लाइफस्टाइल, शॉपर्स स्टॉप, मार्क्स एंड स्पेंसर, द कलेक्टिव, ब्रूक्स ब्रदर्स, बाथ एंड बॉडी वर्क्स सहित कई प्रमुख ब्रांड्स पर उपलब्ध हैं।

नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स की सोच 'असली हैप्पीनेस' पर आधारित है और 'एंड ऑफ सैडनेस सेल' ग्राहकों को साल के सबसे बड़े रिटेल सीजन में मॉल आने का एक और खास कारण देती है। क्योंकि कई बार खुशी पाने के लिए पूरी जिंदगी बदलने की जरूरत नहीं होती, सिर्फ एक दिन को बेहतर बनाना ही काफी होता है।

# वेदांता आयरन एंड स्टील ने इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर चंडीगढ़।** वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड ने बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर अपने इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग का ऐलान किया है। यह स्वतंत्र और संसाधनों से युक्त आयरन ओर एवं स्टील कंपनी के रूप में इसके एक नए अध्याय की शुरुआत की है।



इस लिस्टिंग से निवेशकों को भारत के तेजी से उभरते इंटीग्रेटेड आयरन ओर एवं स्टील प्लेटफॉर्म में से एक से सीधे जुड़ने का मौका मिलेगा। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जबकि देश का स्टील सेक्टर एक अप्रत्याशित विस्तार के चरण में कदम रख रहा है।

वीआएसएल के सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक पंकज कुमार शर्मा ने कहा, वीआईएसएल की लिस्टिंग कंपनी के लिए विकास के एक नए चरण की शुरुआत है। हम भारत में सबसे ज्यादा इंटीग्रेटेड रिसोर्स से भरपूर आयरन ओर एवं स्टील ग्रोथ प्लेटफॉर्म में से एक की स्थापना कर रहे हैं।

# अकाल तख्त विवाद पर बलबीर सिंह सिद्धू बोले-मुख्यमंत्री मान मांगें माफी

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था श्री अकाल तख्त साहिब और इसके सम्मानित जत्थेदार साहिबानों के खिलाफ अपनाई गई टकराव की नीति की कड़े शब्दों में निंदा की।



सिद्धू ने जारी एक प्रेस बयान में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान को अपनी गंभीर गलती का एहसास करते हुए तुरंत श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश होना चाहिए, न कि खालसा पंथ की सर्वोच्च संस्था और उसके जत्थेदार पर राजनीतिक हमले करके सिखों की भावनाओं को ठेस पहुंचानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं की तस्वीरों के कथित अपमान से जुड़ी एक वायरल वीडियो के मामले में जब श्री अकाल तख्त साहिब ने उन्हें तलब किया था, तब स्वयं भगवंत मान ने जत्थेदार साहिब से वीडियो की फोरेंसिक जांच करवाने की मांग की थी। लेकिन अब, जब सरकारी प्रयोगशालाओं की रिपोर्टों ने वीडियो के वास्तविक होने की पुष्टि कर दी है, तो मुख्यमंत्री अपने ही बयानों से मुकर रहे हैं। पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि अब भगवंत मान वीडियो को फर्जी नहीं बता रहे, बल्कि यह दावा कर रहे हैं कि वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति वे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह श्री अकाल तख्त साहिब, सिख पंथ और पंजाब की जनता को गुमराह करने का प्रयास है। ऐसे विरोधाभासी बयान मुख्यमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं और पंजाब की जनता इसका उचित जवाब देगी।

सिद्धू ने भगवंत मान पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी एक सच्चे और मर्यादा का पालन करने वाले सिख की तरह व्यवहार नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी कई बार वे शराब के नशे में गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में जाकर सिख मर्यादा का उल्लंघन कर चुके हैं। ऐसा व्यक्ति आज अपने कथित कृत्यों पर पर्दा डालने के लिए सिख पंथ की महान संस्थाओं को निशाना बना रहा है। कांग्रेसी नेता ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता राजनीति से कहीं ऊपर है और कोई भी मुख्यमंत्री इससे बड़ा नहीं हो सकता।

# पलवल: सड़क हादसों में दो की मौत, आठ घायल

**अनंत ज्ञान, पलवल )।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। हादसे केएमपी एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुए। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने वीरवार को जानकारी देते हुए बताया कि केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में राजस्थान के सीकर निवासी बस चालक बलराम की मौत हो गई। मृतक के भाई चंद्रशेखर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बलराम बस लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर बिना इंडिकेटर लगाए खड़े ट्रॉले से बस की टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बलराम को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

एक अन्य हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर फुलवाड़ी मोड़ के निकट हुआ। यहां किसी अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। दुर्घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मितरोल गांव के पास फ्लाईओवर पर एक पिकअप वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे के समय दिल्ली निवासी धीरज सिंह अपने परिवार के साथ वृंदावन जा रहे थे। दुर्घटना में धीरज सिंह, उनकी पत्नी भूरी देवी तथा उनके तीन बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की क्यूएस रैंकिंग में 526वीं वैश्विक रैंक की हासिल

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में 526वीं ग्लोबल रैंक हासिल कर शिक्षा जगत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह उपलब्धि यूनिवर्सिटी के लगातार सुधार और अकादमिक गुणवत्ता में वृद्धि को दर्शाती है। वर्ष 2023 में 800वीं रैंक पर रही यह यूनिवर्सिटी अब 274 स्थानों की छलांग लगाकर 526वें स्थान पर पहुंच गई है।

ताजा रैंकिंग के अनुसार चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भारत में 13वां स्थान हासिल किया है और यह देश की टॉप 1 प्रतिशत तथा दुनिया की टॉप 2 प्रतिशत यूनिवर्सिटीज में शामिल हो गई है। यह उपलब्धि इसे भारत और वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा के प्रमुख संस्थानों में स्थापित करती है।

'एकेडमिक रेप्युटेशन' के मामले में यूनिवर्सिटी ने भारत की प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं वैश्विक स्तर पर यह इंडिकेटर 561वीं रैंक से सुधार कर 491वीं रैंक पर पहुंच गया है। 'एम्प्लॉयर रेप्युटेशन' में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को भारत की प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में दूसरा स्थान और वैश्विक स्तर पर 147वीं रैंक प्राप्त हुई है, जो उद्योग जगत में इसकी मजबूत स्वीकार्यता को दर्शाता है। 'इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क' के क्षेत्र में भी यूनिवर्सिटी ने उल्लेखनीय सुधार किया है और 603वीं रैंक से बढ़कर 363वीं रैंक पर पहुंच गई है। इस प्रदर्शन के साथ यह टॉप 1 प्रतिशत वैश्विक यूनिवर्सिटीज में शामिल हो गई है।

इंटरनेशनल फैकल्टी और इंटरनेशनल स्टूडेंट रेश्यो में भी यूनिवर्सिटी ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे इसकी वैश्विक विविधता और अकादमिक आकर्षण मजबूत हुआ है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस उपलब्धि को फैकल्टी, छात्रों और शोधकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया है। साथ ही कहा गया कि यह रैंकिंग नवाचार, शोध और वैश्विक सहयोग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कुल मिलाकर यह रैंकिंग चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और उच्च शिक्षा में उसकी मजबूत पहचान को और सुदृढ़ करती है।

# गुरुग्राम: साइबर ठगी में बैंक खाता बेचने वाला आरोपी जोधपुर से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर टास्क और इन्वेस्टमेंट के नाम पर महिला से 68,800 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि आरोपी को राजस्थान के जोधपुर से पकड़ा गया।पुलिस के अनुसार 25 फरवरी 2026 को एक महिला ने थाना साइबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम में शिकायत दी थी कि उसे टेलीग्राम पर एक ग्रुप में जोड़ा गया और टास्क व इन्वेस्टमेंट के नाम पर उससे लगभग 68,800 रुपये ठग लिए गए। शिकायत पर थाना साइबर अपराध दक्षिण में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना साइबर अपराध दक्षिण की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 18 जून 2026 को शेरगढ़, जोधपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राम निवासी जोशल मेघवालों की ढाणी सुवालिया शेरगढ़ जिला जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस जांच और पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राम राजस्थान में वेटर का काम करता है। एक शादी समारोह के दौरान उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसे उसने 10 हजार रुपए में अपना बैंक खाता बेच दिया था।

# जींद : सड़क पर चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचा चालक

अनंत ज्ञान



**जींद।** गांव बुढाखेड़ा के निकट गुरूवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कार में शार्ट सर्किट से आग लग गई। हालांकि चालक कार से बच निकलने में कामयाब हो गया। कार में आग लगने के बाद आसपास रास्ते को कुछ समय के लिए बंद करवा दिया गया, ताकि पास से गुजरने पर अन्य कोई वाहन चपेट में न आ सके।

आग की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। गांव रत्ताखेड़ा निवासी योगेश गुरूवार को अपनी कार में सवार होकर जींद की तरफ आ रहा था। गांव बुढाखेड़ा बस अड्डे पर पहुंचने पर कार क्लच ने अचानक से काम करना बंद कर दिया। जब योगश जांचने के लिए कार से नीचे उतरा तो अचानक इंजन में आग भड़क उठी।

आसपास के लोगों की सहायता से आग पर काबू पाने की कोशिश भी की गई, लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका। कार में लगी आग की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार जल चुकी थी। योगेश ने बताया कि गाड़ी डीजल की थी और क्लच में दिक्कत आने के चलते वह कार से नीचे ही उतरा था कि कार आग में तबदील हो गई। सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि वह मुश्किल से संभला।

# राज्यपाल ने रेडक्रॉस की नौ एंबुलेंसों को दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष ने वीरवार को हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के माध्मय से संचालित होने वाली नौ एंबुलेंस को चंडीगढ़ से झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एंबुलेंस हरियाणा के विभिन्न जिलों में तैनात की जाएगी। इन एंबुलेंसों का उपयोग राज्य के सभी जिलों में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क किया जायेगा।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने हाल ही में मानवीय सेवाओं के मद्देनजर 09 नई एंबुलेंस हरियाणा राज्य रेडक्रॉस को भेंट करने की घोषणा की गई थी। उसी घोषणा के अनुरूप अब इन नई एंबुलेंसों को हरियाणा लोक भवन से रवाना कर मानवीय सेवाओं हेतु समर्पित किया गया। जिसका अनुमानित लागत मूल्य राशि 1 करोड़ रूपये है।

राज्यपाल ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने में एंबुलेंस की अहम भूमिका होती है और रेडक्रॉस के माध्यम से यह सेवा समाज के लिए बड़ी राहत साबित होगी। हरियाणा के राज्यपाल के रूप में उनका सपना है कि राज्य के प्रत्येक जिले में रेडक्रास सोसायटी के पास कम से कम एक एंबुलेंस हो, ताकि हरियाणा रेडक्रास सोसायटी जरूरतमंद लोगों को सेवाएं और त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में अग्रणी बन सके।

हरियाणा राज्य रेडक्रास सोसायटी के वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने कहा कि नई एंबुलेंस मिलने से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का दायरा और मजबूत होगा तथा समय पर जरूरतमंद लोगों को आपातकालीन सुविधाएं आसानी से मिल सकेगी। इसके साथ ही वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि हरियाणा राज्य के सभी जिला रेडक्रास शाखाओं में एक-एक शव-वाहन की आवश्यकता है। इस अवसर पर हरियाणा लोक भवन के अधिकारी एवं हरियाणा रेडक्रॉस राज्य मुख्यालय के अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट रक्त आधान सेवाओं के लिए मंडी अस्पताल को राष्ट्रीय पुरस्कार

## उपायुक्त ने मंडी अस्पताल की टीम को दी बधाई, कहा- यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय

अनंत ज्ञान



नेशनल लेवल एनजीओ कॉन्क्लेव ऑन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज में मंडी अस्पताल के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए।

**ब्यूरो, मंडी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 16 जून को अहमदाबाद में आयोजित नेशनल लेवल एनजीओ कॉन्क्लेव ऑन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोनल अस्पताल मंडी के ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन सेंटर को रक्त आधान सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। देशभर के राज्यों से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्लड सेंटरों का चयन किया गया, जिसमें मंडी ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए यह सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जोनल अस्पताल मंडी को 'आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस इन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज' के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत रक्त आधान सेवाओं के महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र में सुरक्षित रक्त प्रथाओं को बढ़ावा देने तथा रक्त आधान सेवाओं को सुदृढ़ करने में मंडी के योगदान की सराहना की गई है। यह उपलब्धि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी के नेतृत्व में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सा प्रभारियों, जोनल अस्पताल मंडी के ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन सेंटर की टीम, स्वैच्छिक रक्तदाताओं तथा रक्तदाता संगठनों के निरंतर सहयोग और समर्पण का परिणाम है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस उपलब्धि पर जोनल अस्पताल मंडी और ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन सेंटर की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक संस्थान का नहीं, बल्कि पूरे मंडी जिले के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक संगठनों और रक्तदाताओं ने मिलकर सराहनीय कार्य किया है। इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है कि मंडी आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिला प्रशासन भविष्य में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रक्त आधान सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय ने बताया कि यह सम्मान जिले के सभी रक्तदाताओं, रक्तदाता संगठनों तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग से ही मंडी राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर सका है।

# राजधानी शिमला के आसपास फैली गंदगी देख भावुक हुई विदेशी महिला

## वीडियो संदेश में हाथ जोड़कर बोलीं- देवभूमि की पवित्रता को बचाइए

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की अनुपम प्राकृतिक सुंदरता और देव संस्कृति को देखने देश-विदेश से आने वाले पर्यटक जहां यहां की वादियों के मुरीद हो जाते हैं, वहीं राजधानी शिमला के आसपास फैली गंदगी ने एक विदेशी महिला पर्यटक को गहरी मायूसी में डाल दिया। जंगलों, मंदिरों और पर्यटन स्थलों के आसपास बिखरे कूड़े-कचरे को देखकर महिला ने एक भावुक वीडियो संदेश जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

महिला की अपील ने स्थानीय समाज और प्रशासन के सामने भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के करीब डेढ़ मिनट के इस वीडियो में विदेशी महिला कहती है कि लोग हिमाचल प्रदेश को 'देवभूमि' कहते हैं, लेकिन उसे यहां हजारों शराब और बीयर की खाली बोतलें, प्लास्टिक और अन्य कचरा दिखाई दे रहा है। महिला ने बेहद दर्द भरे लहजे में कहा कि वह भारत, यहां की संस्कृति और देव परंपराओं का सम्मान करती है, लेकिन यह देखकर हैरान है कि इतनी पवित्र और खूबसूरत धरती के साथ ऐसा सलूक क्यों किया जा रहा है। उसके शब्दों में एक शिकायत भी थी और एक सच्चे शुभचिंतक की फिक्र भी।

महिला ने लोगों से सवाल किया कि जब वे अपनी गाड़ियों में सफर कर सकते हैं तो कूड़ा कुछ समय के लिए अपने साथ क्यों नहीं रख सकते। उसने कहा कि जहां भी कूड़ेदान या उचित स्थान मिले, वहां कचरा डाला जा सकता है। उसने हाथ जोड़कर गुजारिश की कि देवभूमि की पहचान उसकी स्वच्छता, संस्कृति और प्रकृति से है, इसलिए इसे कूड़े के ढेर में तब्दील होने से बचाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। महिला का यह संदेश सीधा, सादा और दिल को छू लेने वाला है, जिसने हजारों लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

दरअसल, इन दिनों हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर देशभर से भारी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। अकेले शिमला जिले में प्रतिदिन हजारों पर्यटक वाहन प्रवेश कर रहे हैं। कुफरी, नारकंडा, मनाली, अटल टनल, रोहतांग, किन्नौर, डलहौजी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जैसे पर्यटन केंद्रों पर भी भीड़ लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बढ़ते पर्यटक दबाव के साथ कचरा प्रबंधन की चुनौती भी गंभीर होती जा रही है।

# कांग्रेस ने प्रदेशभर में उपाध्यक्षों महासचिवों को सौंपे नए दायित्व

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सक्रिय तथा प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में उपाध्यक्षों एवं महासचिवों को जिलावार जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनोद ज़िंटा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न दायित्व प्रदान किए गए हैं।

कांग्रेस संगठन में किए गए इस व्यापक फेरबदल के तहत चंबा जिले का दायित्व कांग्रेस उपाध्यक्ष कर्ण पठानिया को सौंपा गया है, जबकि मनमोहन कटोच और बलविंदर बबलू को अलग-अलग जोन की जिम्मेदारी दी गई है। कांगड़ा जिले में उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा के नेतृत्व में विवेक कुमार, अमित भरमौरी और यशवंत खन्ना को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार दिया गया है। वहीं हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, सिरमौर, कुल्लू और अन्य जिलों के लिए भी वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। शिमला जिले में संगठन को दो जोन में विभाजित कर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। महासचिव सत्यजीत नेगी को शिमला जोन के तहत शिमला शहरी, शिमला ग्रामीण और कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्रों का दायित्व दिया गया है, जबकि महासू जोन के अंतर्गत चौपाल, रामपुर, ठियोग, जुब्बल-कोटखाई और रोहड़ू विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी महासचिव रमेश ठाकुर को सौंपी गई है। इसी प्रकार सोलन जिले में भी दून और सोलन जोन बनाकर अलग-अलग प्रभार निर्धारित किए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन के विभिन्न अग्रणी प्रकोष्ठों और विभागों के लिए भी जिम्मेदारियां तय की हैं। प्रशिक्षण विभाग का दायित्व सुरेंद्र मनकोटिया, मीडिया विभाग का हरी कृष्ण हिमराल, अनुसूचित जाति विभाग का यशपाल तनाईक, किसान कांग्रेस का महेंद्र स्तान, युवा कांग्रेस का उपेंद्र कांत मिश्रा, एनएसयूआई का यदोपति ठाकुर, कांग्रेस सेवा दल का ज्योति खन्ना तथा महिला कांग्रेस का दायित्व सोनिया चौहान को सौंपा गया है।

# हिमाचल में एक सप्ताह में दो निर्मम हत्याओं ने बढ़ाई चिंता

## जनवादी महिला समिति ने सरकार की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य कमेटी ने प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। समिति ने कहा कि राजधानी शिमला में एक सप्ताह के भीतर दो महिलाओं की हत्या की घटनाओं ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। एक मामले में महिला की गोली मारकर हत्या की गई, जबकि रोहड़ू में एक अन्य महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। समिति ने कहा कि कांगड़ा की बिमला, सरकाघाट की सिया, मनाली की कल्पना और सैंज की युवती से जुड़े मामलों के घाव अभी भरे भी नहीं थे कि नई घटनाओं ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। राज्य अध्यक्ष रंजना जरेट और राज्य सचिव फालमा चौहान ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्ष 2026 में अब तक महिलाओं के खिलाफ 478 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें 49 मामले पोक्सो अधिनियम के तहत नाबालिगों के साथ दुष्कर्म से जुड़े हैं। इसके अलावा 117 छेड़छाड़ और लगभग 110 अपहरण के मामले सामने आए हैं। समिति का आरोप है कि घरेलू हिंसा और महिलाओं के साथ क्रूरता के अनेक मामलों को पुलिस और पंचायत स्तर पर दबा दिया जाता है, जिसके कारण वास्तविक आंकड़े कहीं अधिक हो सकते हैं।

महिला समिति ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार के सभी दावे धरातल पर विफल साबित हो रहे हैं। समिति ने मांग की कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को त्वरित और कड़ी सजा दी जाए तथा प्रदेशभर में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाए जाएं। समिति ने चेतावनी दी कि यदि महिलाओं पर बढ़ते हमलों को रोकने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो जनसंगठनों को व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

### वृद्ध महिला की हत्या मामले में शिक्षा मंत्री रोहित ने दिया दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू उपमंडल की ग्राम पंचायत करछारी के शलाया दोगरी में 77 वर्षीय गीता जनारथा की हत्या की दुखद घटना पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक वृद्ध महिला की इस प्रकार निर्मम हत्या न केवल अत्यंत पीड़ादायक है, बल्कि समाज की संवेदनाओं को भी झकझोर देने वाली घटना है। शिक्षा मंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा प्रदेश पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति मिले, यही उनकी प्रार्थना है। शिक्षा मंत्री ने विश्वास दिलाया कि पुलिस प्रशासन मामले के हर पहलू की गंभीरता से पड़ताल कर रहा है तथा घटना में शामिल दोषियों की पहचान कर उन्हें जल्द कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ के खिलाफ छेड़ेंगे प्रदेशव्यापी अभियान : विनय कुमार

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के भविष्य



के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान शुरू करेगी। उन्होंने बताया कि नीट पेपर लीक मामले सहित सीबीएसई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आ रही अनियमितताओं तथा धांधलियों के विरोध में कांग्रेस प्रदेश के सभी जिलों में लोगों को जागरूक करेगी। इसके लिए जिला कांग्रेस अध्यक्षों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। विनय कुमार ने कहा कि छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों को एक सप्ताह के भीतर जिला स्तरीय प्रेस वार्ताएं और सार्वजनिक प्रस्तुतिकरण आयोजित करने को कहा गया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त खामियों और युवाओं के भविष्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को जनता के सामने रखा जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कोटा में आयोजित छात्रों की 'गूंज रैली' के दौरान प्रस्तुत किए गए तथ्यों तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक, परीक्षाओं का रद्द होना, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा प्रणाली की विफलताएं युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं। कांग्रेस इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी।

# चेस्टर हिल्स विवाद : पूर्व उपमहापौर टिकेंद्र पंवार ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

## धारा 118 के उल्लंघन पर उठाए सवाल, न्यायिक निगरानी में जांच की मांग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला के पूर्व उपमहापौर टिकेंद्र सिंह पंवार ने सोलन जिले की बहुचर्चित चेस्टर हिल्स आवासीय परियोजनाओं को लेकर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का रुख किया है। जनहित याचिका के माध्यम से उन्होंने परियोजनाओं की न्यायिक निगरानी में स्वतंत्र जांच कराने की मांग उठाई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि परियोजनाओं को दी गई मंजूरियों, भूमि स्वामित्व और वित्तीय संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

याचिका में कहा गया है कि चेस्टर हिल्स-2 और चेस्टर हिल्स-4 परियोजनाओं के विकास और विपणन का वास्तविक नियंत्रण निजी रियल एस्टेट कंपनियों से जुड़े गैर-कृषक प्रमोटरों के हाथों में था, जबकि भूमि का औपचारिक स्वामित्व स्थानीय कृषकों के नाम पर दर्शाया गया। याचिकाकर्ता ने करीब 275 बीघा भूमि के अधिग्रहण और उसके उपयोग को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं तथा पूरे मामले की गहन पड़ताल की मांग की है। पंवार का आरोप है कि हिमाचल प्रदेश किरायेदारी एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118 के तहत आवश्यक अनुमतियों और प्रक्रियाओं का समुचित पालन नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा है कि इस मामले में पूर्व मुख्य सचिव सहित कुछ वरिष्ठ नौकरशाहों की भूमिका की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए, ताकि जनता के बीच पारदर्शिता और विश्वास कायम रह सके। याचिका के अनुसार, राजस्व अधिकारियों द्वारा तैयार रिपोर्टों के आधार पर शुरू की गई वैधानिक कार्रवाई को बाद में प्रशासनिक आदेशों के जरिए सीमित कर दिया गया। आरोप यह भी है कि धारा 118 के अंतर्गत उपलब्ध वैधानिक जांच तंत्र और अपीलीय प्रक्रिया को प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया, जिससे पूरे मामले पर सवाल खड़े हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने हाल ही में एक पूर्व आदेश वापस लेते हुए सोलन के उपायुक्त को धारा 118 के संभावित उल्लंघनों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले के बाद राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी परियोजनाओं को दी गई मंजूरियों और प्रक्रियाओं की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है।

# फीस वृद्धि और शिक्षा नीति के खिलाफ एबीवीपी ने भरी हुंकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में वीरवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने छात्र हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं ने फीस वृद्धि, परिवहन सुविधाओं की कमी, महंगे एवं निम्नस्तरीय भोजन, प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा शिक्षण संस्थानों को बंद करने की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रदेश सरकार से छात्र समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इकाई उपाध्यक्ष अंकुश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में हजारों विद्यार्थियों के लिए केवल तीन बसें संचालित की जा रही हैं, जिससे छात्रों को प्रतिदिन भारी भीड़ और असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि छात्र सम्मानजनक और सुरक्षित परिवहन सुविधा के हकदार हैं। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता और अधिक दरों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भारी शुल्क वसूलने के बावजूद छात्रों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इकाई सह सचिव अभिषेक शर्मा ने फीस वृद्धि को छात्र विरोधी करार देते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती फीस आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रही घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रही हैं।

# रोहड़ू नगर परिषद की कमान प्यारे लाल और जितेंद्र चौहान के हाथ



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए हुए निर्वाचन में सर्वसम्मति से नेतृत्व चुने जाने के साथ ही नगर के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। उपमंडलाधिकारी कार्यालय रोहड़ू के चांशल सम्मेलन कक्ष में आयोजित विशेष बैठक में नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए प्यारे लाल आजाद तथा उपाध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र चौहान का निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रोहड़ू धर्मेश रामौत्रा ने की, जबकि रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसने नगर परिषद के भीतर आपसी समन्वय और विकासोन्मुख सोच को भी स्पष्ट किया।

नवनिर्वाचित परिषद के आठ सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न इस बैठक में वार्ड प्रतिनिधियों ने नगर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। परिषद के सदस्यों में पारुल, सुजय अग्रवाल, रणजीता, राज कुमार, प्रीति चौहान, जितेंद्र चौहान, प्यारे लाल आजाद और शालू दत्ता शामिल रहे। निर्वाचन के उपरांत उपमंडलाधिकारी धर्मेश रामौत्रा ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगी भाजपाः सुरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी जिला शिमला की मासिक बैठक वीरवार को दीपकमल, चक्कर में आयोजित की गई, जिसमें भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन तथा पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सुरेश चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सुरेश चंदेल ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं तथा इन वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने, मुफ्त राशन, पक्के मकान और जनधन खातों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे कार्यों ने देश की तस्वीर बदलने का काम किया है। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पंचायत स्तर पर मनाया जाएगा, जबकि 25 जून को आपातकाल की बरसी को लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प दिवस के रूप में काला दिवस मनाया जाएगा। इसके अलावा 28 जून को बूथ स्तर पर कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण करेंगे।

**सम्मान** धर्मपुर में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान एवं परिचय समारोह का आयोजन

# विधायक चंद्रशेखर ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि किए सम्मानित

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** विकास खंड धर्मपुर में बुधवार को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान एवं परिचय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य तथा जिला परिषद सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। खंड विकास अधिकारी धर्मपुर ने मुख्य अतिथि का शॉल एवं हिमाचली टोपी भेंट कर स्वागत किया। विधायक चंद्रशेखर ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को शॉल एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका परिचय प्राप्त किया। अपने संबोधन में विधायक चंद्रशेखर ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव हैं और ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि को अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप दूरदृष्टि एवं स्पष्ट कार्ययोजना के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 15 जून को पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा जिला मुख्यालय में सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई है तथा आगामी 26 एवं 27 जून को वार्ड सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद पंचायतों का कार्य पूर्ण रूप से प्रारंभ हो जाएगा।विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी बल दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि गोशालाओं के निर्माण तथा पशुधन हानि पर दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि कर ग्रामीणों एवं पशुपालकों को राहत प्रदान की गई है।

इस अवसर पर विधायक ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को वन अधिकार समिति (एफआरसी) एवं वन अधिकार अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, ताकि जनप्रतिनिधि इनके प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई गति दे सकें।

# कोटखाई पंचायत समिति पर कांग्रेस का कब्जा

## विजय राजटा को अध्यक्ष और सुनील राजटा को चुना गया उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने पंचायत समिति कोटखाई के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों पदों पर विजय हासिल कर स्थानीय राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। वीरवार को मिनी सचिवालय कोटखाई में एसडीएम अभिषेक बरवाल की देखरेख में संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया में कांग्रेस समर्थित सदस्य विजय राजटा अध्यक्ष तथा सुनील राजटा उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए।

गुम्मा-बखोल वार्ड से निर्वाचित विजय राजटा को पंचायत समिति कोटखाई की पहली अध्यक्षा बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। कृषि विभाग से सेवानिवृत्त विजय राजटा लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी रही हैं। वहीं कलबोग पंचायत से संबंध रखने वाले सुनील राजटा क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी और कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भी नवचयनित नेतृत्व को बधाई दी। इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस जीत को कांग्रेस संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताते हुए कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में कांग्रेस ने पंचायत चुनावों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि तीनों जिला परिषद सीटों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत, पंचायत समिति जुब्बल की सभी 15 सीटों पर कांग्रेस समर्थित सदस्यों का चयन तथा नगर पंचायत जुब्बल में 15 वर्षों बाद मिली बड़ी सफलता इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र की जनता विकास और जनहित की राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत प्रधान और उपप्रधान पदों पर भी कांग्रेस विचारधारा से जुड़े प्रतिनिधि निर्वाचित हुए हैं।

### पंचायतों को मिलेगा पूरा सहयोग : रोहित

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और प्रदेश सरकार पंचायत समितियों के माध्यम से विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई प्रदेश का पहला ऐसा विधानसभा क्षेत्र बन गया है जहां जुब्बल, कोटखाई और रोहड़ू तीनों पंचायत समितियों में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।